

- मोदी को उपहार में मिली 1300 से अधिक वस्तुओं की आज से की जाएगी ई-नीलामी - 10



- अमेरिका से व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से झूमा बाजार - 10



- गाजा पर कब्जे की तैयारी शुरू, इजराइल ने बड़े पैमाने पर शुरू किए जमीनी हमले- 11



- विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब बचाने के लिए उतरेंगे - 12


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.58
सूर्यास्त 06.15

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 11:39 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082
बुधवार, 17 सितंबर 2025, वर्ष 5, अंक 207, पृष्ठ 14
मूल्य 6 रुपये


## देश के प्यारे नरेंद्र हमारे



17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस केवल एक नेता के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह उस नए भारत की यात्रा का भी प्रतीक है, जिसने बीते एक दशक में तकनीक विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयां छुई हैं।

# मोदी @ 75

### शुरुआती जीवन

- **जन्म :** 17 सितंबर 1950 वडनगर (गुजरात) में।
- **परिवार :** साधारण परिवार, पिता चाय बेचते थे।
- **शिक्षा :** वडनगर से स्कूली शिक्षा, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक व गुजरात विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर।
- **संघ से जुड़ाव :** किशोरावस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े, बाद में पूर्णकालिक प्रचारक बने।

### राजनीतिक पारी

**1980**

के दशक में भाजपा से जुड़े। चुनावी रणनीति, सांगठनिक मजबूती व कार्यकर्ताओं से जुड़ने की कला में दक्ष।

**1990**

के दशक में बने भाजपा के प्रमुख नेता।

### गुजरात के मुख्यमंत्री

- अक्टूबर, 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने।
- अवसंरचना, सड़क, बिजली, उद्योग व कृषि सुधार पर विशेष जोर दिया।
- तीव्र औद्योगिक विकास के कारण गुजरात मॉडल को बनाया मिसाल।
- वर्ष 2001 से 2014 तक लगातार चार बार गुजरात के रहे मुख्यमंत्री।

## प्रधानमंत्री पदः 26 मई, 2014 को बने भारत के 14वें प्रधानमंत्री

### 1 कार्यकाल (2014–2019) में उपलब्धियां

- स्वच्छ भारत मिशन (गांव-गांव शौचालय)।
- जन धन योजना (सभी को बैंक खाता)।
- मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया।
- उज्ज्वला योजना (गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन)।
- आयुष्मान भारत (स्वास्थ्य बीमा योजना)।

### 2 कार्यकाल (2019–2024, ऐतिहासिक बहुमत के साथ दूसरी बार बने पीएम) की उपलब्धियां

- जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई।
- नागरिक सुविधाओं व बुनियादी ढांचे पर बड़ा निवेश।
- कोरोना महामारी के समय विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान।

### 3 कार्यकाल की (2024 से अब तक, नेहरू के बाद तीसरी बार पीएम बन रचा इतिहास) उपलब्धियां

- भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य।
- विश्व मंच पर बढ़ाई भारत की साख।
- ग्लोबल अवॉर्ड्स – संयुक्त राष्ट्र, विभिन्न देशों और संगठनों से कई सम्मान।
- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी – सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा (वर्ष2018)।
- जी 20 शिखर सम्मेलन (2023) – भारत की मेजबानी, दुनिया में नई पहचान।




### 2014 मेक इन इंडिया का शंखनाद

- प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने मेक इन इंडिया अभियान शुरू किया। उद्देश्य था भारत को केवल बाज़ार नहीं, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करना। यह वही दौर था जब विदेशी निवेशकों ने भारत की नई संभावनाओं की ओर रुख किया।




### 2015 डिजिटल इंडिया का सपना

- डिजिटल इंडिया प्रोग्राम ने भारत को डिजिटल लोकतंत्र का मॉडल बनाया। गाँव-गाँव इंटरनेट कनेक्टिविटी, ई-गवर्नेंस और नागरिक सेवाओं तक आसान पहुँच ने सामान्य नागरिक को सशक्त किया।




### 2016 नवाचार और वित्तीय क्रांति

- स्टार्ट-अप इंडिया अभियान ने युवाओं के सपनों को पंख दिए। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना। भीम ऐप और यूपीआई ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को ऐसा विस्तार दिया, जिसने भारत को कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया।




### 2017 कर व्यवस्था में सुधार

- गुड्स एंड सर्विस टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) लागू कर भारत ने टैक्स प्रणाली को पूरी तरह आईटी-आधारित और पारदर्शी बना दिया।




### 2018 स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति

- आयुष्मान भारत योजना ने करोड़ों परिवारों को ई-हेल्थ कार्ड और मुफ्त उपचार की गारंटी दी। यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ-टेक पहल साबित हुई।



### 2019 अंतरिक्ष और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर

- चंद्रयान-2 मिशन ने भारत की अंतरिक्ष शक्ति का नया परिचय दिया। जेम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) को करोड़ों नागरिकों तक पहुंचाया।



### 2020: महामारी प्रबंधन का तकनीकी मॉडल

- कोविड संकट के बीच भारत ने कॉविन पोर्टल और आरोग्य सेतु ऐप से दुनिया को दिखाया कि कैसे डिजिटल टेक्नोलॉजी से महामारी प्रबंधन किया जा सकता है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल निर्माण को प्रोत्साहन मिला।




### 2021: स्वास्थ्य और ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

- राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के तहत हर नागरिक को यूनिक हेल्थ आईडी दी गई।
- राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन से भारत ने ग्रीन एनर्जी और क्लीन टेक्नोलॉजी की दिशा में कदम बढ़ाए।


### 2022: 5जी और गगनयान

- भारत ने 5जी सेवाओं की शुरुआत कर नई डिजिटल क्रांति की नींव रखी। साथ ही गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन की तैयारियों ने भारत को अंतरिक्ष शक्तियों की श्रेणी में और मजबूत किया।







### 2023: चंद्रयान-3, आदित्य एल1 और जी20 की चमक

- चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत चाँद के दक्षिणी ध्रुव तक पहुँचने वाला पहला देश बना।
- जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (यूपीआई, आधार, कॉविन) को दुनिया के सामने रखा।
- आदित्य एल1 ने सूर्य अध्ययन के क्षेत्र में भारत की वैज्ञानिक क्षमता को साबित किया।

### 2024: तीसरी बार प्रधानमंत्री और विकसित भारत 2047 का संकल्प

- तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 विज़न पेश किया, जिसमें एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और स्पेस इनोवेशन को भविष्य की धुरी बनाया गया। यह संकल्प भारत को विश्वगुरु और वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।





## 2014 से 2025 तक कितना बदला देश

| स्थिति | वर्ष 2014 | वर्ष 2025 |
|---|---|---|
| गरीबों की संख्या | 27.1 प्रतिशत | 5.3 प्रतिशत ( विश्व बैंक की रिपोर्ट ) |
| मेडिकल कॉलेज | 387 | 780 |
| एमबीबीएस की सीटें | 51,348 | 1.20 लाख |
| खुदरा महंगाई दर | 9.8 प्रतिशत | 2.07 प्रतिशत |
| बिजली उत्पादन | 2,48,554 मेगावाट | 4,70,448 मेगावाट |
| एयरपोर्ट | 74 | 157 |

अमृत विचार विशेष



**10.34** करोड़ कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत अगस्त, 2025 तक जारी किए जा चुके हैं।

**11.87** करोड़ शौचालयों का स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्माण हुआ है।

**56.16** करोड़ से अधिक बैंक खाते प्रधानमंत्री जन-धन योजना में अगस्त, 2025 तक खोले गए हैं।

**25%** सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान लक्ष्य है मेक इन इंडिया के जरिए इस साल के अंत तक।

**1.87** लाख मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं देश में, इनमें 18 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार हैं।

**3.75** ट्रिलियन डॉलर जीडीपी 2025 में है जबकि 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर थी।

# एक रिश्ता ऐसा भी, जहां विश्वास और संकल्प की अद्भुत साझेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस सिर्फ एक राष्ट्रीय नेता के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह उस रिश्ते को भी याद करने का क्षण है जो भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में निर्णायक साबित हुआ। यह रिश्ता है प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। एक ऐसा रिश्ता जिसमें पारस्परिक विश्वास, आदर्शों के प्रति निष्ठा और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का साझा संकल्प झलकता है।

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो, सियासी हलकों में कई तरह की चर्चाएं हुईं। लेकिन मोदी ने जिस आत्मविश्वास के साथ उन्हें राज्य की जिम्मेदारी सौंपी, उसने यह साबित किया कि वह नेतृत्व में साहसिक फैसले लेने से पीछे नहीं हटते। दूसरी ओर, योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री की इस आस्था को कभी टूटने नहीं दिया। यूपी को कानून-व्यवस्था के संकट से निकालकर विकास और निवेश का केंद्र बनाने का उनका प्रयास, मोदी के 'न्यू इंडिया' के सपनों को जमीन पर उतारने जैसा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रधानमंत्री मोदी। फाइल फोटो

## यूपी से मिली नए भारत को पहचान

- प्रधानमंत्री मोदी कई बार कह चुके हैं कि 'नया भारत' तब ही बन सकता है जब उत्तर प्रदेश बदलता है। योगी आदित्यनाथ ने इसे मंत्र मानकर हर कदम पर आगे बढ़ाया। चाहे निवेश समिट हों, एक्सप्रेसवे का जाल हो, डिफेंस कॉरिडोर की परिकल्पना हो या फिर गरीब कल्याण की योजनाएं। हर मोर्चे पर योगी ने मोदी के विजन को विस्तार दिया। मोदी भी हर मंच से यूपी की सराहना करते हुए कहते हैं कि 'योगी जी ने उत्तर प्रदेश को दंगों और अपराधों से निकालकर विकास की पटरी पर ला दिया है।'
- दोनों नेताओं का रिश्ता सिर्फ सत्ता की साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनात्मक गहराई भी है। मोदी योगी को हमेशा एक तपस्वी और ईमानदार जननेता के रूप में देखते हैं, तो योगी मोदी को राष्ट्रनायक मानकर उनके नेतृत्व को अपने कर्म का मार्गदर्शक मानते हैं। यही कारण है कि दोनों के बीच कोई सियासी खटपट या अहंकार की दीवार कभी नजर नहीं आती।
- यह विश्वास का रिश्ता ही है कि यूपी की हर बड़ी योजना को मोदी सरकार का पूरा सहयोग मिलता है, और केंद्र की हर प्राथमिकता को योगी सरकार मिशन मोड में लागू करती है।
- प्रधानमंत्री जब यूपी आते हैं, तो योगी आदित्यनाथ उनके साथ खड़े होकर सिर्फ औपचारिक स्वागत नहीं करते, बल्कि यह संदेश देते हैं कि दोनों का लक्ष्य एक है–भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना। प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिवस इस रिश्ते की गहराई को याद करने का भी दिन है। यह रिश्ता भारतीय राजनीति को यह सिखाता है कि जब नेता व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हैं, तो प्रदेश और देश दोनों नई ऊँचाइयाँ छूते हैं। योगी और मोदी की यह जोड़ी आज करोड़ों भारतीयों के लिए विश्वास और संकल्प का प्रतीक है। एक ऐसी साझेदारी जो भारत को आत्मनिर्भरता, समृद्धि और वैश्विक सम्मान की ओर ले जा रही है।

# नरेंद्र मोदी : नए भारत की धड़कन और निर्णायक नेतृत्व की पहचान

## प्रधानमंत्री में झलकता है 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं और विश्वास

धीरेंद्र सिंह

**अमृत विचार:** 17 सितंबर का दिन सिर्फ एक नेता का जन्मदिन नहीं है। यह उस यात्रा का प्रतीक है, जिसमें एक साधारण परिवार से निकलकर एक व्यक्ति ने न केवल राजनीति की ऊँचाइयाँ छुईं बल्कि भारत की आत्मा को नया आत्मविश्वास दिया। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व एक तरफ़ अनुशासित साधक का है, तो दूसरी तरफ़ दूरदर्शी विज़नरी का, जिसने भारत को 'संकोच से साहस, आयात से आत्मनिर्भरता और क्षेत्रीय से वैश्विक नेतृत्व' की ओर मोड़ दिया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी का जीवन उस सपने की जीवंत कहानी हैं। जिसमें संघर्ष से सफलता तक का हर पड़ाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय रहा है। उनका जन्मदिवस केवल एक नेता का उत्सव नहीं है, बल्कि उस आशा का पर्व है जिसमें 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं और विश्वास झलकते हैं। गुजरात के वडनगर कस्बे में जन्मे नरेंद्र मोदी का बचपन साधारण परिस्थितियों में बीता। रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले बालक नरेंद्र को तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि एक दिन वही बालक भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। लेकिन कठिनाइयों ने उन्हें हारने नहीं दिया, बल्कि मजबूत बनाया। उनका जीवन इस संदेश का प्रतीक है कि साधारण पृष्ठभूमि से निकला इंसान भी अपनी मेहनत और सेवा भावना से राष्ट्र को दिशा दे सकता है।



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के दौरान लोगों पर पुष्पवर्षा करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। फाइल फोटो

### सत्ता नहीं सेवा ही मोदी का मूल मंत्र

- नरेंद्र मोदी की राजनीति का मूल मंत्र सत्ता नहीं, बल्कि सेवा रहा है। संगठन में काम करते हुए उन्होंने लोगों की तकलीफें देखीं, उनके सपनों को समझा और उन्हें बदलने की ठानी। मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को विकास की नई पहचान दी और प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत को आत्मविश्वास से भर दिया। मोदी ने अपने शासन में गरीब और वंचित वर्ग को केंद्र में रखा। उज्ज्वला योजना से माताओं को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत से गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली, हर घर जल और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं ने आम लोगों को सम्मानजनक जीवन दिया। उनकी नीतियों ने यह भरोसा दिलाया कि सरकार केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि ज़मीनी हकीकत में लोगों के जीवन को बदल सकती है।
- मोदी सरकार ने साफ़ संदेश दिया कि भारत अब चुपचाप सहने वाला देश नहीं है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत अपने सैनिकों और नागरिकों की रक्षा के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। सेनाओं के आधुनिकीकरण और स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ज़ोर ने देश को और मज़बूत किया। मोदी की कूटनीति ने भारत की छवि बदल दी। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज़ अब अनसुनी नहीं की जा सकती। जी-20 की अध्यक्षता, जलवायु परिवर्तन पर ठोस पहल और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित संबंधों ने भारत को वैश्विक राजनीति में अग्रणी बनाया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का कायाकल्प और देश की आध्यात्मिक धरोहरों का सम्मान, सब मोदी युग की पहचान हैं। उन्होंने दुनिया को दिखाया कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि साथी हैं।



दीपावली पर भारतीय सेना को संबोधित करते प्रधानमंत्री। फाइल फोटो

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

- मोदी का लक्ष्य केवल आज तक सीमित नहीं है। वे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना रखते हैं। इसमें युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार और समावेशी विकास प्रमुख स्तंभ हैं। उनकी सोच है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। नरेंद्र मोदी बार-बार कहते हैं कि वे प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान सेवक हैं। यही भाव उन्हें जनता से जोड़ता है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिनाइयाँ चाहे जितनी हों, अगर निष्ठा और परिश्रम हो तो कोई भी सपना पूरा हो सकता है। आज उनका जन्मदिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि उस भारत की ओर बढ़ते कदमों की याद दिलाता है जिसका सपना हर भारतीय ने देखा है। मोदी केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं हैं, वे हर उस भारतीय की आशा और विश्वास हैं जो अपने देश को महान देखना चाहता है। उनका जीवन बताता है कि नेतृत्व केवल कुर्सी से नहीं, बल्कि समर्पण से बनता है। आज उनके जन्मदिवस पर हर भारतीय के मन में यही भावना है कि 'मोदी जी, आपका समर्पण और आपकी तपस्या हमें उस भारत की ओर ले जा रही है जिसका सपना हमने सदियों से देखा है। आप हमारे लिए प्रेरणा हैं, राष्ट्र के प्रहरी हैं और भविष्य के पथप्रदर्शक हैं।

## मोदी सरकार की उपलब्धियां




- भारत की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 6.5% की दर से बढ़ी, जो दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है।



- पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में 80 करोड़ से ज़्यादा लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।




- 2025 तक देश की 64.3% आबादी (लगभग 94 करोड़ लोग) किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कवर होंगे।



- प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना का लक्ष्य 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा रोज़गार पैदा करना है।




- प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में अब तक लाभार्थियों के खातों में करीब 50 लाख करोड़ रुपये भेजे गए हैं।




- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है।



- 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।




- 41.50 - करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड अगस्त, 2025 तक जारी किए जा चुके हैं।



रुस के राष्ट्रपति पुतिन से गले मिलते प्रधानमंत्री मोदी। फाइल फोटो

# साधारण से असाधारण होने का नाम नरेंद्र मोदी

हृदयनारायण दीक्षित

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपनी जीवन यात्रा के 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं। धरती और आकाश केसरिया हो गए हैं। लग्न मुहूर्त अनुकूल हो गए हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। मोदी का व्यक्तित्व आश्वस्ति देता है। कर्मठता के लिए प्रेरित करता है। वे इतिहास रच रहे हैं और इतिहास को नए सिरे से जांचने के भी प्रश्न उठा रहे हैं। उनके व्यक्तित्व में महात्मा गांधी जी का त्याग भाव है। वे सत्य के प्रति आग्रही हैं। उनके व्यक्तित्व में डॉक्टर हेडगेवार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विचार प्रवाह है तो अटल बिहारी वाजपेयी जैसी संसदीय गरिमा और लोक सम्मोहन की कला भी है।

यूरोपीय काल गणना में 'ईसा के पूर्व' व ईसा के बाद' समय का विभाजन चलता है। भारत के संदर्भ में धर्म संस्कृति और लोकमंगल का वातावरण मोदी के पहले नहीं था। अब इस विचार में लोकमंगल का उद्देश्य स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। मोदी के पहले भारत का मन उदास था। अब मोदी के समय भारत का मन उल्लास में है मोदी के पहले हम सब का मन आत्मविश्वासहीन था। अब भारत का मन आत्मनिर्भर हो गया है। राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में उत्साह व उमंग है। सभी क्षेत्रों में एक नई तरह का पुनर्जागरण दिखाई पड़ रहा है। मोदी स्वभाव से अभियानकर्ता हैं। मोदी के 'मन की बात' पर राष्ट्र को भरोसा है। सामान्यतया सत्ता दल जनअभियान नहीं चलाते। लेकिन मोदी के नेतृत्व में उन्हीं की प्रेरणा से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जनअभियान बना। स्वच्छ भारत अभियान चला। प्रधानमंत्री के अभियानों से मोटे तौर पर दो बातें स्मरणीय हैं। पहली कि देश की समस्याओं में सरकार और जनता की भागीदारी से ज्यादा उत्पादकता मिलती है। दूसरा कि धर्म और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता किसी भी रूप में सांप्रदायिक नहीं होती। मोदी ने भारत की संस्कृति को विश्व प्रतिष्ठित किया है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने, विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता पर जोर और नागरिकों के कर्तव्य पांच प्रण बताए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोदी की प्रशंसा हम भारतवासियों को बड़ा सुख देती है। योग संपूर्ण विज्ञान है। मोदी ने योग को बढ़ावा दिया। मोदी विरोधी योग विज्ञान पर आक्रामक थे। मोदी ने भारतीय ध्यान साधना के योग को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता दिलाई। संयुक्त राष्ट्र में 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। तमाम विद्वान भी कहते थे कि जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 छेड़ोगे या राम मंदिर की बात करोगे, तो देश में आग लग जाएगी। सेकुलरपंथियों की परवाह न करते हुए श्रीराम मंदिर के शिलान्यास में मोदी पहुंचे। वाराणसी की गंगा आरती में वे जाते हैं। केदारनाथ मंदिर में कई घंटे साधनारत रहे। उनकी साधना की सिद्धि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि बनी है। मोदी विदेश दौरे पर जहां-जहां जाते हैं, वहां वहां भारतीय संस्कृति का ध्वज ऊंचा करते हैं। गीता भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि ग्रंथ है। उन्होंने अनेक राष्ट्राध्यक्षों को गीता की प्रति भेंट की है। महानायक यों ही लोक स्वीकृति नहीं पाते। मोदी में छात्र जीवन से ही देश सेवा की भावना है। एक संगठनकर्ता के रूप में उनके काम सराहे गए। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके किए काम को 'गुजरात मॉडल' कहा गया। वे अपनी ध्येय साधना में लगे रहे। अथर्ववेद के व्रात्य सूक्त में ऐसे ही धुन के पक्के व्रात्य के बारे में कहा गया है कि व्रात्य उठा। वह एक दिशा की ओर चला। लोग साथ चलने लगे। वह दूसरी तीसरी चौथी दिशाओं की ओर चला। उसका जय घोष हुआ। वह आगे बढ़ा। चलता रहा। लोग उसकी जय जयकार करने लगे। इतिहास और गाथाएं भी उसके साथ-साथ चलीं। जीवनव्रती लोगों के साथ ऐसा ही होता है। मोदी किसी राजघराने के परिजन नहीं थे। वे चले तो लोग उनके पीछे चलने लगे। संस्कृति और राष्ट्रभाव उनकी कार्यसूची में प्रथम वरीयता पर थे। विरोधियों ने उन्हें गालियां दीं। कदाचित देश का ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं होगा जिसे इतनी गालियां दी गई हों। गलियां कम पड़ गईं। विपरीत परिस्थितियां आईं। मोदी डटे रहे। मोदी का व्यक्तित्व असाधारण है। साधारण से असाधारण हो जाना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है कि असाधारण होकर भी साधारण कार्यकर्ता बने रहना। मोदी ऐसे ही हैं। उनके व्यक्तित्व में महानायक का सौंदर्य है। छत्रपति शिवाजी का शौर्य है। 75 वर्ष की आयु में भी कठोर परिश्रम करते हैं। जन्म दिवस की हार्दिक बधाई।



दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर जश्न मनाते प्रधानमंत्री। फाइल फोटो



मोदी को उपहार में मिली 1300 से अधिक वस्तुओं की आज से की जाएगी ई-नीलामी - 10



अमेरिका से व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से झूमा बाजार - 10



गाजा पर कब्जे की तैयारी शुरू, इजराइल ने बड़े पैमाने पर शुरू किए जमीनी हमले- 11



विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब बचाने के लिए उतरेंगे - 12


आज का मौसम
27.0⁰ अधिकतम तापमान
23.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.58
सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी11:39 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 17 सितंबर 2025, वर्ष 5, अंक 207, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### नेशनल हेराल्ड केस में 26 को पेश होंगी फाइलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में फाइलों की जांच जारी रखने के लिए 26 सितंबर तक की तारीख तय की है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने जांच अधिकारी को मामले की फाइलें लेकर पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने सोमवार को कहा कि एक आदेश के बाद ईडी ने ईसीआईआर और सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर शिकायत की एक प्रति जमा कर दी है। अदालत ने इससे पहले मामले की अन्य फाइलों का भी निरीक्षण किया था।

### हथियार बरामद, एक उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में सुरक्षा बलों ने कोंगबा मारू पहाड़ी क्षेत्र से चार लूट के हथियारों सहित गोला-बारूद और हथियारों का जखीरा बरामद किया है। बरामद हथियारों में मैगजीन के साथ एक 5.56 एमएम इंसास राइफल, मैगजीन के साथ एक 9एमएम पिस्टल, दो 303 राइफल, एक 12 बोर एक नाली बंदूक, 11 गोला-बारूद और पांच कारतूस शामिल हैं। नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ़ मणिपुर की वर्दी में एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

### नोएडा की अगरबत्ती कंपनी में लगी आग

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा फेस 2 क्षेत्र की विशेष आर्थिक इकाई के होजरी कॉम्प्लेक्स स्थित मोमबत्ती और अगरबत्ती बनाने वाली कंपनी के बेसमेंट में अचानक लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अपराह्न करीब डेढ़ बजे के आसपास कंपनी के बेसमेंट में रखे मोमबत्ती और अगरबत्ती बनाने की सामग्री में आग लगने से अफरातफरी मच गई।

### वैष्णो देवी यात्रा आज से फिर होगी शुरू

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा मौसम की अनुकूल स्थिति के आधार पर बुधवार को फिर से शुरू होगी। श्राइन बोर्ड ने यह जानकारी दी। तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन की घटना के बाद यात्रा 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। इस हादसे में 34 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने एक्स पर कहा कि वैष्णो देवी यात्रा 17 सितंबर, 2025 (बुधवार) से पुन: शुरू होगी।

# देहरादून में बादल फटने से तबाही, 15 मौतें, कई लापता

## नदी-नाले उफनाए, पुल टूटा, सड़कें बहीं, होटल-रिसॉर्ट व घरों में भरा मलबा, हजारों लोग फंसे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राजधानी देहरादून और अन्य इलाकों में कई बार बादल फटने, अतिवृष्टि और भूस्खलन से भीषण तबाही मची है। इस आपदा में 15 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई जबकि कई लापता हैं। सैलाब के साथ आए मलबे ने कई घरों, होटलों, रिसॉर्ट, मंदिरों, पुलों, सड़कों और एप्रोच रोड को भारी नुकसान पहुंचाया। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने एक हजार से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है।

आपदा में देहरादून के सदर, विकासनगर, सहस्त्रधारा, कार्लीगाड़, मंझारा, मालदेवता, मसूरी के झड़ीपानी, प्रेमनगर, झाझरा, गुच्चूपानी, ठाकुरपुर और डालनवाना सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। सहस्त्रधारा से करीब 3 किमी आगे कार्लीगाड़ व मंझारा गांव के बीच नाले पर बादल फटने से मकानों और रिसॉर्ट में मलबा घुस गया तथा आधा दर्जन लोग लापता हो गए। यहां रेस्क्यू टीमों ने 400 स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। झड़ीपानी में एक मकान में मलबा घुसने से रामबहादुर सहित दो लोगों की मौत हो गई। डीआईटी कॉलेज, राजपुर रोड मसूरी डायवर्जन के पास पिता-पुत्री अनिल व जया की मौत हो गई।



देहरादून में सहस्त्रधारा में बादल फटने के बाद नदी के तेज बहाव में ध्वस्त हो गए कई घर।

प्रेमनगर देवभूमि कॉलेज के मांडूवाला स्थित हॉस्टल से करीब 500 छात्रों को रेस्क्यू किया गया। कालसी में जजरेट के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से लुधियाना निवासी विनय की मौत हो गई। भगतसिंह कॉलोनी में मिथुन व विकास, राजपुर शिखर फॉल के पास धर्मेंद्र व श्यामलाल और टपकेश्वर में सचिन व सुरेंद्र बह गए। पर्यटक स्थल गुच्चूपानी में कई संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गईं। आसन नदी में आए सैलाब में कई लोग फंस गए। इनमें से एक युवक वहां बिजली के खंभे पर चढ़ गया, जिसे एनडीआरएफ ने उतारा।

उधर, विकासनगर में टोंस नदी के तेज बहाव में खनन कार्य में लगे 14 श्रमिक ट्रैक्टर समेत बह गए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने 8 लोगों-फरमान, सोमवती, रीना, हरचरण, नरेश, मदन, रानी व किरन के शव बरामद कर लिए। जबकि नीता, सुंदरी, राजकुमार, होराम लापता हैं और अमपाल व अमन घायल हैं। सभी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद व संभल के बताए गए।

उधर, देहरादून में तमसा नदी में उफान आने से किनारे स्थित प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर पानी में डूब गया और विशाल हनुमान प्रतिमा कंधों तक डूब गई। मंदिर के पुजारी बिपिन जोशी ने बताया कि उन्होंने पिछले 25-30 सालों में नदी का पानी इतना ऊपर बहते नहीं देखा। मंदिर के गर्भगृह तक पानी पहुंचा और शिवलिंग तक डूब गया। वहीं, मालदेवता से करीब सात किमी ऊपर फुलेट गांव में मकान जमींदोज होने से आठ लोग दब गए।

वहीं, कुमाऊं के पिथौरागढ़ में भूस्खलन से जमींदोज हुए घर के मलबे में दबकर महिला मंजू गैड़ा की मौत हो गई जबकि नैनीताल के कालाढूंगी में गरुड़ी नाले में बोलेरो वाहन बह गया। इनमें एसडीआरएफ ने दो लोगों को बचा लिया जबकि 60 वर्षीय अनिल का शव बरामद किया गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा देर शाम जारी रिपोर्ट के अनुसार, देहरादून में 13 जबकि पिथौरागढ़ और कालाढूंगी में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। 16 लोग लापता हैं और 3 घायल हैं।

उधर, हिमाचल प्रदेश में रातभर हुई भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और मंडी जिले में एक बस स्टैंड जलमग्न हो गया। मंडी जिले में बाढ़ के कारण कई बसें और अन्य वाहन बह गए और एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है। जिले के ब्रागटा गांव में भूस्खलन के कारण एक मकान ढह गया, जिसमें दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई।

### सरकार हर पीड़ित के साथ : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को अपने जन्मदिन पर सुबह से आपदा के मोर्चे पर जूझते रहे। उन्होंने आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। रात को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर देहरादून तथा राज्य के अन्य जिलों में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी ली तथा युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार सभी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगामी दिनों में भी मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम से दूरभाष पर बात कर उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है।

# वाल्मीकि गैंग से गठजोड़ में दो सिपाही पकड़े

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- **एसटीएफ ने धरे थे गैंग के दो गुर्गे गैंगस्टर से सिपाहियों के संबंध**

**अमृत विचार :** हरिद्वार के कुख्यात वाल्मीकि गैंग से गठजोड़ के आरोप में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दो सिपाहियों को गिरफ्तार किया है। दोनों वर्तमान में पिथौरागढ़ में तैनात थे।

एसएसपी नवनीत सिंह ने मंगलवार को बताया कि, प्रवीण वाल्मीकि गैंग की गतिविधियों की जांच के बाद एसटीएफ ने बीती 27 अगस्त को थाना गंगनहर, रुड़की में गैंगस्टर प्रवीण वाल्मीकि, उसके भतीजे मनीष बॉलर और पंकज अष्टवाल सहित छह बदमाशों पर संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया था, जिसके बाद मनीष और पंकज को गिरफ्तार किया था। यह गैंग बेशकीमती जमीनों पर फर्जी कागजों से अवैध कब्जा करने के लिए हत्या करने और धमकी देने जैसे मामलों के बाद सुर्खियों में आया था।

एसएसपी के अनुसार, एसटीएफ की विवेचना में सामने आया कि पिथौरागढ़ जिले में तैनात सिपाही शेर सिंह और हसन अब्बास जैदी के गैंगस्टर प्रवीण और मनीष बॉलर से संबंध हैं। इनके प्रवीण से जेल में मुलाकात करने और मनीष से बातचीत की कॉल रिकार्ड मिली हैं। सिपाही शेर सिंह पर आरोप है कि उसने बीती 26 अप्रैल को रुड़की कोर्ट परिसर में पीड़ित पक्ष को बुलाकर तारीख पर आए प्रवीण से मुलाकात कराकर दबाव बनाया और सिपाही हसन जैदी ने मार्च माह में मनीष बॉलर के साथ रुड़की अस्पताल में जाकर पीड़िता रेखा के पुत्र सूर्यकांत को धमकाकर संपत्ति बेचने का दबाव बनाया। सिपाही हसन जैदी (46) मूल रूप से खिर्वा जलालपुर सरधना मेरठ जबकि शेर सिंह (36) हरिद्वार के गांव बहादुर जट का निवासी है।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ अदालत जाएगी यूपी सरकार

**लखनऊ।** शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नरम रुख सामने आया है। राज्य सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग को इस केस में रिवीजन दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, यूपी के शिक्षक योग्य और अनुभवी हैं, समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं।

ऐसे में बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से राहत दिलाने के लिए अहम कदम उठाया गया है। योगी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल ही में दिए गए आदेश के खिलाफ रिव्यू पिटीशन (समीक्षा याचिका) दाखिल की जाए।

# मनुष्य पर नियंत्रण करने का साधन न बने एआई : बिरला



दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन की शुरूआत करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री धामी।

संवाददाता, हरिद्वार

- **लोस अध्यक्ष व सीएम ने किया एआई पर अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन को संबोधित**

**अमृत विचार :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को सदैव मानवता की सेवा करनी चाहिए और इसे मनुष्य पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए। एआई को आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ा जाना आवश्यक है, तभी यह समाज के लिए कल्याणकारी शक्ति बन सकता है।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई): विश्वास एवं भविष्य विषय पर अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन में दो नोबेल पुरस्कार विजेता सहित बीस देशों के एआई विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में ज्ञान विज्ञान और अध्यात्म का एक अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। हमारी सनातन संस्कृति केवल आस्था और विश्वास पर आधारित नहीं है बल्कि एक गहरे वैज्ञानिक दृष्टिकोण चिंतन और शोध का परिणाम है। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ-साथ एआई भी व्यापक रूप से हमारे जीवन के हर पहलुओं को प्रभावित कर रहा है। एआई तकनीक हमारे दैनिक जीवन को आसान बना रही है बल्कि उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और अनेक क्षेत्रों में नवाचार की प्रगति का भी प्रमुख कारण बन गई है। यदि हम इस शक्ति का सही दिशा में सही प्रकार से उपयोग करें तों हम अनेकों क्षेत्र में सुधार ला सकते हैं। देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने भी संबोधन दिया।

# युवराज, उथप्पा और सोनू सूद को समन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह तथा अभिनेता सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उथप्पा (39), युवराज सिंह (43) और सूद (52) को 1एक्सबेट नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अगले सप्ताह दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय में जांच इकाई के सामने पेश होने और उनके बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

उन्होंने बताया कि उथप्पा को 22 सितंबर को बयान दर्ज कराने को कहा गया है, वहीं सिंह को 23 और सूद को 24 सितंबर को बुलाया गया है। संघीय जांच एजेंसी पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में सोमवार को पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा (36) इस मामले में अपने निर्धारित समन पर मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हुए जबकि 1एक्सबेट की भारत की ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को निर्धारित तिथि पर अभी तक पेश नहीं हुई हैं। यह जांच अवैध सट्टेबाजी एप से संबंधित है।

# बीस वर्ष की सेवा के बाद होंगे सुनिश्चित पेंशन के हकदार

- **वीआरएस लेने वाले कर्मियों के लिए व्यवस्था**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हाल ही में अधिसूचित नियमों के तहत, केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी जो 20 वर्ष या अधिक की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का विकल्प चुनते हैं, वे अनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान के हकदार हैं।

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दो सितंबर को आधिकारिक राजपत्र में केंद्रीय सिविल सेवा नियम, 2025 अधिसूचित किए हैं। ये नियम राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को विकल्प चुनने वाले केंद्रीय कर्मचारियों के संबंध में एकीकृत पेंशन योजना के तहत लाभ से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए हैं। ये नियम, यूपीएस ग्राहकों को 20 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के विकल्प प्रदान करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि 20 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस विकल्प चुनने पर, अंशदाता को आनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान देय होगा।


# अफसर के घर से मिले एक करोड़ के जेवर और नकदी

गुवाहाटी, एजेंसी

- **हिंदुओं की जमीन विदेशियों को कर रही थीं हस्तांतरित**
- **सीएम हिमंत सरमा के सतर्कता प्रकोष्ठ ने की छापेमारी**

असम में मुख्यमंत्री सतर्कता प्रकोष्ठ ने असम सिविल सेवा (एसीएस) की एक अधिकारी को जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा कल हुआ जब मुख्यमंत्री के सतर्कता प्रकोष्ठ ने गुवाहाटी और बारपेटा में एक सर्किल अधिकारी के घरों पर छापा मारा और एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी और हीरे के आभूषण बरामद किए। इस कार्रवाई में हिंदू समुदाय की जमीनें संदिग्ध अवैध विदेशियों को हस्तांतरित करने का पता चला है।

2019 बैच की एसीएस अधिकारी नुपुर बोरा के घर से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी



और आभूषण जब्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि बोरा के बारे में शिकायतें मिलने के बाद मुख्यमंत्री सतर्कता विभाग ने छह महीनों से उन पर निगरानी रखी हुई थी।

# मदर डेयरी के सभी उत्पाद होंगे सस्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितंबर से सस्ते हो जाएंगे। पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर असर नहीं होगा।

- **22 से घट जाएंगी दूध, पनीर, घी, बटर की कीमतें**

एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 की जगह 75 रुपये का मिलेगा जबकि 450 मिली. वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 से 32 रुपये हो गई है। पनीर के दाम तीन रुपये प्रति 200 ग्राम घटे हैं। बटर में चार रुपये प्रति 100 ग्राम की कमी हुई है। घी में 30 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है।

**सुनवाई** | राज्यों को जवाब देने के लिए दिया चार सप्ताह का समय

# सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कई राज्यों को उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। राज्यों को नोटिस जारी करते हुए, प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जवाब आने के बाद वह ऐसे कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के अनुरोध पर विचार करेगी। इसके बाद, पीठ ने राज्यों को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और याचिकाकर्ताओं को उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई



छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई।

इस बीच, पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों के खिलाफ याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सी यू सिंह को मौजूदा कानून में उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों द्वारा किए गए अधिक कठोर बदलावों को ध्यान में रखते हुए याचिका में संशोधन करने की अनुमति दे दी। पीठ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक सहित कई राज्यों द्वारा लागू किए गए धर्मांतरण विरोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने विवाह या अन्य माध्यमों से होने वाले धर्मांतरण के विवादास्पद मुद्दे पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अन्य की दलीलें सुनी। सिंह ने इस मामले की तात्कालिकता पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि जो कोई भी अंतरधार्मिक विवाह करेगा, उसे जमानत मिलना असंभव हो जाएगा। उन्होंने रेखांकित किया कि कई राज्य पहले ही ऐसे कानून बना चुके हैं, और राजस्थान ने भी हाल में इस संबंध में कानून पारित किया है। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लाए गए संशोधनों के तहत तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज कराने की अनुमति दी गई, जिससे अंतरधार्मिक विवाहों में बड़े पैमाने पर उत्पीड़न हुआ।

### श्रद्धालु विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिरों को धन नहीं देते : कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया धन विवाह समारोह स्थलों के निर्माण के लिए नहीं होता। न्यायालय ने उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया जिसमें कहा गया था कि मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं माना जा सकता। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर पांच मंदिरों के धन से शादी स्थलों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी और उसने कहा कि भक्त इन विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिर को अपना धन नहीं देते हैं। यह मंदिर के सुधार के लिए हो सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### शिक्षकों ने विधायक बिष्ट को सौंपा ज्ञापन

**रामनगर :** राजकीय शिक्षक संघ की ओर से प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किए जाने, सभी स्तरों की पदोन्नति किए जाने, स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के क्रम में शिक्षकों के एक शिष्टमंडल ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नवेंदु मठपाल, नरेंद्र पटवाल, बाल कृष्ण, अजय धस्माना, नीरज जोशी, दरपान रौतेला, नंदन बिष्ट, दिनेश, देवेंद्र सिंह भाकुनी, जीवन सिंह बिष्ट, राजपाल सिंह नेगी, नवीन तिवारी, रमेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### ई नाम परियोजना से जुड़े किसान: सहील

**रामनगर :** कृषि उत्पादन मंडी समिति में कार्यालय में ई दिवस मनाया गया। इसमें मंडी सचिव सहील अहमद ने किसानों को ई नाम परियोजना से जुड़ने का आह्वान किया। मंडी सचिव ने बताया कि ई नाम परियोजना भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए वरदान है। मंडी समिति कार्यालय में चौधरी अल्लाह बख्श मोहम्मद उमर के स्वामी मोहम्मद इकबाल एवं किसान शादाब को सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता में निकिता लटवाल रहीं प्रथम

**भीमताल :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में ओजोन दिवस के अवसर पर बीए, बीएससी एवं बीएड के विद्यार्थियों ने ओजोन दिवस का आयोजन किया। संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने इस दिन के महत्त्व से अवगत कराते हुए बताया कि भारत में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। संचालन एसएस मौर्य एवं डॉ .दीपक देशवाल ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इनमें निकिता लटवाल को प्रथम, काजल जेठा एवं बृजेश कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। खुशबू पलडिंया, दीक्षा, पारस टम्टा व बादल तृतीय स्थान पर रहे।

### राहत सामग्री लेकर युवक पंजाब रवाना

**रामनगर :** मुस्लिम समाज के युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। युवा कांग्रेस नेता चांद खान ने बताया कि एक टीम रामनगर से पंजाब के लिए मेडिकल सामग्री व दैनिक उपयोग सामग्री लेकर रवाना हो गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

# बुजुर्ग ने संदिग्ध हालात में नैनी झील में लगाई छलांग

## पुलिस ने झील से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में एक बुजुर्ग ने संदिग्ध परिस्थितियों में नैनी झील में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी।

ठंडी सड़क में मॉर्निंग वॉक कर रहीं एक महिला ने बुजुर्ग का शव झील में देखकर सूचना स्थानीय युवक को दी। उक्त युवक ने घटना की जानकारी तल्लीताल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग के शव को नैनी झील से बाहर निकाला। शव की पहचान नारायण नगर निवासी अनिल के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने सूचना मृतक के परिजनों को दी।

मृतक के बेटे उत्तम ने शव की पहचान पिता अनिल के रूप में की। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। तल्लीताल एसओ मनोज नयाल ने बताया अनिल कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


झील से शव निकालकर बाहर लाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### नाले में मिला पेंटर का शव, सनसनी

**भवाली, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह नाले में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की शिनाख्त महेश चंद आर्या पुत्र नैन राम आर्या उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कहलक्वीरा भवाली जिला नैनीताल के रूप में की। बताते हैं कि वह सोमवार रात्रि में भारी वर्षा में पैर फिसलने के कारण गिर गया था। जिसके सिर पर चोट आने के कारण बेहोशी की हालत में रात भर पड़े रहने के कारण मृत्यु होने का अंदेशा जताया गया है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवाली ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा गया। लोगों ने बताया कि मृतक पेंटर का कार्य करता था।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**नैनीताल, अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल हरीश कुमार गोयल की अदालत ने शादी का वचन देने के बाद पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अमन मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने अदालत को बताया कि आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से पीड़िता से दोस्ती की और कई बार मुलाकात के बाद शादी का वादा किया। दोनों परिवारों की मुलाकात कराई गई और आठ नवंबर 2025 को सगाई की तारीख तक तय कर दी गई। आरोप है कि इसी साल जुलाई में आरोपी पीड़िता को नैनीताल घुमाने के बहाने लाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। 20 जुलाई की रात पीड़िता अपने घर से निकल गई, लेकिन रास्ते में आरोपी ने फोन बंद कर दिया। सुनसान स्थान पर अकेली खड़ी युवती ने अपनी बहन को लोकेशन भेजी और बहन के पहुंचने के बाद दोनों सुरक्षित घर लौटे। पीड़िता और उसके परिजन युवक के घर पहुंचे, लेकिन उसने मिलने से इंकार कर दिया। न्यायालय ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

# बनभूलपुरा में पांच पुलिस टीमों का छापा, 8 सीएससी पर ताला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सीएससी यानी जन सेवा केंद्र के नाम पर खुले वसूली के अड्डों पर मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। दो सीओ के नेतृत्व में बनभूलपुरा में दाखिल हुई पुलिस की पांच टीमों ने अलग-अलग हिस्सों में बंटकर ताबड़तोड़ छापेमारी की। सीएससी पर पड़े छापे में बड़ा घालमेल सामने आया। पता लगा कि कुछ सीएससी संचालकों के पास सेंटर चलाने के लिए शैक्षिक योग्यता तक नहीं और वो प्रतियोगी परीक्षाओं के ऑन लाइन फार्म भर रहे थे। बनभूलपुरा में पुलिस ने आठ सेंटर्स पर ताले जड़ दिए।

मंगलवार को सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी और सीओ रामनगर सुमित पांडेय के नेतृत्व में पांच टीमें ने बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में अलग-अलग दिशाओं से जन सेवा केंद्रों की जांच शुरू की। लगभग आधे दिन चली कार्रवाई में पुलिस ने थानाक्षेत्र के 19 जन सेवा केंद्रों की जांच की।

इस दौरान ऐसे 8 सेवा जन केंद्र सामने आए, जिनका संचालन नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा था। इन सेंटर्स के कुछ मालिक तो पुलिस को पढ़े-लिखे भी नहीं मिले और ये न सिर्फ सरकारी योजनाओं के फार्म भर रहे थे, बल्कि बड़ी परीक्षाओं के प्रतियोगी फार्म तक भर रहे थे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आम नागरिकों की सुरक्षा व सेवा की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान चलाया गया। रजिस्टर मेंटेन नहीं करने, रेट लिस्ट न लगाने, सीसीटीवी कैमरे न लगाने और संचालकों की शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने पर 8 सेंटर्स सील किए हैं।


जांच के दौरान सीएससी सेंटर के बाहर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### इन सेंटर्स पर पुलिस ने लगाए ताले

● सब्बू सीएससी सेंटर, छोटी रोड बनभूलपुरा। ● सोल्यूशन पॉइंट, ढोकर बनभूलपुरा। ● साइबर प्लेनेट, छोटी रोड बनभूलपुरा। ● ग्राहक सेवा केंद्र, उत्तर उजाला बनभूलपुरा। ● नसीम सीएससी सेंटर, बड़ी मस्जिद के पास बनभूलपुरा। ● डिजिटल स्टेशन सीएससी सेंटर, नूरी मस्जिद के पास बनभूलपुरा। ● अंसारी डिजिटल सेवा केंद्र, लाइन नंबर-16 बनभूलपुरा। ● देवभूमि जन सेवा केंद्र, लाइन नंबर-16 बनभूलपुरा।

## दो दवा विक्रेताओं के क्रय विक्रय पर रोक

**रामनगर, अमृत विचार:** औषधि निरीक्षक अर्चना उप्पल गहतोड़ी ने दवा विक्रेता फर्मों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रामनगर में 5 दवा विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया गया। 3 नमूने गुणवत्ता जांच के लिए गए।

उन्होंने बताया कि गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर दो दवा विक्रय प्रतिष्ठानों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाते हुए लाइसेंस को मौके पर निलंबित करने की संस्तुति की गई। कुछ दवा विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाए जाने पर फर्मों को मौके पर नोटिस दिया गया। साथ ही औषधि निरीक्षक ने कारोबारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से बताया कि दवा प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से फार्मासिस्ट की उपस्थिति आवश्यक है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वन निगम डिपो में बाघ का शव मिला, हड़कंप

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** रामनगर वन प्रभाग की कालाढूंगी रेंज के वन निगम डिपो में बाघ का शव मिलने से विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने बाघ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्मार्टम किया। विसरा जांच के लिए बरेली भेज दिया है। मंगलवार को गश्त के दौरान चकलुवा बीट के कंपाटमेंट संख्या 2 सी के निगम डिपो प्लाट संख्या एक में कर्मचारियों ने बाघ का शव देखा। इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी।

डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि बाघ के सभी अंग सुरक्षित हैं। नर बाघ की उम्र करीब 6 से 7 वर्ष होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघ की मौत कोई बीमारी से होना प्रतीत हो रहा है। असल कारणों का पता बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। डॉ. नीरज व डॉ. राजीव ने बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। पीएम के बाद बाघ के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया।


वन निगम डिपो में मिला बाघ का शव।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर दो गुटों में बवाल के बाद पुलिसबल तैनात

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के मद्देनजर माहौल गर्माता जा रहा है। मंगलवार को अध्यक्ष पद के दावेदार कमल बोरा और अभिषेक गोस्वामी के समर्थकों के बीच कहासुनी ने अचानक विवाद और हाथापाई का रूप ले लिया। जैसे ही कमल बोरा का जुलूस कॉलेज परिसर में दाखिल हुआ, अभिषेक गोस्वामी के जुलूस से आमना-सामना हो गया। पहले हल्की नोकझोंक हुई लेकिन कुछ ही देर में दोनों गुटों के बीच लात-घूंसे और मारपीट शुरू हो गई। मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया और कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

एसएसआई महेंद्र प्रसाद पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और बल प्रयोग कर छात्रों को अलग किया, जिससे मामला और अधिक बिगड़ने से बच गया। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि हालात को देखते हुए पुलिस बल को कॉलेज परिसर में तैनात कर दिया गया है। कॉलेज प्रशासन और पुलिस ने छात्रों से संयम बरतने और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने की अपील की है। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि दोनों दावेदारों ने पुलिस से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत की है। मंगलवार दोपहर हुए दोनों गुटों के बीच विवाद के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति पर काबू पाया।


एमबीपीजी कॉलेज में विवाद के दौरान छात्रों को हटाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## नशे के 240 इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बीते सोमवार को एसआई प्रेम विश्वकर्मा, कांस्टेबल ललित मेहरा, एसओजी के कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह जेष्टा, सन्तोष सिंह बिष्ट और अरुण राठौर डिबेर के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार दो लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 240 इंजेक्शन बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मोहम्मद अजहर पुत्र नियाज अहमद निवासी वार्ड न. 29 उत्तर उजाला बनभूलपुरा और शाहजेब उर्फ शानू पुत्र सुलेमान निवासी वार्ड न. 29 उत्तर उजाला बनभूलपुरा बताया। आरोपियों ने बताया कि इंजेक्शन वह रिछा बरेली के रहने वाले रेहान से खरीद कर लाते हैं। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि स्कूटी सीज कर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।






# स्कूल को मर्ज करने पर भड़का गुस्सा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** वन ग्राम पटरानी स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को राइंका मालधन चौड़ में समायोजित की सुगबुगाहट पर पटरानी क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना दिया। उन्होंने दो टूक ऐलान किया कि अगर पटरानी के विद्यालय को मालधन इंटर कालेज में विलय किया, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

मालिकाना हक संघर्ष समिति के संयोजक एसलाल के नेतृत्व में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि पटरानी स्थित विद्यालय अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। पटरानी से मालधन की दूरी छह किलोमीटर होने के साथ ही मार्ग पूरी तरह से कच्चा है। इसके अलावा चारों ओर से घना जंगल है। जहां बाघ, हाथी, गुलदार समेत कई हिंसक जानवर विचरण करते हैं। जिससे बच्चों की जान को खतरा हो सकता है। इसके अलावा बरसात में नदी-नालों के उफान पर रहने से आवाजाही बंद हो जाती है। कहा कि जब पटरानी में 108 सेवा तक नहीं आ पाती तो बस कैसे आएगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भी समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में पटरानी विद्यालय को मर्ज किए जाने के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। साथ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो विवश होकर उन्हें अक्टूबर माह में विशाल धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान चंदन राम, वसंत लाल, रमेश चंद्र, मोहम्मद ताहिर, ख्यालीराम, विनय कुमार, तुलसी छिम्वाल, तुलसी देवी, शारदा देवी, रमुली देवी, विमला देवी, शोभा देवी, चंपा देवी आदि शामिल रहे।


पटरानी में विद्यालय को मर्ज किए जाने के विरोध में धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## टेनिस में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान बैलपड़ाव में चल रहे टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालक वर्ग अंडर-14 के कोर्ट न.1 पर क्रिस बेनीवाल ने ओजस अग्रवाल को 6-3 ,6-2 से हराया। कोर्ट न.4 तोशीनोसुके उनामी (जापान) ने एलपीएस लोकेश प्रताप सिंह को 6-0,6-4 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

कोर्ट न. 2 गुनांपली विशायक रेड्डी ने हेमंग धीर वदोदरिया को 6-1,6-2 से पराजित किया। कोर्ट न.5 में आरव छल्लानी ने अदित्य वाडकर को 6-4,6-4 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मुख्य आयकर आयुक्त नरेंद जंगपांगी ने भी क्षेत्र में समय-समय पर आयोजित हो रही टेनिस प्रतियोगिताओं पर प्रसन्नता व्यक्त की है।


संकुल स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### टेबिल टेनिस में चिराग, ख्याति, पीयूष व तनु जीते

**लालकुआं, अमृत विचार :** चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संकुल स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिसमें चिल्ड्रन्स एकेडमी, अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज, स्कॉलर हेवन स्कूल और एक्सपोनेंशियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंडर-14 बालक वर्ग में चिराग परगाई ने प्रथम स्थान और सचिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में ख्याति शर्मा ने प्रथम तथा लक्षिता बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में बालक वर्ग में पीयूष चौबे ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बालिका वर्ग में तनु श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 में बालक वर्ग में तनुज सिंह प्रथम और भास्कर जोशी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में सृष्टि डोभाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। चयनित खिलाड़ी आगामी ब्लॉक स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# कार्ड जांच के दौरान डेंगू पॉजिटिव मिले मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कीटजनित रोगों का दौर शुरू हो गया है। कार्ड जांच में कुछ मरीजों में डेंगू पॉजिटिव मरीज आ रहे हैं लेकिन अभी एलाइजा जांच में कोई भी मरीज डेंगू पॉजिटिव नहीं निकला है।

बारिश का दौर अब थमने वाला है। यह सीजन डेंगू फैलने का होता है। इस बार राहत की बात यह रही कि बारिश के इस मौसम में एलाइजा जांच में कोई भी मरीज डेंगू पॉजिटिव नहीं मिला है। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में डेंगू की कार्ड जांच में कुछ मरीज पॉजिटिव आ रहे हैं। उनको एलाइजा जांच के लिए भेजा जा रहा है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि कार्ड जांच में अगर कोई मरीज डेंगू पॉजिटिव आता है तो हम उसे डेंगू पॉजिटिव नहीं मानते हैं। उसका उपचार डेंगू मरीज के तौर पर ही किया जाता है। मरीज की एलाइजा जांच की जाती है। एलाइजा जांच में ही पता चलता है कि मरीज को डेंगू है या नहीं। मलेरिया की पुष्टि अगर कार्ड जांच में होती है तो उसे मलेरिया का ही मरीज माना जाता है। नगर निगम के वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीतेश कुमार ने बताया कि हमारी टीमें तैयार हैं। हमने इमजरेंसी टीम भी बना ली है। लगातार फील्ड में जाकर सर्वे किया जा रहा है।

# लंबित वाद समय से करें निस्तारित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण नैनीताल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राधिकरण कार्यालय में लंबित नक्शे और आपत्ति में भेजे गए मामलों की विस्तृत समीक्षा की। पिछले एक माह में आए आवेदन की पत्रावलियों की समीक्षा कर बार-बार आपत्ति लगाने की प्रक्रिया को समाप्त करने के निर्देश दिए ।

उन्होंने प्राधिकरण अंतर्गत विभिन्न लंबित वादों का निस्तारण करने, अवैध निर्माण पर तत्काल उचित कार्रवाई करने, कार्यालय में दस्तावेजों का रखरखाव सही ढंग से करने और वादों को सूचीबद्ध तरीके से वर्गीकृत करते हुए अंकित करने के निर्देश भी संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरण कार्यालय अंतर्गत लंबित वादों का निस्तारण यथासमय अधिकारी करें। सबसे पुराने वाद का निस्तारण पहले हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

प्राधिकरण कार्यालय में भवन मानचित्र स्वीकृत निर्धारित तिथि के अंतर्गत हो, जिसके लिए उन्होंने सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल को लंबित मामलों को समय से निस्तारण करने के लिए सप्ताह में आपत्ति निवारण शिविर लगाने को कहा, जिससे लोगों की समस्या मौके पर ही हल हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अवैध भवनों के निर्माण पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी ली।


जिला प्राधिकरण के कार्यों की जानकारी लेतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह।

## लोक गायकों के गीतों पर जमकर झूमे छात्र

**नैनीताल, अमृत विचार:** डीएसबी परिसर के एएन सिंह हॉल में नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल की ओर से आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें लोक गायक जितेंद्र तोमक्याल और राकेश खनवाल के गीतों पर विद्यार्थी जमकर झूमे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य दर्जा मंत्री शांति मेहरा व विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहित आर्या रहे। निर्णायक मंडल में पंकज बोरा व दीपक पुल्स रहे। संचालन हेमन्त बिष्ट ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों ने प्रस्तुति दी। इस दौरान सचिव हरीश राणा, नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजु रौतेला, आशा आर्या, गणेश जोशी, आशीष साह आदि मौजूद थे।

## सिटी ब्रीफ

### लोअर माल रोड में रैंप निर्माण शुरू

**नैनीताल :** नैनीताल में लोअर मालरोड में धंसाव के बाद लोअर मालरोड से अपर मालरोड में 20 मीटर रैंप बनाया जा रहा है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही लोअर मालरोड में में रैंप बनाने का कार्य शुरू के दिया गया है। आज रैंप बनाए का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। लोअर मालरोड में नेट में पत्थरों की दीवार तैयार कर मिट्टी का भरान कर रैंप बनाया गया है। जिससे सूचना विभाग के कार्यालय तक लोअर मालरोड संचालित की जाएगी। यहां से वाहनों को अपर मालरोड में डायवर्ट किया जाएगा। केवल 190 मीटर लोअर मालरोड क्षतिग्रस्त है। वहीं यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

### पुल न बनने पर यूकेडी ने विधायक भगत का पुतला फूंका

**कालाढूंगी :** गुरुणी नाले में पुल न बनने पर यूकेडी ने गुरुणी नाले पर विधायक बंशीधर भगत का पुतला फूंका। मंगलवार को केंद्रीय प्रभारी युवा मोर्चा यूकेडी कमल जोशी के नेतृत्व में गुरुणी नाले पर विधायक बंशीधर भगत के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की गई। कमल जोशी ने कहा कि उत्तराखंड को बर्बाद करने के लिए उत्तराखंड नहीं बना है। राज्य में युवा की जान गंवा रहे हैं। अब तक गुरुणी नाले में कई लोगों ने जान गंवा चुके हैं। कई वर्षों से स्थानीय लोग पुल बनाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक पुल नहीं बना है। उन्होंने पीडित परिवार को विधायक फंड से 25 लाख की सहायता देने की मांग की है। इस दौरान उप प्रभारी कमल नयन जोशी, ब्लॉक प्रभारी सूरज मनराल, महेन्द्र पाल व संतोष राणा रहे।

### बागजाला के लोगों ने काली पट्टी-काले झंडों के साथ किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को 30 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से अब तक ग्रामीणों की मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नाराज बागजाला के ग्रामीणों ने काली पट्टियां, काले झंडे, काले वस्त्रों के साथ प्रदर्शन कर सरकार के प्रति गहरा आक्रोश जताया। धरना स्थल पर भाकपा (माले) के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि राज्य आपदा की मार झेल रहा है। गांव बर्बादी की कगार पर हैं, लेकिन सरकार करोड़ों रुपए मुख्यमंत्री के जन्मदिन के होर्डिंग और विज्ञापनों में लुटा रही है। आनंद सिंह नेगी, डॉ. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, गोपाल सिंह बिष्ट, नफीस अहमद खान, संजय कुमार टम्टा, प्रेम सिंह नयाल, अनीता व दीवान रहे।

**ट्रांसपोर्ट नगर में होटल व रेस्टोरेंट की आड़ में दोगुने मुनाफे के लिए किया जा रहा है शराब की अवैध बिक्री का कारोबार**

# जब कमाई हो बेहिसाब तो ट्रांसपोर्ट नगर में क्यों न बेचें शराब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** वैसे तो सरकार के पंजीकृत शराब कारोबारी सरकार के अधिभार, जुर्माने, अन्य शुल्क से परेशान रहते हैं लेकिन ट्रांसपोर्ट नगर में शराब बेचने पर आउट गोइंग नहीं बल्कि सिर्फ इनकमिंग है, इसमें भी सिर्फ मुनाफा नहीं बल्कि दोगुना फायदा है। यही वजह है कि शराब के इस अवैध कारोबार में भाई भी साझेदार हो जाते हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में होटल, रेस्टोरेंट की आड़ में शराब की अवैध बिक्री का धंधा किसी से छिपा नहीं है। सूत्रों की मानें तो यह धंधा सिर्फ होटल, रेस्टारेंट को चलाने का नहीं बल्कि दोगुने मुनाफे के लिए किया जाता है। दरअसल, टीपी नगर में शराब बेचने वाले एक-दो क्वार्टर, हाफ नहीं बल्कि पेटियों की पेटियां उठाते हैं। इसमें इन को यह फायदा होता है। इसे ऐसे समझते हैं कि एक क्वार्टर बाजार में 100 रुपये का बिकता है इन्हें 65 से 80 रुपये का पड़ता है हालांकि यह ब्रांड पर भी निर्भर करता है।

फिर यही क्वार्टर टीपी नगर में 110 से 130 रुपये में बेचा जाता है। इस तरह यहां एक क्वार्टर पर दोगुनी बचत होती है। जैसे-जैसे रात बढ़ती जाती है इस क्वार्टर का दाम बढ़ता जाता है। सूत्रों का यह भी दावा है कि एक दिन में ही आठ से 10 हजार का मुनाफा होता है। जो एक माह में ढाई से तीन लाख तक पहुंचता है। ऐसे में सरकार के पंजीकृत शराब कारोबारी से ज्यादा मुनाफा इनका होता है। यही वजह है कि शराब की अवैध बिक्री के धंधे में पूरा परिवार उतर जाता है।

### 10-20 हजार के चालान का भी नहीं होता इन पर कोई असर

**हल्द्वानी :** अमूमन ट्रांसपोर्ट नगर में जब शराब पकड़ी जाती है तो 10 या 20 हजार रुपये का चालान हो जाता है। कभी-कभी सख्ती हुई तो दो-चार दिन के लिए दुकान सील कर दी जाती है लेकिन तब दुकान के दाएं-बाएं से यह धंधा चलता है। ऐसे में पुलिस, टीपी नगर प्रशासन या आबकारी विभाग कोई चालानी कार्रवाई करता है तो कोई असर नहीं पड़ता है।

### शराब कारोबारियों को भी देते हैं उधार में मोटी रकम

**हल्द्वानी :** टीपी नगर में शराब की अवैध बिक्री करने वालों का हर माह लाखों का मुनाफा होता है। सूत्रों की मानें तो शराब के पंजीकृत कारोबारियों को भी जरूरत पड़ने पर मोटी रकम उधार देते हैं। अब इन कारोबारियों को शराब की खपत करनी होती है तो उनकी शराब बिक जाती है और उधार भी मिल जाता है। ऐसे में यह धंधा खूब फल-फूल रहा है।

### लाला हो या भाई-भाई बचने को संगठनों की आड़ बनाई

**हल्द्वानी :** टीपी नगर में शराब की इस अवैध बिक्री के धंधे में संलिप्त माफिया समाज में स्वच्छ छवि दिखाने के लिए विभिन्न संगठनों से भी जुड़े रहते हैं। कभी उप्र, दिल्ली, हरियाणा के संगठन के पदाधिकारी बनकर उनके सर्टिफिकेट लगाए जाते हैं ताकि अधिकारियों पर दवाब बना सकें।

## गौला के भूकटाव से ग्रामीण चिंतित

**लालकुआं:** गौला नदी द्वारा बिंदुखत्ता क्षेत्र की ओर को किए जा रहे भू-कटाव से रावतनगर और इंद्रानगर-2 के ग्रामीण चिंतित हैं। इस बरसात में ग्रामीणों की कई एकड़ जमीन गौला नदी में समा चुकी है। ग्रामीणों का कहना कि शासन और प्रशासन के अधिकारी आकर केवल मुआयना कर रहे हैं। भू- कटाव रोकने के कोई उपाय नहीं किए गए। ग्रामीणों में शिव दत्त नैनवाल, हरीश चंद्र पांडे, खुसाल सिंह भंडारी, भूपेश दत्त, पीतांबर भट्ट, बसंत जोशी, बहादुर सिंह बिष्ट, जानकी बिष्ट, दीवान सिंह चौहान, गोकुल नाथ, दीपक भंडारी, होशियार सिंह, आनंद सिंह, जगत सिंह शाही, भगत सिंह थे। वहीं तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि गोला नदी के भू-कटाव प्रभावित क्षेत्र में टीम को भेजा जा रहा है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी की जाएगी।

# कालाढूंगी में बही बोलेरो, चालक की मौत

**दो अन्य सकुशल बचे, पुलिस ने चालक का शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में मचा कोहराम**

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कोटाबाग के उफनाए गुरुणी नाले के तेज बहाव में सोमवार की रात एक बलेरो कार बह गई। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य सकुशल बच गए।

बोलेरो में तीन लोग सवार थे। तीनों ही पास के गांव पतलिया के निवासी हैं। बेलेरो में सवार तीन लोगों में से दीपू कन्याल कुछ दूरी पर कार से छिटककर नाले से किनारे निकल गया। दूसरा व्यक्ति अनिल बिष्ट 4 किलोमीटर दूर नाले के किनारे से निकला। अंधेरा होने की वजह से तीसरे व्यक्ति दीपक रस्तोगी का कहीं कोई पता नहीं चला पता। मंगलवार की सुबह पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दीपक रस्तोगी की तलाश की। 11 बजे के करीब दीपक का शव नाले से करीब 12 किमी और दूर कमोला हेड ( श्मशान घाट ) से तीन किमी पहले नाले से बरामद हुआ। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।


दीपक रस्तोगी। (फाइल फोटो)


आपबीती सुनाते दीपक कन्याल।


मृतक दीपक रस्तोगी के परिजनों को ढांढस बंधातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### नाले में फंसे तीन लोगों को सुरक्षित निकाला

**रामनगर :** सोमवार देर रात सीतावनी मार्ग पर अचानक उफान पर आए नाले में तीन व्यक्ति फंस गए। अग्निशमन दल को जैसे ही इसकी सूचना मिली वह जमेरिया नाले पर पहुंचे तो वहां फंसे तीन लोगों को पानी के उफान से निकलने के लिए प्रयास करते देखा। जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने पुलिस कर्मियों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद तीनों लोगों को उफनाए नाले से सकुशल बाहर निकाला।

## डीडीहाट में मकान ध्वस्त, महिला की मौत

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** विगत दो दिनों से हो रही तेज बारिश के चलते मंगलवार सुबह करीब 7 बजे डीडीहाट नगर पालिका के पोस्ट ऑफिस वार्ड अंतर्गत लोहार गांव में भूस्खलन से एक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मंजू गैड़ा (50) पत्नी स्व. जगदीश सिंह गैड़ा की मलबे में दबकर मौत हो गई।

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ,

- **सुरक्षा एजेंसियों ने चलाया संयुक्त रेस्क्यू अभियान**

आईटीबीपी, एसएसबी तथा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू कार्य आरंभ किया। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। दोपहर करीब 12 बजे महिला का शव बरामद किया जा सका। रेस्क्यू के दौरान एक मृत गाय, मृत बकरी तथा दो जीवित बकरियों को भी मलबे से निकाला गया।

**पशु बचाने के फेर में गई जान**

बताया गया कि मलबा आता देख मंजू अपने पशुओं को बचाने के लिए मकान में घुसी थी। वह पशुओं को खोलने लगीं और इसी दौरान भारी मलबे में वह भी दब गई और उनकी मौत हो गई। आपदा की स्थिति को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र से 20-25 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है और ग्रामीण क्षेत्र में 5-7 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।

## चार किमी दूर बहने के बाद बच सकी आनंद की जिंदगी

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कहते हैं कि डूबते को तिनके का सहारा। ऐसा ही कुछ कोटाबाग के उफनाए गुरुणी नाले के तेज बहाव में सोमवार की रात एक बलेरो सवार के साथ हुआ है। दीपक रस्तोगी उम्र 28 पुत्र गोधन लाल निवासी पतलिया कोटाबाग की बोलरो 8 वर्षों से पीडब्ल्यूडी विभाग हल्द्वानी में लगी थी। साप्ताहिक छुट्टी होने पर दोस्त आनंद सिंह बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह बिष्ट निवासी पतलिया व दीपक कन्याल पुत्र हीरा सिंह निवासी कप्तागंज नाथुनगर के साथ कोटाबाग बाजार गए थे।

रात साढ़े दस बजे के पास तीनों वापस लौट रहे थे। बोलेरो दीपक चला रहा था। उसके साथ आगे आनंद बिष्ट व पीछे दीपक कन्याल बैठा था। तभी गुरुणी नाले के तेज बहाव में उनकी बोलरो चपेट में आ गई। दीपक कन्याल दरवाजा खोल कूद मारकर 50 मीटर दूर बह कर किनारे निकल गया। दीपक ने सड़क में निकलकर पुलिस को दोस्तों व बोलेरो बहने की सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी देवेंद्र राणा ने टीम के साथ अभियान चलाया। जिला प्रशासन, एसडीएम परितोष वर्मा, सीओ सुमित पांडे ने मौके पर पहुंच जानकारी ली। आनंद बिष्ट 4 किमी दूर नाले बह कर घने जंगल में किनारे निकल कर जैसे-तैसे आबादी में ग्रामीण के घर पहुंचा। जिसके बाद ग्रामीणों ने आनंद के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन उन्हें घर लेकर आए।

**पुल न होने पर ग्रामीणों में रोष :** पुल बनाने के लिए ग्रामीण कई वर्ष से आवाज उठा रहे हैं, मगर आज तक पुल न बनने से स्थानीय लोगों में रोष हैं। ग्रामीणों का कहना था पुल बन गया होता, तो यह हादसा नहीं होता।

### घर का इकलौता चिराग था दीपक

दीपक रस्तोगी अपने घर का इकलौता चिराग था। घर की सभी जिम्मेदारियां दीपक के कंधों पर थीं। दीपक की दो बहनों की शादी हो चुकी है। दीपक के शादी के रिश्ते के लिए भी बात चल रही थी। खुशियों से पहले ही परिवार में मातम छा गया। पिता गोवर्धन, माता चंपा रस्तोगी व बहन शीतल व गुंजन व परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था। दीपक कन्याल ने आप बीती सुनाते बताया कि गुरूणी नाले को पार कर रहे थे। तभी बोलेरो का अगला हिस्सा निकल गया था। वाहन के नदी में गिरते ही गेट खोल कूद मारी दी।

## बारिश से 12 फीट नीचे धंसा 7 नंबर मार्ग

संवाददाता, नैनीताल


भारी बारिश के बाद धंसा नैनीताल का 7 नंबर मार्ग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सात नंबर व्यू प्वाइंट मार्ग मंगलवार तड़के फिर 12 फीट नीचे धंस गया है। जिसके चलते मार्ग के नीचे व ऊपर रहने वाले लोगों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। धंस रहा हिस्सा कभी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। आगे भी सड़क भूस्खलन की चपेट में है।

यह मार्ग पिछले सप्ताह धंसना शुरू हुआ था और सोमवार रात भीषण बारिश को बर्दाश्त नहीं कर सका। जिसके चलते करीब 25 मीटर मार्ग का धंस रहा हिस्सा करीब 12 फीट और धंस गया। इस मार्ग के निचले हिस्से में रिहायशी क्षेत्र है। यदि मार्ग पूरी तरह होता है तो कुछ मकान मलबे की चपेट में आ सकते हैं। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। मार्ग का ऊपरी क्षेत्र भी रिहायशी इलाका है, जोकि इसकी जद में आ सकता है। फिलहाल इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। मार्ग धंसने की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सक्सेना ने धंस रहे मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग की भौगोलिक स्थिति बेहद पेचीदा है। जिसे लेकर विभाग बेहद गंभीर है। इसके स्थाई जीर्णोद्धार की योजना बनाई जा रही है। जिसमें थोड़ा समय तो लग सकता है। फिलहाल विभाग जल्द अस्थायी निर्माण शुरू कर देगा। इसी मार्ग के करीब तीन सौ मीटर आगे सड़क पर निर्भूणयए भूस्खलन जारी है। इस मार्ग में भारी वर्षा के दौरान भूस्खलन हुआ है। सभासद जीनू पांडे ने इस मार्ग का जल्द स्थायी समाधान किए जाने की अपील डीएम व लोक निर्माण विभाग से की है।

## सड़कें और गलियां जलमग्न लेकिन नलों में पड़ा सूखा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में जहां एक ओर भारी बारिश की वजह से सड़कें, गलियां जलमग्न हो गईं तो वहीं दूसरी ओर पानी की आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने बारिश का पानी भरकर काम चलाया। जलसंस्थान के अनुसार बुधवार से पानी की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

शहर की बड़ी आबादी शीशमहल फिल्टर प्लांट पर निर्भर है। इससे मुख्य बाजार के अलावा पॉलीशीट, सुभाषनगर, दमुवाढूंगा, बिठौरिया, बमौरी, पॉलीशीट, बद्रीपुरा, दोनहरिया आदि इलाकों में पानी की सप्लाई होती है। विगत कुछ दिनों से पानी की आपूर्ति सुचारू हो रही थी। हालांकि सोमवार को हुई भारी बारिश की वजह से गौला बैराज में जलस्तर बढ़ गया और सभी फाटकों को खोलना पड़ा। साथ ही पानी में सिल्ट की मात्रा काफी बढ़ गई। इस वजह से फिल्टर प्लांट के लिए पानी की सप्लाई बंद हो गई। लोगों को बारिश का पानी इकट्ठा करना पड़ा। मंगलवार की शाम को फिल्टर प्लांट के लिए पानी की सप्लाई की गई। अब उम्मीद है कि बुधवार को पेयजल की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। हालांकि इसमें दिक्कत यह है कि नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने के बाद फिल्टर प्लांट की शोधन क्षमता कम हो जाती है। जिससे कुछ दिनों तक पानी की आपूर्ति में प्रेशर कम हो जाता है। इससे दूर-दराज के लोगों को पानी नहीं मिल पाता है।

## मलबा आने से दो मंजिला मकान ध्वस्त, गोशाला भी हुई जमींदोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में देर रात मूसलाधार बारिश के चलते ग्राम बजून के तोक दूदिला में आपदा ने तबाही मचाई। अधौड़ा, गैरीखेत-अकशु मोटरमार्ग में पहाड़ी में भूकटाव के चलते मलबा गिरने से दो मंजिला मकान, गोशाला, दो भैंस, दो गाय, एक घोड़ा, दो बछिया समेत 20 नाली खेत दब गए।

मलबे की चपेट में आने से दुदिला तोक में हरेंद्र सिंह का दो मंजिला भवन, एक गोशाला , दो गाय, दो बैंस, दो बछिया और एक घोड़ा भी दफन हो गए हैं। साथ ही लगभग 20 नाली कृषि भूमि मलबे में दफन हो गई। इस दौरान बिजली की लाइन व पोल टूट गए। भारी मात्रा में मलबा पूरन सिंह ढैला के मकान से भूपाल सिंह के घर में पहुंच गया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष 14 सितंबर को भी यहां मलबा आया था। जिसमें भूपाल सिंह का आधा मकान क्षतिग्रस्त हुआ था। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि जिस क्षेत्र में मलबा गिरा है, वह पूर्व से ही स्लाइडिंग जोन है। पूर्व में भी मलबा गिरने के चलते नीचे परिवारों को शिफ्ट करा दिया गया था। जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई है। जानवरों के दबने की जानकारी मिली है।। बताया कि भू वैज्ञानिक को क्षेत्र में भेजा जा रहा है। ताकि जल्दी सुरक्षा कार्य किये जा सके।


भूस्खलन के बाद अधोड़ा गांव का निरीक्षण करते एसडीएम नवाजिश खलीक।


भवाली में भूस्खलन की जद में आया मकान। ● अमृत विचार

### पहाड़ी से भूस्खलन, जद में आए कई मकान

**भवाली :** सोमवार की रात को हुई भारी बारिश के चलते डिविटो स्कूल के पास वाली पहाड़ी से भूस्खलन हो गया। जिससे कई मकान खतरे की जद में आ गए। हालांकि कोई जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। बताते चले ये पहाड़ी पूर्व में भी अतिसंवेदनशील रही है। इसमें आठ से दस वर्ष पूर्व भी भारी भूस्खलन हुआ था। एक निर्माणाधीन भवन खतरे की जद में आ गया था। प्रशासन व पालिका ने तब यहां निर्माण पर रोक लगा दी थी। हैरानी की बात है कि अब संवेदनशील पहाड़ी पर भारी निर्माण कार्य हो गया है। कुछ लोगों में इसके खिलाफ भारी रोष भी नजर आया। वहीं, भीमताल रोड में चुंगी में एक होटल के पास कलमठ व नाली बंद होने के कारण मलबा व रोड़ा रोड पर फैल गया। इससे लोनिवी भवाली के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठा और पोल खुल गई है। व्यापारियों का आरोप था कि उन्होंने लोनिवि कर्मचारियों को इसकी सूचना कई बार दी थी, लेकिन नाली व कलमठ की सफाई नहीं की गई।

## सड़क की बदहाली पर ठेकेदार और अधिकारियों पर केस करें दर्ज :डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिलाधिकारी वंदना ने रानीबाग-ज्योलीकोट सड़क की बदतर हालत पर सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग डिवीजन के संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

डीएम वंदना ने मंगलवार को नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में रानीबाग से ज्योलीकोट के बीच सड़क की बदहाल हालत को लेकर लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने रानीबाग से ज्योलीकोट तक के पैच को लेकर जानकारी मांगी। इस पर अधिशासी अभियंता आशुतोष ने बताया कि इस हाईवे का डामरीकरण वर्ष 2021 में हुआ था। वर्तमान में सड़क की मरम्मत व देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की है। इस सड़क को लेकर ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

इस पर डीएम नाराज हो गईं, उन्होंने अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि तीन साल की अवधि में सड़क का पूरी तरह खराब होना प्रदर्शित करता है कि डामरीकरण के समय जिन अधिकारियों पर गुणवत्ता की निगरानी की जिम्मेदारी थी, उन्होंने अपनी ड्यूटी नहीं निभाई। अभी भी नोटिस भेजकर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने एक सप्ताह में सड़क की फिर से नवीनीकरण शुरू करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही खराब गुणवत्ता के लिए सरकारी धन की बर्बादी करने के आरोप में संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि ईई नवीनीकरण की स्वयं मॉनीटरिंग करेंगे और रिपोर्ट पेश करेंगे। साथ ही वह समय अवधि से पहले सड़क का डामर खराब होने की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाएंगे और एक सप्ताह में इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।

- **डीएम वंदना ने मंगलवार को लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग डिवीजन के अधिकारियों को किया तलब**

### काठगोदाम क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि

**हल्द्वानी:** हल्द्वानी में सोमवार की रात एक तरह से अतिवृष्टि हुई है। खासतौर से काठगोदाम क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। सिंचाई विभाग के अनुसार गौला बैराज डैम में 238 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह बारिश केवल 10 घंटे के अंदर ही दर्ज हो गई।

सितंबर माह की बात करें तो12 सितंबर 1993 को हल्द्वानी क्षेत्र में एक ही दिन में 213 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रात के समय कितनी बारिश हुई है। गौला नदी का जलस्तर 14 हजार क्यूसेक तक पहुंच गया। सुबह आठ बजे के समय नदी का जलस्तर घटकर आठ हजार क्यूसेक रह गया। बारिश की वजह से नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया। मंगलवार की शाम तक यह 2100 क्यूसेक तक पहुंच गया।

## सितंबर में भी मानसून की मजबूती बरकरार

संवाददाता, हल्द्वानी

- **जिले में 302 मिमी बारिश हो चुकी दर्ज**
- **प्रदेश में अभी जल्द नहीं होगी मानसून की विदाई**



**अमृत विचार:** अगस्त माह से शुरू हुई मानसून की ताबड़तोड़ बारिश अभी तक जारी है। बारिश की वजह से तापमान में काफी गिरावट आई है। अभी मानसून मजबूत ही रहने के आसार हैं।

नैनीताल जिले में सितंबर माह में अभी तक सामान्य तौर पर 189.3 मिमी बारिश होती है जबकि इस बार 302.4 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 60 प्रतिशत ज्यादा बारिश है। जुलाई में मानूसन कमजोर रहा था तो अगस्त से अभी तक मानसून काफी मजबूत साबित हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार मानसून की विदाई अभी होती नहीं दिख रही है। ऐसे में अनुमान है कि अभी दो सप्ताह और मानसून की बारिश देखने को मिलेगी।

वैसे भी पिछले कुछ सालों से मानसून अक्टूबर के पहले सप्ताह में विदा हो रहा है जबकि सामान्य तौर पर मानसून के विदा होने का समय 20 से 25 सितंबर के दौरान है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार सितंबर माह में बारिश पिछले कई साल के रिकॉर्ड तोड़ देगी।



सीएम धामी के जन्मदिन दिन पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के आवास पर लगे रक्तदान शिविर में मौजूद सांसद अजय भट्ट व अन्य।



सीएम धामी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

# सीएम के जन्मदिन पर जिलेभर में लगे बहुद्देश्यीय शिविर

## सभी ब्लॉकों में हुआ आयोजन, स्वास्थ्य जांच के साथ ही ग्रामीणों को मिला विभागीय योजनाओं का लाभ, महालक्ष्मी किट बांटी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल/धारी/भीमताल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर जिले के सभी ब्लॉकों हल्द्वानी, भीमताल, धारी, ओखलकांडा में बहुद्देश्यीय शिविर लगाए गए। इसमें जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हुआ। साथ ही जनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

भीमताल में राजकीय इंटर कॉलेज अमिया में बहुद्देशीय शिविर लगाया गया। जनता ने आपदा से हुई क्षति, लो वोल्टेज, नए राशन कार्ड बनाने की समस्याएं उठाईं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने 50 लोगों की जांच की और 3 बच्चों को टीके लगाए। पशुपालन विभाग ने बर्ड फ्लू एवं पशुधन बीमा योजनाओं की जानकारी दी। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बाल विकास विभाग की ओर से 3 लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट बांटी। साथ ही मातृ वंदना, नंदागौरा, महिला बाल पोषण योजनाओं के बारे में बताया। उद्यान विभाग ने किसानों को कीटनाशक दवाएं बांटीं। पुलिस ने सोशल साइट्स पर ठगी के तरीके व बचाव के बारे में बताया। ग्राम्य विकास विभाग ने बीपीएल प्रमाण पत्र जारी किए। पंचायती राज ने 5 जन्म व 10 यूसीसी पंजीकृत किए। शिविर में 8 ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाए गए। वहीं, 31 लोगों ने रक्तदान भी किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, ग्राम प्रधान पंकज मेहरा, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, एसडीएम नवाजिश खलिक मौजूद रहे। इधर, धारी में लगे बहुद्देश्यीय शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख भावना एवं एसडीएम केएन गोस्वामी ने किया। शिविर में 21 शिकायतें मिलीं।

हल्द्वानी में जीआईसी लामाचौड़ एवं ओखलकांडा में खनस्यूं तहसील में भी शिविर लगे। ओखलकांडा में ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली ने किया। हल्द्वानी के शिविर में 69 लोगों के स्वास्थ्य की जांच हुई। पशुपालन विभाग ने 27 किसानों को दवा, उद्यान विभाग ने 17 किसानों को दवा, कृषि विभाग ने 46 लोगों को परामर्श व औषधि दी। रोजगार मेले में 85 युवाओं ने पंजीयन कराया। यहां ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, जिपं सदस्य डॉ. छवि कांडपाल एवं प्रमोद कोटलिया, एसडीएम राहुल साह, सेवायोजन अधिकारी प्रियंका गड़िया, तहसीलदार मनीषा बिष्ट एवं अंशुल भट्ट, बीडीओ देशराजा, सुरेन्द्र नदगली रहे। ओखलकांडा के शिविर में 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 35 किसानों को कृषि व उद्यान विभाग ने दवाएं दीं, किसान सम्मान निधि के 12 लाभ वितरण, 5 महालक्ष्मी किट वितरण, समाज कल्याण ने 26 पेंशन मंजूरी, बीपीएल सूची में 29 प्रविष्टियां जोड़ीं, 5 जन्म और 1 मृत्यु प्रमाणपत्र जारी हुआ। 2 वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत हुईं। वहीं, बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल में शिविर में मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, मनोज जगाती, विकास जोशी, दयाकिशन पोखरिया, जगदीश सिंह बिष्ट, कमल जोशी, हेमा जोशी, महिका मेहरा ने रक्तदान किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर नैनीताल में आयोजित शिविर में रक्तदान करता युवा। ● अमृत विचार

### सेवा दिवस मनाया, विधायक भगत के आवास पर लगा रक्तदान शिविर

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को भाजपा ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के आवास पर आयोजित रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। लगभग 100 यूनिट से अधिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने का यह प्रयास सराहनीय रहा। शिविर में सांसद अजय भट्ट सहित प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक भगत ने संबोधन में कहा कि, कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का जन्मदिन प्रदेशभर में जनहित के कार्यों में भागीदारी कर मना रहे हैं। रक्तदान किसी को जीवन दान दे सकता है और यह जरूरतमंदों के लिए अनमोल उपहार है। यह आयोजन न केवल सीएम के जन्मदिन को यादगार बनाता है, बल्कि पार्टी की सामाजिक सेवा की भावना को भी दर्शाता है। कार्यकर्ताओं के इस प्रयास से स्थानीय स्तर पर रक्त की कमी की समस्या को भी दूर किया जा सकेगा।

## सीएम का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा नेता इंदर सिंह रावत के नेतृत्व में दिनभर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही।

मंगलवार सुबह की शुरुआत गोशाला में गोमाता ग्रास सेवा से हुई। इसके बाद हनुमान धाम में रक्तदान शिविर और सफाई अभियान आयोजित किए गए। रक्तदान शिविर में पचास यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यहां मुख्यमंत्री की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए हवन व हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके साथ ही दोपहर में हनुमान धाम मंदिर में भंडारा आयोजित हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, रामनगर कुष्ठ आश्रम में भोजन, राशन व फल वितरण कर जरूरतमंदों की सेवा की गई। कार्यक्रम में अनुसूचित आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश महरा, मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, नीमा मठपाल, मंगल सिंह, कैप्टन बलवंत रावत, शुभम उत्तम, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, दीप्ति रावत, माया रावत, अतुल अग्रवाल रहे।



सीएम के जन्म दिन पर कार्यकर्ताओं को केक खिलाते भाजपा नेता इंदर सिंह रावत।



सीएम के जन्मदिवस पर बच्चों के साथ केक काटते भाजपा के पूर्व पदाधिकारी।

### बच्चों के साथ केक काटकर मनाया सीएम का जन्मदिन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सीएम धामी के जन्मदिवस पर वीरांगना संस्थान में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेश सिंह रजवार ने मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिवस पर वीरांगना संस्थान में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने भिक्षा छोड़ शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों संग केक काटा, भोजन कराया और आवश्यक सामग्री वितरित की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु और ऊर्जावान जीवन की कामना की।



कार्यक्रम के दौरान वृद्धा को सम्मानित करते मेयर गजराज व नगर आयुक्त ऋचा सिंह।

### जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान

**हल्द्वानी :** सीएम धामी के जन्मदिवस पर मंगलवार को नगर निगम की ओर से सेवा और स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन कर उनका जन्मदिवस समाजसेवा के रूप में मनाया गया। महापौर गजराज बिष्ट के नेतृत्व में वार्ड 42 और 44 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों को उनके सतत सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। महापौर बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर सेवा और स्वच्छता के कार्य कर हम सभी ने उनके जनसेवा के संकल्प को साकार करने का प्रयास किया है। इसके बाद बाबा नीम करौली वृद्धाश्रम बजवालपुर में नगर निगम की ओर से वृद्धजनों और संस्था के सेवकों को सम्मानित कर सेवा कार्य किया गया, जिससे वृद्धजनों में विशेष उत्साह और आत्मीयता का वातावरण बना। कार्यक्रम में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष कंचन उप्रेती, संदीप सनवाल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, पार्षद धीरज पांडे, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, महामंत्री रंजन बर्गली, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेश कुमार उपस्थित रहे।

### जन्मदिवस पर हुआ सेवा सम्मान समारोह

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखानी स्थित बैंक्वट हॉल में भव्य सेवा-सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह समाज सेवा, सम्मान और सांस्कृतिक एकता को समर्पित कार्यक्रम था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट ने शिरकत की। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रदेश के विकास में उनके योगदान को ऐतिहासिक बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर गजराज बिष्ट ने की। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नगर मंडल हल्द्वानी अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय ने किया। इस दौरान प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, जिला कार्यालय मंत्री पंकज अधिकारी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल आदि मौजूद रहे।

## भर्ती पर लगी सरकारी रोक हाईकोर्ट ने हटाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों की भर्ती पर सरकार द्वारा लगाई गई रोक को हटा दिया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने यह निर्णय सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधन समितियों द्वारा दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद जारी किया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से 19 सितंबर 2023 के सरकारी आदेश को चुनौती दी गई थी।

### निदेशक की नियुक्ति को चुनौती

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने जीबी पंत कृषि विवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक की नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर सरकार से जवाबी हलफनामा पेश करने को कहा है। मामले को पियूष जोशी की ओर से जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है।

### अतिक्रमण पर 27 को सुनवाई

**नैनीताल :** काशीपुर शहर में नालों के ऊपर अतिक्रमण के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने 27 अक्टूबर को सुनवाई की तिथि नियत की है। याचिकाकर्ता विनोद ने खंडपीठ से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम एवं प्रसाशन को आदेश दिए जाने आग्रह किया है।

## शारदा मार्केट की क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल संयोजक धर्म यादव और प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण के नेतृत्व में मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान से मिला और शारदा मार्केट की जर्जर सड़क को तत्काल बनवाने की मांग की।

प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सड़क की हालत महीनों से बेहद खराब है, जिससे व्यापारियों और आम जनता का जीवन दूभर हो गया है। दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है, लेकिन शासन-प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने नगर आयुक्त ऋचा सिंह से तत्काल बातचीत कर शीघ्र सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने जिला विकास प्राधिकरण पर जनता के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए व्यवहार में सुधार नहीं होने पर प्राधिकरण कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट और ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी अश्मित गुजराल ने ट्रांसपोर्ट नगर में पार्कों में खड़ी गाड़ियों को हटाने और यातायात निरीक्षक की कार्यशैली में बदलाव की मांग की। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही यातायात निरीक्षक को तलब कर फटकार लगाई। धर्म यादव, कुंदन बिष्ट, राकेश गुप्ता, कुंदन रावत, ललित जायसवाल, श्याम सिंह मेहरा, नुसरत सिद्दीकी, धर्मेंद्र गुप्ता, निशांत मल्होत्रा रहे।



शारदा मार्केट में सड़क बनाने की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट से बात करते व्यापारी।

## मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक विजेता पीहू का हुआ सम्मान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की होनहार बेटी पीहू आर्या ने महेंद्रगढ़ (हरियाणा) में आयोजित स्कूली राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 42 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य और क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

प्रतापगढ़ी, काठगोदाम निवासी पीहू, गुरु तेग बहादुर स्कूल में कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। उनके पिता दीपक कुमार उत्तराखंड रोडवेज में परिचालक हैं और माता आरती एक गृहिणी हैं। पीहू को मुक्केबाजी का प्रशिक्षण कोच गौरव भंडारी से उनकी काठगोदाम स्थित एकेडमी में मिल रहा है। पीहू की इस शानदार उपलब्धि पर मंगलवार को उनके गृह क्षेत्र के साथ ही उत्तराखंड परिवहन निगम काठगोदाम डिपो में भी उनका भव्य सम्मान किया गया। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम गणेश पंत, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, केंद्र प्रभारी मनोहर रावत, कैलाश कांडपाल, अजय शर्मा, हेमंत गड़िया, हरीश रावत, मंजू तिवाड़ी, विमला आदि रहे।



खिलाड़ी को सम्मानित करते रोडवेज कर्मी।

## जूनियर रेजीडेंट के लिए 33 ने दिया साक्षात्कार

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को जूनियर रेजीडेंट व सीनियर रेजीडेंट पदों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया सम्पन्न हुई। साक्षात्कार में देशभर के विभिन्न शहरों से आये कुल 33 प्रतिभागियों ने जूनियर रेजीडेंट पद के लिए भाग लिया।

चयन समिति में प्राचार्य डॉ. पंकज सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शहजाद अहमद और संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष सम्मिलित रहे। प्राचार्य डॉ. पंकज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभागियों का चयन पूरी पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने आशा जताई कि इन नियुक्तियों से जूनियर रेजीडेंट की कमी दूर होगी, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।



नगर आयुक्त ऋचा सिंह को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पुरानी पेंशन आदि मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ से जुड़े सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नगर आयुक्त ऋचा सिंह को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मांग की कि डॉ. ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में बनाई गई तीनों समितियों की सिफारिशों को लागू करते हुए पुरानी पेंशन लागू की जाए। उन्होंने राज्य में सरकारी विभागों में सफाई कार्यों में ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर उपनल समान सभी सामाजिक सुरक्षा व श्रम कानून सम्मत सभी सुविधाएं दिलाए जाने और दस साल की सेवा के आधार पर उनकी भी नियमितीकरण की पॉलिसी बनाई जाए। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि शासन की ओर से दैनिक वेतन, कार्य प्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक और तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों का नियमितीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

## नई शिक्षा नीति को लेकर दी जानकारी

**हल्द्वानी:** मानव अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय विधि विभाग के समन्वयक डॉ. दीपांकुर जोशी, सहायक प्राध्यापक अंशु जोशी, स्वाति उपाध्याय की ओर से रुद्रपुर स्थित यूनिटी लॉ कॉलेज और चाणक्य लॉ कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधि के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रस्तुत किए गए प्रावधानों और मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से संचालित नवीन पाठ्यक्रम एमए, मानव अधिकार और दोहरी डिग्री की उपयोगिता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम को यूनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएस राठौर और चाणक्य लॉ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीपाक्षी जोशी ने भी संबोधित किया।

बैठक

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर प्रदेश भर में सेवा पखवाड़ा आयोजित होंगे

# जन्मदिवस पर आपदा के मोर्चे पर जूझते रहे सीएम धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** अपने 50वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार का दिन शुरू होते ही आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर जूझते नजर आए। मुख्यमंत्री ने सुबह से ही आपदा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने के साथ अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी एक दिन पहले ही अपने जन्मदिवस अवसर पर किसी प्रकार का उत्सव या औपचारिक आयोजन नहीं करने का निर्णय ले चुके थे। मुख्यमंत्री ने अपना जन्मदिन सादगी और सेवा के साथ मनाने की घोषणा करते हुए, समर्थकों से भी सादगी का पालन करने की अपील की थी। इधर, मंगलवार तड़के से ही प्रदेश में कई जगह आपदा की सूचना पर मुख्यमंत्री भी जन्मदिन की खुशियों को भूल, आपदा प्रबंधन में व्यस्त हो गए। सीएम ने तड़के ही जिलाधिकारियों से आपदा से हुए नुकसान का विवरण पूछा। सुबह नौ बजे से पहले ही देहरादून में मालदेवता क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए निकल गए। उन्होंने ट्रैक्टर पर चढ़कर, नुकसान का जायदा लिया, साथ ही प्रभावितों को हरसंभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। सीएम ने आवास से प्रदेश की सभी तहसीलों में तहसील दिवस कार्यक्रमों में वर्चुअल प्रतिभाग कर जनता से संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश भर में सेवा पखवाड़ा आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सेवा पखवाड़ा में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और जनहित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाएं। सेवा पखवाड़ा समाज को जोड़ने और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम भी है।



मुख्यमंत्री धामी को जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे पूर्व सीएम कोश्यारी।

### पीएम सहित दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री धामी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने शुभकामना संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री धामी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण के साथ देवभूमि की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।


रुद्रपुर में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते महापौर विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार


पांच मंदिर में हवन करते विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व अन्य। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम

## रुद्रपुर में नगर निगम की ओर से वेंडिंग जोन में महिला हाट बाजार, बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर निगम रुद्रपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय महिला हाट बाजार, बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ वेंडिंग जोन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर विकास शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल और पूर्व महापौर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा कि 16 सितंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। रुद्रपुर नगर निगम द्वारा महिला हाट बाजार, बहुउद्देशीय शिविर और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। देश को पीएम मोदी जैसे प्रधानमंत्री और उत्तराखंड को युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी का नेतृत्व मिलना हमारे के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने सीएम धामी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु की कामना भी की। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए पूर्णतः समर्पित है। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि नगर निगम की ओर से जनकल्याण और महिला सशक्तिकरण को लेकर उठाया गया यह कदम सराहनीय और प्रेरणास्पद है। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब वे जमीन तक पहुंचेंगी और लाभार्थियों तक वास्तविक रूप से लाभ पहुंचेगा। ऐसे शिविर इसी लक्ष्य को साकार करते हैं।

**शहर में चला विशेष स्वच्छता अभियान:** कार्यक्रम के दौरान डीडी चौक से पारले चौक और इंदिरा चौक से गाबा चौक तक विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वहीं महापौर समेत सभी विशिष्ट अतिथियों ने स्वच्छता कार्य में लगे पर्यावरण मित्रों को कंबल व हेल्थ किट प्रदान कर सम्मानित किया।

**महिला हाट बाजार में स्वयं सहायता समूहों ने लगाए स्टॉल:** महिला हाट बाजार में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, घरेलू उत्पाद आदि प्रमुख रूप से उपलब्ध थे। वहीं बहुउद्देशीय शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना सहित राज्य व केंद्र सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मौके पर लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

**फुलवारी महिला समूह को दी 11 हजार की धनराशि:** कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर लौटी फुलवारी महिला समूह की टीम को 11 हजार की नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**ये लोग रहे मौजूद:** भाजपा नेता सुरेश कोली, एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीयूष रंजन, शिक्षा अधिकारी ममता श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मंडल महामंत्री पारस चुघ, जितेंद्र संधू, कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव, मीडिया प्रभारी विजय तोमर, स्वाति शर्मा, साधना शर्मा, छाया शर्मा, रचित सिंह, नागेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री बिट्टू चौहान आदि मौजूद रहे।


किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सीएम के जन्मदिवस पर मरीजों को फल बांटे

**किच्छा:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित किए। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के हल्द्वानी बाईपास स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतारते हुए उत्तराखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सराहनीय कार्य किया है। भाजपा नेता सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के कई अस्पतालों में मरीज एवं तीमारदारों तथा गरीब बस्तियों में फल एवं मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर कमलेश दुबे, करन गंगवार, मनोज गुप्ता, नवीन सिंह, धनंजय सिंह, दर्शन सिंह हिंदुस्तानी, विशाल चौहान, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के ग्रामसभा बुरानगर में केक काटते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर के ग्राम पंचायत बुरानगर में केक काटा

**दिनेशपुर:** वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश बजाज के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बुरानगर व मोहनपुर स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर व मरीजों को फल वितरण का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन मनाया गया। मंगलवार को ग्राम पंचायत बुरानगर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनपुर में मरीज को फल वितरण किए गए। ग्रामीण क्षेत्र में केक काटकर मिष्ठान वितरण किया गया। अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुदर्शन विश्वास व संचालन महामंत्री आयुष चिलाना ने किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश कुमार, ग्राम प्रधान शिशु देव, कमलेश कुशवाहा, कमल चंद, अंकित बाठला मौजूद रहे।

### विधायक अरोरा ने हवन कर दीर्घायु की कामना की

**रुद्रपुर:** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के जन्मदिन के अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर में कार्यकर्ताओं संग हवन यज्ञ किया। साथ ही मुख्यमंत्री धामी की लम्बी उम्र की कामना की। वहीं ट्रेनिंग सेंटर के पास बने गौ सेवा सदन में विधायक अरोरा ने गौ माता को गुड़ व चारा खिलाकर उनकी सेवा की व कुछ समय गोवंश के बीच बिताया। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड मजबूती से आगे बढ़ा है। साथ ही राज्य के विकास की बात हो या सख्त निर्णय लेने हो जिसमे धर्मांतरण कानून बनाना, लैंड जिहाद, लव जिहाद के खिलाफ सरकार द्वारा सख्ती से कार्यवाही हो, समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य जैसे बड़े बड़े फैसले लिए। दिन–रात उत्तराखंड की सेवा में लगे रहे। इसलिए आज मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन को भी हमने युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि पूरे जिले में पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से मना रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री तरुण दत्ता, सुरेश कोली, जगदीश तनेजा, सुशील गाबा, राधेश शर्मा, पार्षद पवन राणा, राजेश जग्गा, सुनील यादव, वीनू सिंह, मनीष गोस्वामी, मयंक कक्कड़, विक्रम खन्ना, मोहित चड्ढा आदि मौजूद रहे।


खटीमा–मझोला मार्ग के नवीनीकरण का कार्य शुरू कराते जिपं अध्यक्ष अजय मौर्या।

### खटीमा-मझोला मार्ग के नवीनीकरण का कार्य शुरू

**खटीमा:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जन्मदिवस पर क्षतिग्रस्त खटीमा–मझोला मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या और नेशनल हाईवे एथॉरिटी के अधिकारियों ने विधिवत पूजा अर्चना और नारियल तोड़कर किया। काफी लंबे समय से लंबित चल रही खटीमा मझोला राजमार्ग का आज शुभारंभ हुआ। जिससे सीमांत के ग्राम वासियों को भारी राहत मिलने के साथ ही समय और ईंधन की बचत होगी। एनएच के अवर अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि इस मार्ग के नवीनीकरण के लिए 24.92 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। सड़क का निर्माण हरियाणा की कार्यकारी संस्था एसकेएस वाणिज्य करेगी। सड़क शुभारंभ की सूचना मिलते ही सैकड़ो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मौजूद पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर किसान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह रिंकू, विक्रम सिंह संधू, कारज सिंह गिल, अमरदीप सिंह, बलराज सिंह, गुरप्रीत सिंह खिंडा, सोमनाथ मौर्य, जसवंत सिंह आदि रहे।


सितारगंज उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल बांटते भाजपा कार्यकर्ता।

### सितारगंज अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**सितारगंज:** भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 50वें जन्मदिवस को सेवा व समर्पण के भाव के साथ सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल के नेतृत्व में उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई, वहीं "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल ने कहा कि उत्तराखंड इस वर्ष भीषण आपदा से जूझा है, ऐसे हालात में मुख्यमंत्री धामी ने स्वयं अपने जन्मदिवस को सादगी से मनाने का निर्णय लिया और वे पूरे दिन आपदा प्रभावित क्षेत्रों मालदेवता, केसरवाला आदि में राहत व पुनर्वास कार्यों में जुटे रहे।


बाजपुर के श्री हनुमान मंदिर में बच्चों के पैर धोकर आशीर्वाद लेते भाजपा नेता शर्मा।

### भाजपा नेता ने बच्चों के पैर धोकर लिया आशीर्वाद

**बाजपुर:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को देवनारायण द्विवेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अजीमुल्ला (बाजपुर) में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रांगण में फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। बच्चों के बीच कापी–पेन एवं फल वितरित किए गए। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह 'राजू', भाजपा के नैनीताल जिला प्रभारी राजेश कुमार, मोहन पाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, वीरेंद्र बिष्ट समेत विद्यालय के प्रबंधक राहुल द्विवेदी, प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह व अध्यापक–शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता गौरव शर्मा के नेतृत्व में बच्चों के पैर धोकर सीएम धामी की दीर्घायु की कामना की गई। इसके बाद कन्याओं के हाथों से जन्मदिन का केक काटा गया। इस मौके पर अंकुर अग्रवाल, संजीव चौहान, जयराम सिंघल, राजेंद्र शर्मा, रिंकू मौर्या, ममता जैन, पूजा जिंदल, लता गोयल, मुकेश शर्मा, रवि कुमार, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

### कनिष्ठ प्रमुख ने किया भंडारे का आयोजन

**खटीमा:** कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह नेगी द्वारा सीएम धामी के जन्मदिवस पर जंगल जोगीठेर में भंडारे का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माता बिशना देवी और उनकी दोनों बहनें पुष्पा देवी व नन्दी देवी के द्वारा केक काट कर किया गया। उसके पश्चात दिन भर राहगीरों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, सतपाल सिंह, ललित बोरा, रंदीप पोखरिया, शिव राज बोरा, पूरन बोरा, दिवान सिंह धामी मौजूद रहे।

# संगठन के लिए समर्पित भाव से करें कार्य

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का आह्वान किया। सुखीजा ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही सरकार व जनता के बीच रीढ़ की हड्डी का कार्य करता है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर बधाई संदेश भेजा।

मंगलवार को दुर्गा मंदिर चरनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के साथ भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का फूलमाला व श्रीराम नाम का पटका पहनकर जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर ने कहा कि भाजपा की नीतियां हमेशा से ही जन कल्याणकारी रही हैं। प्रदेश की धामी सरकार बिना किसी भेदभाव के पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्य कर रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर व संचालन भाजपा युवा नेता भुवन डोगरा ने किया। इस मौके पर भाजपा किसान नेता मोहन जोशी, पूर्व सैनिक हरीश देऊपा, महिला नेत्री उमा राणा, दीपा रावत, निशा डोगरा, हरुली रावत, बसंती देवी रजवार, रितू देऊपा, विक्रम डोगरा, आलोक पाठक, पूरन चंद रजवार, प्रेमचंद कांडपाल, हरीश चंद रजवार आदि मौजूद रहे।


नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# काशीपुर में सादगी से मनाया जन्मदिन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन पूरी सादगी और सौम्यता के साथ मनाया गया। महापौर दीपक बाली ने इस अवसर पर पूरे काशीपुर में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और मुख्यमंत्री के स्वस्थ कुशल एवं दीर्घायु होने की कामना की।

मंगलवार को एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किए गए, एबीवीपी द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। नगर निगम प्रांगण में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में निगम कर्मी व पर्यावरण मित्रों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कराई। वसुधैव कुटुम्बकम काशीपुर द्वारा विशाल निशुल्क रक्तदान व जांच शिविर, केवीआर हॉस्पिटल द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, कृषि उत्पादन मंडी समिति काशीपुर द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान के साथ अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच का लाभ उठाया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संदीप दीक्षित, मुकेश चावला, प्रकाश नेगी, ब्लड बैंक प्रभारी जोगा सिंह, नगर मंत्री अभाविप आदित्य तनेजा, कॉलेज अध्यक्ष देव गुप्ता, मुख्य नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट, पार्षद अशोक सैनी, संदीप सिंह, मंडी सचिव योगेश तिवारी, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दीपक मित्तल, अजय अग्रवाल, सचिन गोयल, प्रदीप डाबर मौजूद रहे।


काशीपुर के सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल बांटते महापौर दीपक बाली।


दौड़ में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार


थारू विकास भवन से शुरू हुई मैराथन में डायनेस्टी स्कूल के विजयी बच्चे।

### जोगीठेर नगला में धामी का जन्मदिन मनाया

**खटीमा:** जोगीठेर नगला गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला पंचायत सदस्य अमरजीत कौर और पूर्व ब्लाक प्रमुख खटीमा रणजीत सिंह नामधारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। यहां गुरसेवक सिंह, जागीर सिंह, भजन सिंह, घनश्याम सिंह, रजवंत कौर, जेमवती देवी, बंटी सिंह, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, कुलतर सिंह नामधारी, गुरप्रीत सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

आयोजन

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर मैराथन, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 22 को कान की मशीन बांटीं**

# मैराथन में दीपांशु, रामबाबू और अंकिता बोरा ने लहराया परचम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प धारिणी फाउंडेशन द्वारा नगला तराई से लोहियाहेड तक मैराथन दौड़ और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माता बिशना देवी ने केक काटने के बाद नगला तराई से हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। अंडर-14 बालक वर्ग, ओपन बालक वर्ग और ओपन बालिका वर्ग में आयोजित की गई मैराथन दौड़ में अंडर-14 वर्ग में खटीमा के दीपांशु सिंह बोरा ने प्रथम, पकड़िया के मनन जोशी ने द्वितीय और नगला तराई के सोहिल सिंह ने तृतीय, ओपन बालक वर्ग में अमाऊं के राम बाबू ने प्रथम, कालापुल नहरपार के कमल सिंह बिष्ट ने द्वितीय और अमाऊं के कुणाल बोरा ने तृतीय ओपन बालिका वर्ग में टनकपुर की अंकिता बोरा ने प्रथम, खटीमा की दीक्षा मेहरा ने द्वितीय और जाह्नवी राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को बिशना देवी ने पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इधर लोहियाहेड कैम्प कार्यालय में फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ बिशना देवी ने फीता काटकर किया। इस शिविर में 36 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। वहीं कैम्प कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें सीएमएस डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि 340 ओपीडी, 22 कान की मशीनों और 14 नजर के चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। 125 लोगों की खून की जांच हुई। 16 ने विकलांग प्रमाण पत्रों के लिए पंजीकरण कराया। दो विकलांग प्रमाण पत्र जारी किए गए और दो व्हीलचेयर भी वितरित की गईं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, जीवन सिंह धामी, रविन्द्र सिंह राणा, नंदन सिंह खड़ायत मौजूद रहे।


खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर केक काटतीं उनकी माता बिशना देवी। ● अमृत विचार

### दूसरी मैराथन में डायनेस्टी के बच्चों का दबदबा

**खटीमा:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर थारू विकास भवन से पारीन बैंक्वेट हाल तक मैराथन दौड़ आयोजित की गई। इसमें डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैराथन दौड़ के जूनियर वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में सुदीप बाग ने प्रथम और मयंक जोशी ने द्वितीय, बालिका वर्ग में खुशी चौहान ने प्रथम और ज्योति जोशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। आयोजक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, मनीष चंद, विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, हेमलता बोरा आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### दुर्घटना के मामले में कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** एक गैस एजेंसी की गाड़ी को कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिसमें चालक की मौत हो गई थी। मामले में मृतक की पत्नी ने कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुल्तानपुर पट्टी, वार्ड नं. 3, टांडा बंजारा निवास बेबी ने आईटीआई थाना को दी तहरीर में बताया कि उसका पति रणधीर सिंह इण्डेन गैस की गाड़ी चलाता था। 10 सितंबर को उसका पति वाहन को इण्डेन गैस प्लांट घोसीपुरा से लेकर काशीपुर जा रहा था। तभी हाईवे रोड पर बल्ली ढाबा पर चाय नाश्ता करने के लिए रुका। जिसके बाद जब वह गाड़ी लेकर चला, तो 7 :15 बजे काशीपुर की ओर सामने से आ रहे कंटेनर के चालक ने तेजी व लापरवाही चलाते हुए उसके पति के वाहन पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हल्द्वानी ले जाते समय रास्ते में सुल्तानपुर पट्टी के पास उसने दम तोड़ दिया।

### तेंदुए दिखाई देने से लोगों में दहशत

**बाजपुर :** सोमवार देर रात बाजपुर मुख्यमार्ग पर घनी आबादी क्षेत्र में रेलवे फाटक के नजदीक एक तेंदुआ दिखाई दिया, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल वन विभाग की टीम को दे दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारी मोनू राजहंस ने यहां निवासरत लोगों को सावधानी बरतने की बात कही है। वहीं प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने कहा कि रेलवे फाटक के पास उगी झाड़ियों की साफ–सफाई करवाने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व रेलवे विभाग को अवगत कराया गया है और पत्राचार भी किया गया है।

### 80 बंदरों को पकड़कर गड़प्पू के जंगल में छोड़ा

**बाजपुर :** नगरपालिका परिषद बाजपुर की टीम ने मंगलवार को बड़े अभियान में चीनी मिल आसवनी इकाई परिसर के साथ ही शहर के अलग–अलग हिस्सों से करीब 80 बंदरों को पकड़कर बरहैनी वन क्षेत्र के अंतर्गत गड़प्पू के जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है। मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने बताया कि बंदरों के उत्पात से आमजन परेशान थे। लोगों की शिकायतों को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

# फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के महत्व और उपयोगिता पर डाला प्रकाश

## प्रशिक्षण में आशा कार्यकत्रियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के महत्व एवं उपयोग पर आधारित एक दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अग्रिम पंक्ति पर कार्यरत आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित कर उन्हें कम्युनिटी ट्रेनर के रूप में विकसित करना था। ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में समुदाय को सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से निपटने, फूड फोर्टिफिकेशन, खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी संदेश प्रभावी रूप से पहुंचा सकें।

मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त खाद्य सुरक्षा कुमाऊं मंडल आरएस कठायत ने कहा कि फूड फोर्टिफिकेशन, खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अग्रिम पंक्ति पर कार्यरत आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने की सबसे सशक्त कड़ी हैं। जब तक समुदाय स्तर पर सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार को अपनाने की समझ विकसित नहीं होगी तब तक कुपोषण जैसी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त खाद्य सुरक्षा कुमाऊं मंडल आरएस कठायत।

एफडीए उत्तराखंड के उप आयुक्त एवं ईट राइट इंडिया के नोडल अधिकारी गणेश कंडवाल ने ईट राइट इंडिया अभियान की प्रगति, फोस्टेक प्रशिक्षण तया फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों पर जन-जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ईट राइट इंडिया अभियान के विभिन्न नवाचारों ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, ईट राइट मार्केट एवं ईट राइट मेला के बारे में भी जानकारी दी। जिला अभिहित अधिकारी व सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र फुलारा ने आंगनबाड़ी केंद्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी।

जीएआईएन संस्था की परामर्शदाता विजेता सिंगहारी ने फूड फोर्टिफिकेशन, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं मोटापा नियंत्रण पर प्रस्तुति दी। साथ ही बताया कि उनकी संस्था वर्ष 2003 से भारत में कुपोषण को समाप्त करने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकारों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। उन्होंने फोर्टिफिकेशन के वैज्ञानिक लाभों, सुरक्षित खाद्य पदार्थों के चयन और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा कार्यकत्रियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**काशीपुर:** एक महिला ने शिक्षक पति समेत ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस में तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि उसका विवाह एक शिक्षक के साथ 18 अप्रैल 2018 को हुआ था। महिला ने बताया कि शादी में उसके परिजनों ने लगभग बीस लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद से ही ससुराली उसको ताने देने लगे कि उनका बेटा एलटी शिक्षक है और 1.15 लाख रुपये प्रतिमाह कमाता है। तेरे परिवार ने हमारी हैसियत के मुताबिक दहेज और कार तक नहीं दी। आरोप लगाया कि उसके ससुराली दहेज में दस लाख रुपये और स्कार्पियो कार की मांग करने लगे। साथ ही कहने लगे जब तक मांग पूरी नहीं होती वह उसको नहीं रखेंगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित महिला ने बताया कि वह पांच लाख रुपये मायके से लाकर पति को दे चुकी है। महिला ने बताया कि बीती 2 अप्रैल 2025 की सुबह लगभग सात बजे पति व ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और दहेज में दस लाख रुपये की मांग करने लगे।

# नेम सिंह आत्महत्या के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

- मृतक के भतीजे ने तहरीर सौंपकर ससुरालियों पर लगाए आरोप

**अमृत विचार:** नेम सिंह आत्महत्या के मामले में पुलिस ने भतीजे की तहरीर पर मृतक के ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तहरीर में ससुरालियों पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

बाजपुर के वार्ड नं. 13, राजीवनगर निवासी रवि शंकर ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके चाचा नेम सिंह का विवाह प्रीति निवासी मुल्लाखेड़ा, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश के साथ हुआ था। विवाह के बाद चाचा कि तीन संतानें भी हैं। बताया कि 24 अगस्त को उसकी चाची की मृत्यु हो गयी थी। तब चाचा के ससुराल वालों ने कहा कि इसका संस्कार अपने घर पर करेंगे। लेकिन जब उसके चाचा वहां शव लेने पहुंचे तो ससुराल वालों ने उनके साथ मारपीट की और कहने लगे कि शव तब देंगे, जब वह अपनी संपत्ति उनके नाम करा देगा। बताया कि 25 अगस्त को उनके ससुराल वाले उन्हें रजिस्ट्री ऑफिस काशीपुर तथा रजिस्ट्री ऑफिस तहसील स्वार ले गये और उनके ससुर छन्नू सिंह ने चाचा की सभी संपत्ति अपने नाम पर करा ली। जिसके बाद उसकी चाची का शव दिया। बताया कि चाचा ने अपने पैतृक गांव छपर्रा, थाना स्वार जिला रामपुर में अपनी पत्नी का संस्कार किया। बताया कि उसके चाचा अपने ससुराल वालों की प्रताड़ना से अत्यधिक परेशान हो चुके थे। आरोप है कि उनके ससुराल वाले धमकी दे रहे थे कि उसकी सारी संपत्ति बेचकर उसे सड़क पर ला देंगे। रविशंकर ने बताया कि चाचा ने अपनी मौत के संबंध में अपने फोन में वीडियो भी बनायी थी और डायरी में सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें बताया कि उनके ससुर छन्नू सिंह, साले संजय और गौरव, साढ़ू अंकित, सास द्वारा लगातार उत्पीड़न के चलते वह यह कदम उठा रहे हैं। पुलिस ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, कोहराम

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** सितारगंज मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में दूसरा बाइक सवार घायल हो गया। अधेड़ की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।


शंकर राय (फाइल)।

ग्राम बरा निवासी 55 वर्षीय शंकर राय मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे घर से बाइक लेकर बाजार के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि घर की गली से मुख्य सड़क पर पहुंचते ही हाइवे पर तेज गति में आ रही बाइक ने शंकर राय की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में शंकर राय की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शंकर राय गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर अवस्था में शंकर राय को इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान गांव से निकलते ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर बरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कमरे में लटका मिला सिडकुल कर्मी का शव

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक युवक का फंदे पर लटका हुआ शव मिला है। सोमवार की देर शाम को आवास विकास पुलिस को सूचना मिलते ही एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। सूचना के आधार पर जब पुलिस जगतपुरा पहुंची तो देखा कि युवक फंदे पर लटका हुआ है। पूछताछ में पता चला कि युवक का नाम 25 वर्षीय संजय कुमार निवासी गांव नाई खनस्यू नैनीताल था। युवक सिडकुल की कंपनी में काम करता था और किराए पर अपने भाई के साथ रहता था। इस दौरान मृतक के भाई राजेंद्र कुमार ने पुलिस को सुसाइड नोट भी दिया। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# रुद्रपुर में सड़क के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल हाईवे के बहुप्रतीक्षित चौड़ीकरण कार्य का महापौर विकास शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री अमित नारंग, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने मंत्रोच्चारण के बीच संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इसके साथ ही इंदिरा चौक से सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि आठ करोड़ की लागत का यह निर्माण कार्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। इसलिए इस निर्माण कार्य का शुभारंभ उनके जन्मदिन के मौके पर ही किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर की आबादी काफी बढ़ चुकी है, जिसके चलते सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक होने से आये दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मार्ग का चौड़ीकरण होने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान चौड़ीकरण की जद में आ रही नगर निगम, पोस्ट आफिस और बीएसएनएल की दीवार को भी हटाने की कार्रवाई की जाएगी। आठ करोड़ की लागत से दोनों ओर सड़क को सात-सात मीटर चौड़ा किया जाना है। इसके साथ ही दोनों ओर निकासी के लिए नाला निर्माण भी होगा। सड़क के दोनों ओर पैदल चलने के लिए फुटपाथ की व्यवस्था भी होगी। इंदिरा चौक से लेकर अटरिया मोड़ तक हाईवे के चौड़ीकरण के साथ ही सड़क का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। चौड़ीकरण के बाद सड़क 6 लेन की हो जाएगी। जिससे आये दिन लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। दीपावली के बाद व्यापारियों को विश्वास में लेकर और जन भावनाओं का सम्मान करते हुए काशीपुर बाईपास मार्ग का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि जिला मुख्यालय पर मुख्य मार्ग हाईवे का चौड़ीकरण शहरवासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है।


पूर्व महापौर रामपाल सिंह को मिठाई खिलाते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)**

पत्रांक : 227/गृह० नामान्तरण/2025-2026 — **गृहकर नामान्तरण सूचना** — दिनांक :18-08-2025

सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार दर्ज पूर्व भवन स्वामियों का नाम खारिज कर उनके सम्मुख अंकित कॉलम सं०-5 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम कॉलम सं०-6 उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर गृहकर वसूली हेतु गृहकर नामान्तरण/संशोधन दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र० सं० | वार्ड संख्या | भवन संख्या | पूर्व भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम भवन नामान्तरण किया जाना है | नामान्तरण/संशोधन हेतु प्रस्तुत अभिलेख का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 210 | पुराना 07 नया 14 | 210/07 | श्री महेश चन्द्र भट्ट पुत्र शिव दत्त भट्ट | श्रीमती रूचि अग्रवाल पत्नी श्री सौजन्य अग्रवाल | रजिस्ट्री बिक्री नामा के आधार पर |

अतः उक्तानुसार गृहकर अभिलेखों में उक्तानुसार कॉलम सं० 4 में अंकित पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर कॉलम सं० 6 में उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर कॉलम सं० 5 में अंकित वर्ममान भवन स्वामी का नाम गृहकर नामान्तरण / संशोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य एक माह के भीतर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से अपनी आपत्ति प्रेषित कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा उक्तानुसार प्रस्तावित गृहकर नामान्तरण / संशोधन करते हुये गृहकर अभिलेखो में गृहकर की वसूली हेतु पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर वर्तमान भवन स्वामी के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, खटीमा (ऊधम सिंह नगर) — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)


# फर्जी ट्रस्ट व अनाथ आश्रम के नाम पर कर रहे थे उगाही

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** फर्जी ट्रस्ट के नाम पर कुछ बाहरी लोग क्षेत्र के ग्रामीणों से वसूली कर रहे थे। ग्रामीण उन्हें पकड़ कर पुलिस के समक्ष ले गए। पुलिस ने आरोपी फर्जी ट्रस्ट संचालकों को वसूली न करने की हिदायत दी। मामले में पंचायत भी हुई जिसमें ट्रस्ट संचालक ने अपनी गलती स्वीकार की।

क्षेत्र निवासी व्यक्ति का समुदाय विशेष लोगों के साथ गहरा संबंध है। वह उन्हें अपना गुरु मानता है। वह उक्त लोगों के साथ मिलकर गांव सुरेंद्रनगर में एक वृद्ध व अनाथ आश्रम खोलने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए गांव निवासी व्यक्ति ने ट्रस्ट के नाम पर गांव की अपनी भूमि हस्तांतरित कर दी। उक्त लोगों ने ट्रस्ट के नाम की बिल बुक छपवाकर शक्तिफार्म क्षेत्र के कई गांवों में अवैध वसूली का कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप था कि उक्त लोग वृद्ध व अनाथ आश्रम खोलने के बहाने, लोगों को प्रभावित कर धर्मांतरण कराने की फिराक में हैं। ग्रामीणों ने उनका कड़ा विरोध जताते हुए पुलिस को मौखिक सूचना दे दी। पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए ट्रस्ट संचालक से पूछताछ की। पूछताछ में उसने कहा कि ट्रस्ट के पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने ट्रस्ट संचालकों को पंजीकरण न होने तक भूमि पर भवन निर्माण की गतिविधियों को रोकने की हिदायत दी। मंगलवार को गांव में पंचायत भी हुई जिसमें इसमें ट्रस्ट संचालकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भवन निर्माण की सभी गतिविधियों को रोकने की बात कही है।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस, नगर पंचायत चेयरमैन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

## अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

**शक्तिफार्म :** देवनगर एवं नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 शास्त्री वार्ड बॉर्डर पर 65 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शिनाख्त होने के पश्चात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देव नगर निवासी विश्व देव विश्वास के पिता 65 वर्षीय मिलन विश्वास नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 शास्त्री वार्ड में रहकर अपना भरण पोषण करते थे। सोमवार की रात अपने परिजनों को मछली मारने जाने की बात कहते हुए घर से निकल पड़ा। मंगलवार की सुबह देवनगर एवं नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 बॉर्डर पर जमा हुए बरसाती पानी में एक शव देखे जाने की सूचना मिली। तत्काल इसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट एवं सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र बोरा दलबल के साथ पहुंचे एवं शव को बरसाती पानी से बाहर निकाला। शव का पहचान वार्ड नंबर चार, शास्त्री वार्ड निवासी 65 वर्षीय मिलन विश्वास के रूप में हुई। मृतक मिलन विश्वास के पुत्र देवनगर निवासी विश्व देव ने कहा कि वह नशे का आदी था। प्रथम दृष्टता नशे में होने एवं पानी के बीच से गुजरते वक्त, गिर कर मौत होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। इधर चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने कहा कि पोस्टमार्टम के पश्चात ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद से ही मृतक मिलन विश्वास के परिवार में कोहराम मचा है। इधर सूचना मिलते ही नगर पंचायत चेयरमैन सुमित विश्वास एवं समाज सेवी गोविंद पोखरिया के अलावा तमाम वार्ड वासी भी मौके पर पहुंचे एवं गमगीन परिजनों को ढांढस बंधाया।

## प्लाईवुड कारोबार की आड़ में हड़पे 1.64 करोड़



**रुद्रपुर :** सिडकुल की प्लाईवुड कंपनी से कारोबार की आड़ में 1.64 करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्लॉट सात सेक्टर नौ आईआईई सिडकुल स्थित आर्चिडप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी के अशोक शर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी का माल बीवी लमीन ताज जो आटीटीओ वेनियस्ट्राट एंटपर्वन बेल्जियम के पत्ते पर रजिस्टर्ड है, जबकि आरोपित कंपनी बोदकदेव अहमदाबाद गुजरात में है। जिसके पार्टनर संदीप श्याम सुंदर शर्मा है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा वर्ष 2019 से बीवी लमीन ताज कंपनी को आर्डर के अनुसार माल सप्लाई करती है। वितीय वर्ष 2021–22 में आर्डर के मुताबिक ही इस वर्ष भी माल की पूर्ति की थी। जिसका एक करोड़ 64 लाख 18 हजार 424 रुपये बकाया है। यह भी तय था कि यदि 90 दिन के अंदर आरोपी फर्म भुगतान नहीं करती है तो फर्म 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देगी। आरोप था कि पिछले दो से तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी बीवी लमीन ताज स्थित फर्म ने भुगतान नहीं किया और जब कंपनी के पार्टनर से दूरभाष और ईमेल के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की तो अभियुक्त ने अभद्रता की और बकाया देने से इंकार कर दिया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप था कि अभियुक्त विदेश भागने की फिराक में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ऑनलाइन फ्री फायर के चक्कर में गंवाए 4.36 लाख

**रुद्रपुर :** मोबाइल पर ऑनलाइन गेमिंग का चस्का 11 वर्षीय किशोर को महंगा पड़ गया। इसका फायदा उठाते हुए साइबर ठग ने किशोर के पिता के खाते से लाखों रुपये की निकासी कर ली और साइबर ठगी को अंजाम दे डाला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम गार्डन निवासी पारूल देवी ने बताया कि उसका 11 वर्षीय बेटा ऑनलाइन फ्री फायर मैक्स गेम खेलता है। इसी ऑनलाइन गेमिंग के लत का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फरवरी 2025 से 31 जुलाई 2025 तक उसके पिता के खाते से 4 .36 लाख रुपये की निकासी कर डाली। जिसका मैसेज आने पर ही ठगी की भनक लगी। पता चला कि ऑनलाइन खेल के दौरान ही साइबर ठग ने ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस ने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम– अनिल कुमार, 9927028507

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/HDW/KSHP/A000000449, श्री ऋषभ शर्मा, वार्ड नंबर 14 टांडा उज्जैन, 0, टांडा उज्जैन, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत–244713 एवं श्रीमती लीला ओझा, फतेहउल्लागंज, 0, फतेहउल्लागंज, सेमीअर्बन, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 244001 | 09-06-2025 / 12-09-2025 सांकेतिक | ₹ 17,47,253/- दिनांक 09-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नं. 200 मिन, एनए, ग्राम धीमरखेड़ा, दरियाल रोड, यूएस नगर, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, काशीपुर, उत्तराखड, 244713, सीमाएं: उत्तर –विक्रेता का घर दक्षिण –20 फीट रोड पूर्व –20 फीट रोड पश्चिम –खाली प्लॉट |
| 2 | UP/ALI/RMPR/A000000053, श्री वसीम वसीम, श्रीमती तबस्सुम तबस्सुम, दोनों: गांव और, पोस्ट पटवाई, रामपुर, शाहाबाद, पोस्ट पटवाई, विलांड, मेट्रो, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244901 | 12-06-2025 / 12-09-2025 सांकेतिक | ₹ 15,37,246/- दिनांक 10-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | प्लॉट ग्राम पटवाई, तहसील शाहबाद, आर. रवि फिलिंग स्टेशन (150 मी.), रामपुर, उत्तर प्रदेश, 244901, तहसील शाहबाद, आर. रवि फिलिंग स्टेशन (150 मी.), मेट्रो, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244901, सीमा: उत्तर –सत्यपाल फौजी प्लॉट दक्षिण–खेत पूर्व–सड़क 17 फीट चौड़ा पश्चिम–रहीस प्लॉट |
| 3 | UP/HDW/KSHP/A000000047, श्री मोहम्मद नदीम, श्री मोहम्मद इकबाल, श्रीमती खुर्शीदा बेगम, वार्ड नंबर 20 कटोराताल काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 | 12-06-2025 / 12-09-2025 सांकेतिक | ₹ 9,04,731/- दिनांक 10-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | मकान नं. 136 वार्ड नं. 20 मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती काशीपुर, काशीपुर,, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713, सीमाएं: उत्तर–मिर्जा जी का मकान, दक्षिण–सड़क, पूर्व–सड़क, पश्चिम–अन्य संपत्ति |
| 4 | UP/HDW/STGJ/A000000116 श्री अमरजीत सिंह और श्रीमती सावित्री देवी, दोनों: धीमरखरा काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 | 12-06-2025 / 12-09-2025 सांकेतिक | ₹ 21,27,991/- दिनांक 10-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | धारियाल रोड ढीमरखेड़ा काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713, परिसीमाएं: उत्तर–सड़क, दक्षिण– अन्य संपत्ति पूर्व–सड़क पश्चिम–इंदर सिंह का घर |
| 5 | UP/HDW/KSHP/A000000035 श्री अनिल कुमार और श्रीमती सविता रानी, दोनों: मधु बन नगर लक्ष्मी पुर पट्टी काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 | 09-06-2025 / 12-09-2025 सांकेतिक | ₹ 13,74,690/- दिनांक 09-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | 1, खसरा नं. 163 मिन, गायत्री निवास, मधुवन नगर, लक्ष्मीपुर पट्टी, काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 244713, मधुवन नगर, लक्ष्मीपुर पट्टी, काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, कॉर्बेट होटल, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, सीमाएं: उत्तर –रमेश चंद्र वर्मा की संपत्ति दक्षिण–अन्य संपत्ति, पूर्व–रोड, पश्चिम–अन्य संपत्ति |
| 6 | UP/HDW/KSHP/A000000260, श्री हरिओम सिंह, श्रीमती आकांक्षा देवी, दोनों: बैरमपुर बहादुर नगर, ठाकुरद्वारा, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244601 | 09-06-2025 / 12-09-2025 सांकेतिक | ₹ 24,77,100/- दिनांक 09-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नं. 9/3 मिन,एनए, ग्राम ढकिया गुलाबो, भव्य विहार, कविनगर, यू.एस.नगर, कविनगर, काशीपुर, उत्तराखंड–244713, सीमाएं: उत्तर – अन्य का मकान, दक्षिण – कंचन कौर (विक्रेता) की भूमि, पूर्व – अन्य संपत्ति, पूर्व – 20 फीट रोड |

दिनांक : 16-09-2025, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड






| दिनांक | शिविर स्थल | दिनांक | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|
| 17 सितम्बर 2025 | बेस चिकित्सालय हल्द्वानी | 23 सितम्बर 2025 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खनस्यू |
| 1 अक्टूबर 2025 | बी.डी. पाण्डे जिला चिकित्साल नैनीताल | 25 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटाबाग |
| 17 सितम्बर 2025 | संयुक्त चिकित्सालय रामनगर | 27 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालधनचौड़ |
| 17 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवाली | 29 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमताल |
| 18 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुरी | 30 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुयालबाड़ी |
| 20 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेतालधाट | 30 सितम्बर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गरमपानी |
| 23 सितम्बर 2025 | समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ | 2 अक्टूबर 2025 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्दूचौड़ |

उपरोक्त शिविरों के अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जायेगा

उत्तराखण्ड में इस अभियान के तहत नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं।

शिविर में अनीमिया जांच, टीबी, कैंसर स्क्रीनिंग, किशोरियों की स्वास्थ्य जांच, मासिक धर्म व स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जा रही है। आइए! अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सरकारी अस्पताल जाएं.. और सुविधाओं का लाभ उठाएं।

आपके बेहतर स्वास्थ्य हेतु सभी जांचे एवं उपचार पूर्णतः निः शुल्क है। — स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार आपकी भागीदारी से ही बनेगा स्वस्थ भारत। — आभा आईडी, आधार कार्ड या PMJAY कार्ड लेकर आएँ

जिला स्वास्थ्य समिति, नैनीताल द्वारा जनहित में प्रसारित, प्रचारित



अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मैं राम चन्द्र पुत्र बक्स निवासी दियां बिरिया मझोला खटीमा निवासी हूं। मैनेंअपने परिवार की रजाबंदी से दियां खेत नंबर मध्ये 11 बीघा भूमि जिसकी चौहदी पूरब में चन्द्रिका प्रसाद, पश्चिम में प्रेम सिंह, उत्तर में वीरेन्द्र की भूमि तथा दक्षिण में रास्ता है तथा गांव में आबादी के बीच आधे बीघा भूमि पर बना पक्का आवास जिसकी चौहद्दी पूर्व में रमेश, पश्चिम में जयप्रकाश, उत्तर में आंगन व दक्षिण में रास्ता है। अपने भतीजे अखिलेश व बृजेश कुमार गौतम पुत्र निफिकर प्रसाद दियां वासी को दान में दे दिया है। मेरा अब इस जमीन व आवास से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। इसके मेरे भतीजे अखिलेश और बृजेश कुमार गौतम मालिक हैं। मेरा भविष्य में उक्त जमीन और आवास पर कोई भी मालिकाना हक नहीं रहेगा।


## करंट लगने से कबाड़ व्यापारी की मौत

**काशीपुर:** करंट लगने से कबाड़ व्यापारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कचनाल गाजी निवासी सरजिद (25) घरों-दुकानों से कबाड़ खरीदने का काम करता था। बीते सोमवार की सुबह वह अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी की तलाश में घर से कबाड़ खरीदने निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सरजिद के भाई शाकिर खान ने बताया कि रातभर तलाश करते-करते मंगलवार की सुबह लगभग चार बजे कोतवाली पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेकर एक फोटो दिखाया। बताया इस युवक का शव कुंडेश्वरी क्षेत्र में पुराने आरटीओ ऑफिस के पास मिला है। परिजनों ने फोटो देख कर उसकी शिनाख्त सरजिद के रूप में की। उधर पुलिस के मुताबिक बीते सोमवार को किसी व्यक्ति ने शाम को पुलिस की सूचना दी, कि पुराने आरटीओ ऑफिस के पास एक युवक के करंट लगने से मरने की आशंका है।

## सिटी ब्रीफ

### एमए राहुल को सौंपी काशीपुर महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**काशीपुर :** आजाद समाज पार्टी काशीराम व भीम आर्मी की संयुक्त बैठक में बसपा के दर्जनों कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर चंद्रशेखर आजाद रावण के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह, जिला अध्यक्ष एवं कुमाऊं प्रभारी लेखराज गौतम, जिला प्रभारी समर खान, सत्येंद्र कुमार और भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सौरभ कुमार मौजूद रहे। बैठक में पूर्व मेयर प्रत्याशी डॉ. एमए राहुल को काशीपुर महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहां पर नाजिम मंसूरी, तनवीर आलम, राशिद मंसूरी, गौरव कश्यप, आफताब आलम, कमर अब्बास, मोहित कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दी नई गन्ना सट्टा नीति की जानकारी

**काशीपुर :** नई सट्टा नीति और गन्ने को बीमारियों से बचाव के लिए किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। मंगलवार को आयोजित कृषक गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने नव घोषित सट्टा नीति के विषय में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन गन्ना किसानों के खेत में पानी भरा हुआ है वह अपने खेतों से जल निकासी का उत्तम प्रबंध कर लें। प्रत्येक गन्ना कृषक अपने खेत का निरीक्षण करें और जो भी बीमारी के लक्षण उसमें दिखें, उसका फोटो लेकर गन्ना शोध केंद्र के वैज्ञानिकों को प्रेषित करें। ताकि तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### आवास-विकास को जलभराव से मुक्ति दिलाई जाए

**खटीमा :** नगर के आवास–विकास कॉलोनी वार्ड संख्या 19 के वासियों ने पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी को ज्ञापन सौंपकर खकरा नाले से होने वाले नुकसान से निजात लाने की मांग की। वार्ड वासियों ने कहा कि वर्षों पूर्व हुई नाले की पिचिंग वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। जिससे कॉलोनी को भारी नुकसान पहुंचने लगा है। पालिका अध्यक्ष जोशी ने स्थलीय निरीक्षण कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वार्ड सभासद मुकरजीत सिंह राणा के नेतृत्व में वार्ड वासी पालिकाध्यक्ष जोशी से मिलकर बताया कि वर्षों पूर्व हुई खकरा नाले की पिचिंग में अब दरारें पड़ चुकी हैं। इन दरारों से उफनते खकरा नाले का पानी आवास विकास कॉलोनी में भर जाता है।

# दिनेशपुर में पूर्व सैनिकों से एक मंच पर आने का किया आह्वान

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर 23 को जिलाधिकारी से करेंगे मुलाकात

- पूर्व सैनिक भवन चक्कीमोड़ को राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों के लिए नहीं देने का प्रस्ताव

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर के सैनिक भवन चक्कीमोड़ में आयोजित बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग के प्रदेश संयोजक पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने कहा कि सैनिक लीग एक पंजीकृत संस्था है। जिसका मुख्यालय देहरादून में है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से एक मंच पर आने एवं सैनिक लीग की सदस्यता लेने पर पहचान पत्र बनाने व अन्य विस्तृत जानकारियां देते हुए चर्चा की।

कार्की ने सभी पूर्व सैनिकों व अन्य संगठन से एक मंच पर आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की तहसील गदरपुर में भूमि संबंधी कई विवाद व अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए 23 सितंबर को जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी के समक्ष रखने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी को विधिवत ज्ञापन देकर अपने-अपने सुझाव रखेंगे।

मंगलवार को सैनिक भवन चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष कै.धन सिंह कोरंगा की अध्यक्षता में हुई। पूर्व सैनिकों ने सैनिक भवन चक्कीमोड़ को राजनीतिक दलों की बैठकों व अन्य राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए न देने का प्रस्ताव पारित किया। पूर्व सूबेदार लाल सिंह नयाल ने कहा कि पूर्व सैनिक भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर लगभग 50 वर्षों से तराई क्षेत्र में रह रहे हैं। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं लेकिन पूर्व सैनिकों की समस्याएं जस की तस है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से एक मंच रहते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर ब्लॉक महासचिव भगत सिंह धर्मशक्तू ने किया। बैठक में पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, मीडिया प्रभारी कैलाश पाठक, कै.खुशाल सिंह मेहता, पूर्व सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, सेना मेडल गोविंद सिंह, चौहान, पूर्व सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, पूर्व सूबेदार विक्रम सिंह रावत, पूर्व उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, दान सिंह बड़ती, खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, राजेंद्र सिंह पानू, हरीश सुयाल, राजेंद्र सिंह कोरंगा, लोकपाल शाही, राजेंद्र सिंह रावत, रमेश कन्याल आदि मौजूद रहे।

### शराब के नशे में धुत युवक ने आढ़ती पर किया हमला

**काशीपुर :** शराब के नशे में एक युवक ने एक आढ़ती के ऊपर ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी से अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। मंडी चौकी पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला थाना साबिक निवासी मोहम्मद शौकीन ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से मुरादाबाद रोड स्थित सब्जी मंडी में आढ़ती का कार्य करता आ रहा है। बीते सोमवार की शाम करीब 6.30 बजे जब वह अपनी आढ़त पर हिसाब बना रहा था, तभी अचानक सरवरखेड़ा निवासी एक युवक ने शराब के नशे में आकर उससे बदतमीजी व गाली-गलौज करने लगा। उसे समझाने व विरोध करने पर उसने ईंट उठाकर उसके सिर पर मार दी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पास खड़े लोगों ने सिर से खून को बहता देख उसे सरकारी ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# सितारगंज में अतिक्रमण से लोगों की बढ़ी परेशानी

- जेल कैंप रोड के व्यापारियों ने फुटपाथ से बाहरी लोगों को हटाने की मांग की

संवाददाता, सितारगंज



मुख्य बाजार में लगा जाम।

**अमृत विचार :** नगर का मुख्य चौराहा इन दिनों अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण जाम का मुख्य कारण बन गया है। खटीमा रोड पर मीना बाजार से लेकर मुख्य चौराहे तक और किच्छा रोड पर सब्जी की दुकानों तक फैले दुकानदारों के अतिक्रमण से सड़कें संकरी हो गई हैं। इसके चलते दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगती रहती हैं।

वहीं, सिडकुल की बसों और स्कूल बसों का नगर में लगातार आवागमन जाम की समस्या को और गंभीर बना रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टुक-टुक और छोटे वाहनों की भीड़ ने स्थिति और खराब कर दी है, जिससे लोग रोजाना घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

इधर, जेल कैंप रोड के व्यापारियों ने सोमवार को एसडीएम रविंद्र कुमार जुवांठा को ज्ञापन सौंपकर फुटपाथ पर रह रहे बाहरी लोगों को हटाने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि जीआईसी मैदान के सामने कुछ बाहरी लोग फुटपाथ पर कब्जा जमाए हुए हैं और उनके बच्चे खुले में शौच कर रहे हैं, जिससे आसपास का वातावरण खराब हो रहा है और धार्मिक स्थल की गरिमा भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था सुधारने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहन चंद्र, सोनू कुमार, अनीता देवी, विकास चंद्र, गौरव, सुरेश, अभिषेक, भोपाल सिंह, दीपा रावत, प्रकाश व श्याम आदि लोग शामिल रहे।

### सोमेश्वर की महिला से 75 हजार की ठगी

**अल्मोड़ा :** सोमेश्वर निवासी एक महिला को साइबर ठग ने सोने और डॉलर करेंसी का झांसा दिया। महिला साइबर ठग के फेंके जाल में फंस गई और जमा पूंजी की 75 हजार रुपये की रकम साइबर ठग के हवाले कर दी। कोतवाली में दी तहरीर में खीराकोट निवासी महिला का कहना है कि उसे एक इंटरनेशन नंबर से चार सितंबर को फोन आया था। समाने वाले ने अपने आप को महिला का भाई बताया। कहा कि वह सोना और डॉलर करेंसी लेकर देश वापस लौट रहा है। जिसकी उसने फोटो भी भेज दी। कुछ देर बाद साइबर ठग ने महिला को झांसे में लेकर कस्टम में पकड़े जाने की बात कही। क्यूआर कोड भेज सोना और करेंसी छुड़ाने को दो बार में 36000 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पांच सितंबर को ठग ने पुलिस की ओर से पकड़े जाने की बात कही।

# जागेश्वर धाम में वैश्विक पर्यटन की संभावनाएं



धाम का निरीक्षण करते पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल। • अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने मंगलवार को प्राचीन जागेश्वर धाम का स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

कहा कि जागेश्वर धाम में वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं हैं और इन कार्यों से धाम की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को और मजबूती मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जागेश्वर मास्टर प्लान का जायजा लेते हुए निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए समय से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

### लाइनमैन करंट लगने से झुलसा

**रानीखेत :** निकटवर्ती मजखाली मे बिजली खराबी ठीक करने के लिए पोल पर चढा लाइनमैन करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। जिसे रानीखेत राजकीय चिकित्सालय लाने के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार यूपीसीएल में अस्थायी लाइनमैन संजय मेहरा पुत्र दीवान सिंह मेहरा, ग्राम एरोड़ रानीखेत, मजखाली में बिजली का काम करते वक्त करंट लगने से पोल से नीचे छिटक गया। जिसे यहां राजकीय चिकित्सालय मे प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रानीखेत नागरिक चिकित्सालय के ईएएमओ डॉक्टर अपर्णा शंकर ने बताया कि मरीज को यहां चिकित्सालय लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार सर्जन अशोक टम्टा की देखरेख में किया गया।

# शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में महापौर दीपक बाली को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई काशीपुर के तत्वावधान में शिक्षकों का शिष्ट मंडल महापौर दीपक बाली से मिला और समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को नगर निगम में संघ ने महापौर को ज्ञापन देकर बताया कि शिक्षक बीते 18 अगस्त से सरकार के खिलाफ हड़ताल पर हैं। ब्लॉक अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि वर्षों से हमारी विभागीय पदोन्नतियां नहीं हो रही हैं और शिक्षक एक पद से रिटायर हो रहे हैं। ब्लॉक उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा कि सरकार हमारी न्यायोचित मांगों को अनसुना कर रही है, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। जिला संगठन मंत्री छत्रपाल सिंह ने कहा कि सरकार को प्रत्येक स्तर पर पदोन्नतियां शीघ्र करनी चाहिए, जिससे कि शिक्षकों में एक सकारात्मक भाव पैदा हो। ब्लॉक मंत्री जमुना पटवाल ने महापौर दीपक बाली से अनुरोध किया कि वह मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को आंदोलन की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए सक्षम अधिकारियों को निर्देशित करवाने का कष्ट करें कि वह शिक्षक हित में पदोन्नतियां प्रारंभ करें और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करें। वहीं महापौर दीपक बाली ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वह शिक्षकों की समस्या और हड़ताल के संबंध में मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से वार्ता करेंगे।

# एसएसबी के शिविर में 170 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ

संवाददाता, सितारगंज



चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करवाते लोग।

**अमृत विचार :** 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित ग्राम सिसैया सीमा चौकी मेलाघाट में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) डॉ. बीबी सिंह ने किया, जिसमें कुल 170 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों को वायरल, मौसमी, तीव्र व दीर्घकालिक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए और वर्षा ऋतु में होने वाले संक्रमणों से सतर्क रहने की जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने संतुलित आहार, स्वच्छता, शारीरिक सक्रियता और योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह देकर ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने में ऐसे शिविर बेहद उपयोगी हैं। डॉ. बीबी सिंह ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा करता है, बल्कि सीमावर्ती जनता के सामाजिक व स्वास्थ्य उत्थान हेतु भी निरंतर प्रयासरत रहता है। शिविर में पूर्व प्रधान दीपक, निरीक्षक मोहर सिंह, मुख्य आरक्षी विकास, प्रवेश आदि उपस्थित रहे।

### आईआईएम में हिंदी पखवाड़े के तहत पुस्तक प्रदर्शनी

**काशीपुर :** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में मंगलवार को हिंदी पखवाड़े के तहत पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यहां करीब 250 उपन्यासों से लाइब्रेरी को सुशोभित किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित और फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रति भी लोगों का रुझान बढ़ना चाहिए। आईआईएम काशीपुर में आगे ऐसे कई प्रयास किए जाएंगे जिससे हिंदी को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। आईआईएम काशीपुर के हिंदी अधिकारी व पुस्तकालय अध्यक्ष मौ. आसिफ खान ने बताया कि संस्थान में 16 से 30 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा में अखंड पाठ का भोग पड़ा

संवाददाता, खटीमा



गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी को पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राशि सौंपते मुस्लिम समाज के लोग।

**अमृत विचार :** संक्रांति पर गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा में रखे गए गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ का भोग पड़ा। इस अवसर पर अखंड पाठ, भजन कीर्तन, रागी दांडी जत्थे द्वारा गुरु महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया।

अंत में भव्य लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी प्रधान हरभजन सिंह खिंडा, सचिव जगजीत सिंह मल्ली, उपाध्यक्ष अनिल बत्रा, कोषाध्यक्ष रमनदीप सिंह सेठी, प्रबंधक जतिन ग्रोवर आदि ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान मुस्लिम समाज द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित आर्थिक सहायता राशि गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी को सौंपते हुए आपसी भाईचारा एवं कौमी एकता का परिचय दिया। आर्थिक राशि सौंपने वालों में मौलाना इरफान उल हक कादरी, मुफ्ती फरियाद आलम, मुफ्ती सईद अनवर इरशादी, हाफिज शराफत फैयाज, नासिर खान, समसुल हसन, रियाज अहमद, मंसूरी आदि सम्मिलित थे। गुरुद्वारे में चले कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र सिंह, राकेश गुंबर, अमरजीत सिंह, विजय अरोड़ा, डॉ. बलजीत सिंह, हरीश बत्रा, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र अरोड़ा, सुनील बत्रा, पपिंदर सिंह खिंडा, अनिल ग्रोवर, राजकुमार अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### विधिक शिविर में नशा मुक्ति की जानकारी दी

**खटीमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रामस्वरूप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़ेली के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह राणा की अध्यक्षता में विद्यालय में शिविर लगाया गया। शिविर में विमल कुमार ने बताया कि नशे की शुरुआत कैसे होती है और कैसे उसकी धीरे-धीरे आदत बन जाती है। उन्होंने कहा कि यह सुरती, सिगरेट, तंबाकू से शुरू होकर चरस, गांजा, अफीम, शराब और स्मैक तक पहुंच जाती है। पहले बच्चे घर से पैसे मांगते हैं न मिलने पर घर से ही चोरी करते हैं और बाद में बाहर भी चोरी करने लगते हैं और धीरे-धीरे वह अपराधी बन जाते हैं। इसलिए नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए जो बच्चे नशा करते हैं उनके व्यवहार में अंतर आता है। वह अकेला रहना चाहते हैं।

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना

**अल्मोड़ा :** द्वाराहाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला को उलझाकर साइबर ठगों ने ठगी की घटना को अंजाम दे दिया। परेशान महिला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़ित बुजुर्ग के पुत्र ने बताया कि उनकी माता ने साइबर ठग के यूपीआई नंबर पर तीन हजार, एक हजार फिर से एक हजार रुपये भेज दिए। पांच हजार रुपये ठगने के बाद साइबर ठग महिला से और रुपयों की डिमांड करने लगे। तब जाकर महिला को साइबर ठगी का एहसास हुआ। इस पर परिजनों ने साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। बाद में कोतवाली में तहरीर देते हुए ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की।

# यातायात को सुचारू रखने के लिए कार्य की गति और संसाधन बढ़ाएं

संवाददाता, टनकपुर



एनएच का निरीक्षण करते डीएम मनीष कुमार व नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल।

**अमृत विचार :** लगातार हो रही बरसात से प्रभावित टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित स्वांला को सुचारु बनाए रखने एवं मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने रात्रि में स्वाला पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल भी उनके साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यरत कार्मिकों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात को निरंतर सुचारु बनाए रखने के लिए कार्य की गति एवं संसाधन बढ़ाए जाएं, मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में तेजी लाई जाए, गुणवत्ता एवं मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा रात्रिकालीन समय में भी कार्य बिना बाधा के जारी रहे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि व्यापारियों और यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो तथा किसी भी परिस्थितियों में आमजन को निर्बाध और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### विश्व ओजोन दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस पर वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को विश्व ओजोन दिवस के वर्तमान सत्र 2025 के थीम विज्ञान से वैश्विक तक, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की वैश्विक सफलता, उद्देश्य एवं महत्व पर जानकारी दी। चार्ट प्रतियोगिता में महक बानो प्रथम, महक पवार द्वितीय, नदीम अहमद तृतीय स्थान पर रहे। आरीबा मलिक को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। निबंध लेखन में लता नेगी व महक पवार प्रथम, मोहम्मद समीर व नदीम अहमद द्वितीय, सुमेरा सिद्दीकी, आर्जव रतूड़ी व सुरभि तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमके सिन्हा मौजूद रहे।

# खंड विकास सभागार में लिया टीबी मुक्त भारत का संकल्प

संवाददाता, सितारगंज



खंड विकास सभागार में आयोजित कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर व ग्राम प्रधान।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को गति देने के उद्देश्य से आज खंड विकास सभागार में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल के मार्गदर्शन व अपर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. कुलदीप यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्था इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट (डब्लूएचपी) की राज्य व जिला टीम ने ग्राम प्रधानों को टीबी उन्मूलन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पीएमटीबी समन्वयक नवल किशोर पंडित ने किया। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट लीड पंकज जोशी व प्रोजेक्ट के विवेकानंद पांडेय ने टीबी उन्मूलन की रणनीति, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और निक्षय मित्र बनने की आवश्यकता पर प्रेरक विचार रखे।

खंड विकास अधिकारी सी.आर. आर्या ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान गांव-गांव तक संदेश पहुंचाने में सबसे अहम कड़ी हैं, उनके सहयोग से ही टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को शीघ्र ही हासिल किया जा सकता है। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष रेशम सिंह ने सभी प्रधानों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पं.) के.सी. बहुगुणा, खंड समन्वयक बंशीधर, पर्यवेक्षक राजीव मौजूद रहे।



लोग कहते हैं, कड़ी मेहनत थकान लाती है। मैं कहता हूं, कड़ी मेहनत संतोष लाती है।
–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## वक्फ कानून पर संतुलन

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिनियम के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों पर तो स्थगन आदेश दिया, लेकिन पूरे कानून को निलंबित करने से इंकार कर दिया। यह फैसला न्यायपालिका की उस संतुलित भूमिका को दर्शाता है, जिसमें वह कानून निर्माण की संसद की शक्ति को चुनौती नहीं देती, परंतु यह भी सुनिश्चित करती है कि कोई भी कानून संविधान की मूल भावना से विपरीत न हो। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन का इतिहास भारत में हमेशा विवादास्पद रहा है। वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत बने नियमों का उद्देश्य मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सामाजिक संपत्तियों की रक्षा करना था, लेकिन समय के साथ इन पर पारदर्शिता की कमी और राजनीतिक दखल के आरोप लगते रहे। संशोधन अधिनियम 2025 इन्हीं खामियों को दूर करने के लिए लाया गया, जिसमें पारदर्शिता बढ़ाने और गैर-मुस्लिम प्रतिनिधियों को बोर्ड में शामिल करने जैसे बदलाव किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि किसी कानून पर पूरी रोक सिर्फ दुर्लभ परिस्थितियों में लगाई जा सकती है। अदालत ने माना कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर असर डालने वाले कुछ प्रावधानों पर अंतरिम आदेश जरूरी था, लेकिन पूरे कानून को रोकना न्यायसंगत नहीं होगा। इस प्रकार अदालत ने संतुलन साधते हुए धारा 3(आर) और धारा 83 की कुछ उपधाराओं को अस्थायी रूप से स्थगित किया, जबकि अधिनियम की बाकी धाराएं प्रभावी बनी रहीं। साथ ही, केंद्र सरकार से विस्तृत जवाब तलब किया गया है। इससे यह संकेत भी मिलता है कि मामला अभी परीक्षण के अधीन है और अंतिम निर्णय आने में समय लगेगा। राजनीतिक दृष्टि से यह फैसला अपेक्षित प्रतिक्रियाओं को जन्म देने वाला था। कांग्रेस ने इसे सरकार की मंशा पर आंशिक रोक करार देते हुए कहा कि यह न्यायपालिका का हस्तक्षेप उचित है। वहीं भाजपा ने विपक्ष पर भय और भ्रम की राजनीति करने का आरोप लगाया और अधिनियम को सुधारात्मक कदम बताया। वस्तुतः वक्फ कानून हमेशा धार्मिक भावनाओं और राजनीतिक समीकरणों से जुड़ा मुद्दा रहा है। ऐसे में किसी भी संशोधन या न्यायालय के हस्तक्षेप का समाज और राजनीति पर असर होना स्वाभाविक है।

यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की कसौटी पर भी परखा जाना चाहिए। संसद को कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन संविधान यह भी कहता है कि हर कानून समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यही संदेश दिया कि अगर किसी कानून के प्रावधान इन मूल्यों से टकराते हैं, तो अदालत हस्तक्षेप करने से पीछे नहीं हटेगी। यह नागरिकों के विश्वास को मजबूत करता है कि न्यायपालिका केवल तकनीकी व्याख्या नहीं करती, बल्कि मूल अधिकारों की रक्षा भी करती है। आगे की राह सरकार और संसद के सामने है। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन केवल कानूनी प्रश्न नहीं है, यह सामाजिक न्याय और पारदर्शिता का भी मुद्दा है। सरकार को चाहिए कि अधिनियम में ऐसे प्रावधान लाए जाएं जो निष्पक्ष और धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण को और मजबूत करें।

### प्रसंगवश

## अमर चित्रकथा वाले बच्चों के अनंत चाचा

कहानी पढ़ना किसे अच्छा नहीं लगता! शायद ही कोई बच्चा हो, जिसने अपनी दादी-नानी या मां से कहानी न सुनी हो। बड़े होने पर अपने विद्यालय की पुस्तकों के साथ ही पत्र-पत्रिकाओं में छपने वाली कहानी और कविताएं भी बच्चे बड़ी रुचि से पढ़ते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें चित्र देखने में भी बहुत मजा आता है। इसमें से ही साहित्य की चित्रकथा विधा का जन्म हुआ। भारतीय इतिहास तथा पौराणिक पात्रों के आधार पर चित्रकथा बनाने वाले अनंत पै का जन्म 17 सितंबर, 1929 को करकाला (कर्नाटक) में वैंकटार्य एवं सुशीला पै के घर में हुआ था। दो वर्ष के होते-होते उनके माता-पिता का देहांत हो गया। अनंत 12 वर्ष की अवस्था में मुंबई आ गए और माहिम स्थित ओरियंट स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन और रसायन तकनीक में एक साथ दो उपाधियां प्राप्त कीं।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

चित्र और छपाई कला में रुचि होने के कारण अनंत ने 1954 में 'मानव' नामक बाल पत्रिका निकाली, पर उसमें सफल न होने पर वे 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में काम करने लगे। उन दिनों उसमें बेताल और फैंटम जैसे विदेशी पात्रों पर आधारित 'इंद्रजाल कामिक्स' नामक चित्रकथा छपती थी। 1967 में अनंत पै ने दूरदर्शन के एक प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में देखा कि बच्चे विदेशी नायकों के बारे में तो जानते हैं, पर श्रीराम और श्रीकृष्ण के बारे में नहीं। इससे उनके मन को चोट लगी और उन्होंने नौकरी छोड़कर कुछ नया करने का फैसला किया।

अब वे स्वतंत्र रूप से इस दिशा में काम करना चाहते थे, पर उनके पास इतना धन नहीं था। अनेक प्रकाशकों ने उनके विचारों को ठुकरा दिया। 'इंडिया बुक हाउस' के मीरचंदानी के सहयोग से 'अमर चित्रकथा' प्रकाशित होने लगी। बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक और अध्यापकों ने भी इनका भरपूर स्वागत किया। भारत के महापुरुष, वीर महिलाएं, पौराणिक पात्र, प्रख्यात वैज्ञानिक, स्वाधीनता सेनानी आदि विषयों पर उन्होंने लगभग 450 पुस्तकें बनाईं। इनकी देश की 20 भाषाओं में दस करोड़ प्रतियां बिकीं।

अब वे बच्चों में 'अनंत चाचा' के नाम से प्रसिद्ध हो गए। 1969 में उन्होंने 'रंग रेखा फीचर्स' तथा 1980 में अंग्रेजी बाल पत्रिका 'टिंकल' प्रारंभ की। इसके पहले अंक की 40 हजार प्रतियां बिकीं। इसके कार्टून पात्र कपीश, रामू और शामू, सुपंडी, शिकारी शंभू और तंत्री दि मंत्री आदि बच्चों में खूब लोकप्रिय हुए। इसके 'अनु क्लब' द्वारा उन्होंने बच्चों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाया। उनके पास हर माह चार से पांच हजार पाठकों के पत्र आते थे।

अनंत चाचा की सफलता का कारण उनकी विशिष्ट शैली थी। वे काम करते समय स्वयं बच्चों की मानसिकता में डूब जाते थे। उन्होंने अनेक साथी बनाए, जिनमें राम वेरकर प्रमुख हैं। उन्होंने हिंदी तथा अंग्रेजी में बच्चों के लिए सफलता के रहस्य, व्यक्तित्व विकास, स्मृति शास्त्र आदि पुस्तकें तथा वेदों की जानकारी देने के लिए 'एकम् सत्' नामक वीडियो फिल्म भी बनाई। कहानी सुनाते हुए उनके कई आडियो टेप भी लोकप्रिय हुए।

अनंत पै सदा नये विचारों पर काम करते रहते थे। वृद्ध होने पर भी वे भारत के विभिन्न तीर्थों तथा भारतीय इतिहास की 40 महत्वपूर्ण घटनाओं पर आधारित एक बड़े प्रकल्प पर काम कर रहे थे। सीढ़ियों से गिर जाने के कारण उनकी कूल्हे की हड्डी टूट गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। वहीं 24 फरवरी, 2011 को हुए भीषण हृदयाघात से बच्चों के प्रिय अनंत चाचा सचमुच अनंत की यात्रा पर चले गए। दूरदर्शन और अंतरजाल के वर्तमान दौर में भी उनकी पुस्तकों की लगभग तीन लाख प्रतियां प्रतिवर्ष बिकती हैं।

# नरेंद्र मोदी: संघ से प्रधानमंत्री तक की यात्रा





चंद्रशेखर चतुर्वेदी
बीएचयू, वाराणसी

'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर, नरेंद्र मोदी ने शासन में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत की है, जिससे समावेशी, विकासोन्मुख और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं और पहल का लाभ सुनिश्चित करने के लिए स्पीड और स्केल पर काम किया है। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इस बात को माना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रिकॉर्ड गति से गरीबी को खत्म कर रहा है। नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट '2005-06 से भारत में बहुआयामी गरीबी' के निष्कर्षों के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसका श्रेय केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए लिए गए विभिन्न निर्णयों को जाता है।

आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम 'आयुष्मान भारत' सफलतापूर्वक चला रहा है। 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को कवर करते हुए आयुष्मान भारत, गरीब और नव-मध्यम वर्ग को उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कर रहा है। गरीबों को वित्तीय धारा से जोड़ने के लिए पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय का बैंक खाता खोलना था। अब तक 51 करोड़ से अधिक जन-धन खाते खोले जा चुके हैं।

जन-धन से एक कदम आगे बढ़ते हुए श्री मोदी ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को बीमा और पेंशन कवर देकर जन सुरक्षा पर जोर दिया। JAM ट्रिनिटी (जन धन- आधार-मोबाइल) ने बिचौलियों को समाप्त कर दिया और प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की है। 2016 में गरीबों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी। यह योजना 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को धुआं मुक्त रसोई प्रदान करने में गेम-चेंजर साबित हुई है। इसकी अधिकांश लाभार्थी महिलाएं हैं।

आजादी के 70 साल बाद भी जिन 18,000 गांवों में बिजली नहीं थी, उनमें बिजली पहुंचा दी गई है। 2014 और 2024 के बीच पीएम आवास योजना के तहत 4.2 करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी गई। जून 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता संभालने के बाद पहली कैबिनेट के निर्णयों में से एक- तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घरों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करना था।

कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जो श्री नरेंद्र मोदी के बहुत करीब है। 2019 के अंतरिम बजट के दौरान सरकार ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में एक मौद्रिक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। 24 फरवरी 2019 को योजना के शुरू होने के बाद लगभग हर तीन महीने में नियमित रूप से किश्तों का भुगतान किया जा रहा है। पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान इस योजना में पांच एकड़ की सीमा को हटाते हुए सभी किसानों को पीएम किसान का लाभ देने का फैसला किया गया। जून 2024 में श्री मोदी ने वाराणसी में पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की, जिसमें 9.2 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला।

श्री मोदी ने सॉयल हेल्थ कार्ड, बेहतर बाजारों के लिए ई-NAM और सिंचाई पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने जैसी किसान कल्याण की दिशा में विभिन्न पहलों की शुरुआत की। 30 मई 2019 को पीएम मोदी ने जल संसाधनों से संबंधित सभी पहलुओं की देख-रेख करने के लिए एक नया जल शक्ति मंत्रालय बनाकर एक बड़ा वादा पूरा किया। दो अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री ने पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छ भारत मिशन' का शुभारंभ किया। इस जन आंदोलन का बड़े पैमाने पर ऐतिहासिक प्रभाव पड़ा है। आज स्वच्छता कवरेज 2014 में 38% से बढ़कर 2019 में 100% हो गया है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया है। स्वच्छ गंगा के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की और कहा कि इससे तीन लाख लोगों की जान बच सकती है।

श्री मोदी का मानना है कि परिवहन, परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है, इसीलिए भारत सरकार हाई-वे, रेलवे, आई-वे और वॉटर-वे के रूप में अगली पीढ़ी का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए काम कर रही है। UDAN (उड़े देश के आम नागरिक) योजना ने उड्डयन क्षेत्र को लोगों के अधिक अनुकूल बनाया है और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया है। पीएम ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय विनिर्माण पॉवरहाउस में बदलने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की। इस प्रयास से परिवर्तनकारी परिणाम सामने आए हैं। भारत ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2014 में भारत की रैंकिंग 142 थी, जो 2019 में 63 हो गई। 2017 में भारत सरकार ने जीएसटी लागू किया, जिसने 'वन नेशन, वन टैक्स' के सपने को साकार किया।

पीएम मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन के अभिनव समाधान तैयार करने के लिए अलग जलवायु परिवर्तन विभाग बनाया था। इस भावना को पेरिस में 2015 के COP21 शिखर सम्मेलन में भी देखा गया था, जहां पीएम मोदी ने पर्यावरण से जुड़े मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों को देखते हुए पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र के 'चैंपियंस ऑफ अर्थ अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर, नरेंद्र मोदी ने शासन में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत की है।

## आमने सामने



जन्मदिन उनका (ओम प्रकाश राजभर) है तो मैं इसके लिए क्या करूं। सौ रुपये से काम चलता है तो भिजवा दें। हम तो 100 रुपये ही देते हैं, चाहे जिनका जन्मदिन हो। उनके बारे में चर्चा करके भाव न बढ़ाएं।
-अखिलेश यादव
अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

सत्ता से दूर हुए साढ़े आठ साल बीत चुके हैं। कमाई का रास्ता बंद हो गया है, इसलिए अब 100 की बात कर रहे हैं। अगर सत्ता में बने रहते तो करोड़ों-अरबों से नीचे बात ही नहीं करते। ईश्वर करे जनता के पैसों से महलों में ऐश करने वाले अब पाई-पाई का हिसाब रखें।
-ओम प्रकाश राजभर, काबीना मंत्री



# बदलते अमेरिकी सुर और भारत संग व्यापार



विवेक सक्सेना
अयोध्या

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक चालों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उलझे दिखते हैं। यही कारण है कि उनका बयान बार-बार बदल रहा है, हालांकि यह ट्रंप की पुरानी आदत है, लेकिन नई परिस्थिति में भारत-अमेरिका के रिश्तों में जो खटास महसूस की गई, उसमें भारत के साथ संबंध और भारत जैसे देश के बड़े बाजार को साध पाना ट्रंप के लिए बहुत आसान नहीं कहा जा सकता है। भारत का बाजार चीन और दूसरे देशों के हाथ न चला जाए, यह अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए संकट का कारण माना जा रहा है। रिश्ते मधुर होने के बाद भी वह प्रोफेशनल ही हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कनाडा से अमेरिका आ जाने के ट्रंप का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया था। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर लंबी वार्ता में जो कुछ कहा, उससे भी यह स्पष्ट हो गया कि भारत कश्मीर अथवा अन्य किसी भी मामले में किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। ट्रंप ने अगस्त में भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया, साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने के चलते 25 फीसदी अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया, जिससे अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य पर सवाल उठने लगे, जो हाल के वर्षों में, ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान मजबूत हुए थे।

एक माह में ऐसा रुख बदला कि अब ट्रंप न सिर्फ भारत के साथ अपने संबंधों की सराहना कर रहे हैं, अपितु ट्रेड डील की गुहार भी लगा रहे हैं। इसके पीछे भी कहीं न कहीं उनकी कोई कमजोरी ही है, जिसे वो भारत से डील करके कम करना चाहते हैं। ट्रंप के बड़बोलेपन पर मोदी की चुप्पी का ही असर कहा जाएगा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देश का राष्ट्रपति प्रधानमंत्री से बातचीत करने के लिए उत्सुकता दिखा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जल्द ही ट्रेड डील पर बातचीत करने की न सिर्फ इच्छा जताई है, अपितु विश्वास जताते हुए कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सफल होंगे। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के पोस्ट पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ताएं भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ता है, तो निश्चित रूप से इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। अमेरिकी मांग के अनुसार, भारत अगर रूस से खरीदारी बंद भी कर देता है, तो इससे ग्लोबल ऑयल सप्लाई बाधित होगी और तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, हालांकि इस बदलाव के पीछे अमेरिका की कई आर्थिक और वाणिज्यिक मजबूरियां भी हैं। भारत, अमेरिका को स्टील, एल्युमिनियम, दवाइयां, टेक्सटाइल और डिजिटल सेवाएं निर्यात करता है, जबकि अमेरिका से भारत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरण आयात करता है।

2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रही, जो वैश्विक अनुमानों से अधिक है। दोनों देशों के बीच एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक पांच सौ बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यह तभी संभव है, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो। इसके लिए अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह वृद्धि भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाती है। भारत-अमेरिका का रिश्ता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। दोनों ने सुरक्षा, तकनीक, ऊर्जा समेत दूसरे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाया है। चीन की मनमानी पर नियंत्रण के लिए, अमेरिका को भारतीय सहयोग की जरूरत है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं। 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 212 बिलियन डॉलर तक पहुंचा। भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते बाजार को नजरअंदाज करना अमेरिकी कंपनियों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। भारत की करीब 140 करोड़ जनसंख्या अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं के लिए एक आकर्षक बाजार है। ट्रंप ने 2019 में जब भारत का जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) दर्जा खत्म किया, तो भारत ने अमेरिकी बादाम, सेब और रासायनिक उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया। इस बार भी भारत ने जीएसटी सुधार करके अमेरिकी कोला कंपनियों के लिए भी मुश्किल खड़ी कर दी। भारत जैसे बड़े बाजार के साथ तनाव बढ़ाना ट्रंप की घरेलू लोकप्रियता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी थिंक टैंक भारत को लेकर ट्रंप के रवैये की आलोचना भी कर रहा है। इसके चलते ट्रंप घरेलू मोर्चे पर विलेन बनते जा रहे हैं। जाहिर है कि यह बात समझते ही ट्रंप के तेवर टैरिफ पर इतनी जल्दी ठंडे पड़ गए।


अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की यह उम्मीद कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। अच्छी बात यह है कि ट्रंप के मनमाने टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद बातचीत का रास्ता बंद नहीं हुआ। अब त्योहारों का सीजन भी शुरू हो रहा है। अगर इस दौरान कोई डील होती है या ट्रंप टैरिफ में कटौती करते हैं, तो ये ट्रेडर्स के लिए दिवाली उपहार से कम नहीं होगा।

भारत के बड़े बाजार को साध पाना अमेरिका के लिए चुनौतीपूर्ण बन गया है। अब ट्रंप न सिर्फ भारत के साथ अपने संबंधों की सराहना कर रहे हैं, बल्कि ट्रेड डील की भी गुहार लगा रहे हैं।

### सोशल फोरम

## टॉल्स्टॉय को सभी जानते हैं, लेकिन सोफिया को!

इतिहास ने लियो टॉल्स्टॉय को याद रखा है, लेकिन उस आदमी के पीछे, जिसने 'वॉर एंड पीस' और 'अन्ना कारेनिना' जैसी अमर रचनाएं लिखीं, एक औरत खड़ी थी, जिसकी बात अक्सर सिर्फ एक फुटनोट बनकर रह जाती है। सोफिया टॉल्स्टॉय सिर्फ टॉल्स्टॉय की पत्नी नहीं थीं, वो उनकी संपादक थीं। उनकी प्रबंधक थीं। उनकी टाइपिस्ट, उनकी कॉपी करने वाली, उनकी प्रकाशक और उनके 13 बच्चों की मां। वो उस भावनात्मक तूफान को झेलने वाली थीं, जो एक बेहद प्रतिभाशाली लेकिन बेचैन आत्मा के भीतर लगातार मचलता रहता था।



कलम रंगदार
फेसबुक

जब टॉल्स्टॉय ने उन्हें 'वॉर एंड पीस' की पांडुलिपि थमाई, तो वह कोई साफ-सुथरा ड्राफ्ट नहीं था। वो तो बिखरे हुए पन्नों का एक पहाड़ था, जीनियस की उलझी हुई परतें। सोफिया हर रात जाग-जागकर उसे हाथ से साफ-साफ सात बार कॉपी करती रहीं। उनके रेखाचित्रों को पढ़तीं, उनकी उलझी सोच को क्रम में लातीं और जो कोई और नहीं कर सकता था वो करतीं। उनकी प्रतिभा को पढ़ने लायक बनातीं।

पर कहानी यहीं खत्म नहीं होती।

सोफिया सिर्फ एक 'सहायक' नहीं थीं। उनका खुद का मन था, खुद की कलम थी, खुद का दुःख था। वो खुद भी लेखिका थीं। वो टॉल्स्टॉय से बेहद प्यार करती थीं। पर उस प्यार की कीमत बहुत भारी थी।

जब टॉल्स्टॉय की मौत एक ठंडे रेलवे स्टेशन पर हुई, तो वो वहां पहुंचीं, लेकिन देर से। उन्हें कमरे में घुसने तक नहीं दिया गया। वो दृश्य हृदय विदारक है। वो औरत, जिसने उन्हें सब कुछ दिया, दरवाजे के बाहर खड़ी रही, जबकि उनके जीवन का अंत हो गया।

लेकिन शायद असली त्रासदी ये नहीं है। असली त्रासदी ये है कि दशकों तक हमने इस महिला को भी उनके जीवन की कहानी से बाहर ही रखा। सोफिया सिर्फ एक महान लेखक की पत्नी नहीं थीं, वो खुद भी उस महानता का हिस्सा थीं। वो उस जीनियस के पीछे का स्थिर हाथ थीं। वो एक ऐसी सहलेखिका थीं, जिनका नाम कभी किताब के कवर पर नहीं आया।

टॉल्स्टॉय को याद करना अगर जरूरी है, तो सोफिया को याद करना उससे भी जरूरी है, क्योंकि जब टॉल्स्टॉय इतिहास लिख रहे थे, सोफिया वो जमीन थीं, जिस पर वो इतिहास उग सका।

### सामयिकी

## जाम में जकड़ा भारत

भारत की सड़कों पर हर दिन एक अदृश्य संघर्ष होता है- समय, संयम और व्यवस्था के बीच। यह संघर्ष किसी एक शहर या महानगर तक सीमित नहीं, बल्कि गांवों, कस्बों, छोटे-बड़े शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जर्जर सड़कें, अनियंत्रित ट्रैफिक और घंटों लंबे जाम की स्थिति अब हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बन चुकी है। यह केवल एक दैनिक असुविधा नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और मानसिक संकट का रूप ले चुकी है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी हों या ट्रक-टैंपो और टैक्सी चालक, डिलीवरी एजेंट हों या छात्र-छात्राएं, समय से अस्पताल पहुंचने की कोशिश में फंसे मरीज और उनके परिजन हों या किसी जरूरी बैठक की ओर दौड़ते व्यावसायिक यात्री, हर कोई गड्ढों, अतिक्रमण, धूल और जाम से दो-चार होता है। कस्बों और गांवों में टूटी-फूटी सड़कें, नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बाजार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक भी पहुंच से वंचित कर देती हैं। यह स्थिति अब हमारे सार्वजनिक जीवन की 'नई सामान्य स्थिति' बन गई है, जबकि न तो यह सामान्य है और न ही स्वीकार्य।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए यूनिवर्सिटी

जब सड़कें बदहाल हों और यातायात व्यवस्था चरमराई हो, तो रेंगते वाहनों की कतारें केवल समय नहीं, ऊर्जा और ईंधन की भी भारी बर्बादी करती हैं। महंगे पेट्रोल-डीजल की खपत इस अव्यवस्थित गति में कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन नुकसान यहीं तक सीमित नहीं रहता। लगातार ब्रेक, क्लच और एक्सीलेटर के इस्तेमाल से गाड़ियों की माइलेज घटती है, रख-रखाव की लागत बढ़ती है और वाहन समय से पहले जवाब दे देते हैं। इसका सीधा असर उस मध्यमवर्ग, श्रमिक वर्ग और छोटे व्यवसायी पर पड़ता है, जिसकी जेब पहले से ही महंगाई के बोझ तले दबी है।

जाम में फंसे हजारों वाहनों से निकलता धुंआ हवा में कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा देता है। यह न केवल पर्यावरण को दीर्घकालिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि प्रतिदिन सांस लेने वाले नागरिकों के फेफड़ों को जहर से भर देता है। बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए यह स्थिति अत्यंत घातक बन चुकी है।

इसी के साथ, ध्वनि प्रदूषण भी अब केवल शोरगुल नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा आघात है। ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन चालकों की अधीरता हर दिशा से बजते हॉर्न और इंजन की गूंज में तब्दील हो जाती है। यह शोर न केवल कानों को पीड़ा देता है, बल्कि मानसिक तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और चिड़चिड़ेपन जैसी समस्याओं को जन्म देता है। लगातार शोर में रहने वाले लोगों की सुनने की क्षमता तक प्रभावित होने लगती है। छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक, अब यह ध्वनि प्रदूषण नागरिकों की शांति और स्वास्थ्य दोनों को लील रहा है।

ट्रैफिक और खराब सड़कों से उपजे तनाव का सबसे गहरा असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है, जो अक्सर अनदेखा रह जाता है। नागरिक केवल देरी से गंतव्य नहीं पहुंचते, वे हर दिन एक मानसिक थकावट, असहायता और चिड़चिड़ेपन का बोझ भी ढोते हैं। यही बोझ धीरे-धीरे सामाजिक व्यवहार में उतरता है। गुस्सा, रोडरेज, पारिवारिक कलह और सामाजिक असहिष्णुता जैसी प्रवृत्तियां इसी दबाव की उपज हैं। जब कोई मरीज समय पर अस्पताल न पहुंच पाए, जब किसी छात्र की परीक्षा छूट जाए या कोई परिवार संकट की घड़ी में रास्ते में ही फंसा रह जाए, तो यह जाम केवल ट्रैफिक का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और प्रशासनिक सजगता की भी असफलता बन जाता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा।)



# हैदराबाद की पहचान चारमीनार



सुल्तान मुहम्मद क़ुली क़ुतुब शाह, क़ुतुब शाही वंश के पांचवें शासक ने गोलकुंडा से नवनिर्मित हैदराबाद में अपनी राजधानी को स्थानांतरित करने के बाद 1591 ई. में चारमीनार का निर्माण कराया था। यह ऐतिहासिक धरोहर तेलंगाना प्रांत के हैदराबाद में स्थित एक स्मारक और मस्जिद है। यह विश्व स्तर पर हैदराबाद के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा तैयार आधिकारिक स्मारकों की सूची में एक पुरातात्विक और वास्तुशिल्प खजाने के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसे देखने के लिए भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने- कोने से पर्यटक आते हैं।



रोहित टंडन

उद्यमी



## मूसी नदी के तट पर है स्थित

चारमीनार मूसी नदी के पूर्वी तट पर स्थित है। चारमीनार एक चौकोर संरचना है। जिसकी हर एक वर्ग 20 मीटर (लगभग 66 फीट) लंबा है। प्रत्येक वर्ग के पास चारों में से एक भव्य मेहराब है तथा प्रत्येक ऐसे मुख्य बिंदुओं के सामने है जो सीधा अपने- सामने वाली सड़क के सामने खुलते हैं। प्रत्येक कोने पर एक उत्कृष्ट मीनार 159.77 फीट ऊंची एक डबल छज्जे के साथ खड़ी है। जिसे आधार पर डिजाइन की तरह एक बल्बनुमा गुंबद द्वारा ताज पहनाया गया है। चारमीनार के ऊपर पहुंचने के लिए 149 घुमावदार सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।

## हैदराबादी मोती पूरी दुनिया में प्रसिद्ध

चारमीनार के लंबे इतिहास में 400 से अधिक वर्षों से इसकी शीर्ष पर एक खूबसूरत मस्जिद खुले छत के पश्चिमी छोर पर स्थित है। ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण, यह संरचना के आसपास के लोकप्रिय और व्यस्त स्थानीय बाजारों के लिए भी जाना जाता है, और हैदराबाद में सबसे अधिक बार आने वाले पर्यटक आकर्षणों में से एक बन गया है। इसके पश्चिम स्थित बाज़ार और दक्षिण पश्चिम में सबसे बड़ी और सुंदर मक्का मस्जिद स्थित है। अपने सुनहरे दिनों में चारमीनार बाजार में लगभग 14,000 दुकानें थीं। इस बाजार में पर्यटक और स्थानीय लोग विशेष रूप से आभूषण,उत्तम चूड़ियां और प्रसिद्ध हैदराबादी मोती के लिए आते हैं।

## चूना- पत्थर और ग्रेनाइट से है बना

चारमीनार ग्रेनाइट, चूना पत्थर, मोर्टार और चूर्णित संगमरमर से बना है। शुरूआत में इसके चार मेहराब के साथ स्मारक के लिए ऐसी सटीक योजना बनाई थी कि जब चारमीनार खोला गया था तब प्रत्येक मेहराब से हैदराबाद शहर के चारों कोनों की झलक मिलती थी, क्योंकि प्रत्येक मेहराब किसी एक सबसे सक्रिय शाही सड़कों के सामने था। वहां भी एक भूमिगत सुरंग की भी योजना का जिक्र है। संभवतः घेराबंदी के समय कुतुब शाही शासकों के लिए भागने के एक मार्ग के रूप में इरादा गोलकुंडा से इसे सुरंग से जोड़ने का रहा होगा, हालांकि सुरंग का स्थान अज्ञात है।

## आधार पर स्थित है भाग्यलक्ष्मी मंदिर

भाग्यलक्ष्मी मंदिर भी चारमीनार के आधार पर स्थित है। चारमीनार का प्रबंधन करने वाले हैदराबाद उच्च न्यायालय ने मंदिर के आगे विस्तार को रोक दिया है। जबकि वर्तमान में मंदिर की उत्पति विवादित नहीं है। यह मंदिर भी पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन है।

# कानपुर को 40 फीसदी भी नहीं दिखा पाता मुंबई



मुंबई फिल्म इंडस्ट्री को कानपुर शहर की लैंग्वेज, यहां का रहन-सहन और परिवेश बहुत सूट कर रहा है। शहर के अलग-अलग विषय को देश दुनिया में पसंद किया जाता है, इसीलिए फिल्म निर्माता तेजी से शहर की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह अपनी फिल्मों में शहर को 40 फीसदी भी नहीं दिखा पाते हैं। यह कहना है शहर के युवा एक्टर अजय मिश्रा का। अक्षय, अरशद और सौरभ शुक्ला स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 3 के प्रोमोशन वीडियो में दिखे शहर के अजय मिश्रा ने बॉलीवुड फिल्मों के साथ ही एक दर्जन से अधिक टीवी शो व वेब सीरीज में भी कार्य किया है। *प्रस्तुति: अभिषेक वर्मा*

शहर के बर्रा में रहने वाले अजय मिश्रा का किसान परिवार भीतरगांव में रहता है। उन्होंने बताया कि महाभारत, शक्तिमान जैसे शो को देखने के बाद बचपन से ही एक क्रेज था कि एक दिन बड़े पर्दे पर दिखना है। टीवी देखने के चलते मां से कई बार मार खाया, इस दौरान मां से भी डॉयलाग मारता था कि 'मर्द के दर्द नहीं होता है' 2003 से स्ट्रगलर कर रहे अजय मिश्रा ने बताया कि पढ़ाई और दूसरे कार्य के साथ एक्टिंग के लिए दिल्ली-मुंबई के चक्कर लगता रहा।



टीवी पर आने वाले शो जमुनिया, जोधा अकबर के साथ ही क्राइम पेट्रोल व अन्य टीवी शो में जो भी छोटे रोल मिले किए। उन्होंने बताया कि 2018 में पहली बार फैमिली ऑफ ठाकुरगंज में जिम्मी शेरगिल और सौरभ शुक्ला स्टारर फिल्म से पहचान मिली। इस फिल्म में सौरभ शुक्ला का राइट हैंड 'लल्ला' नाम के किरदार को निभाया। अजय कहते है कि 2 घंटे की फिल्म में 15 मिनट स्क्रीन पर रहना मेरे लिए बड़ा सुखद रहा। इसके बाद अजय देवगन की फिल्म भोला ने भी अच्छी टीआरपी दी। राजकुमार राव की फिल्म मालिक, सुबेदार में भी किरदार मिल चुका है।

### साल के अंत में रिजीज होगी 'द हिस्ट्रीशीटर'

अजय मिश्रा ने बताया कि एक्टिंग के साथ ही कास्टिंग और लाइन प्रड्यूसर का कार्य भी कर रहे हैं। बताया कि 2017 से एक फिल्म 'द हिस्ट्रीशीटर' पर कार्य कर रहे थे, बजट व अन्य आभाव के चलते यह फिल्म रिलीज नहीं हो सकी थी, लेकिन अब यह बनकर तैयार है। अजय ने बताया कि सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में कानपुर और आस-पास की कहानी देखने को मिलेगी। इसी साल के अंत में फिल्म को रिलीज करने की तैयारी है।

### 551 रुपये का है जॉली पान

हाल में ही जॉली एलएलबी 3 का प्रोमोशन वीडियो लांच हुआ है। इसमें शहर के अजय मिश्रा जॉली पान बेचते दिखाई दे रहे हैं। अजय मिश्रा डॉयलॉग बोल रहे हैं कि जॉलीपान है देख नहीं रहे हैं, इसमें बनारस का पत्ता है, इलायची दुबई की है और चूना है जापान का। इस प्रोमोशन वीडियो को भी खूब देखा जा रहा है।

### मुंबई में कंपटीशन के साथ विश्वासघात बड़ी चुनौती

अजय मिश्रा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री इतनी जल्द किसी को अपनाती नहीं है। बहुत कंपटीशन है। चप्पलें घिसकर यहां तक पहुंच पाया हूं। उन्होंने कहा कि यहां चुनौती तो है, इसके साथ ही विश्वासपात्र लोग मिल पाना बड़ा मुश्किल टास्क है। जिसको आगे बढ़ाने की सोचा वह आपको अगले कदम पर गिराने के लिए खड़ा है। लेकिन, इन बुराइयों को भूल जाओ तो बहुत से बेहतर लोग भी यहां हैं जो गिरते समय आपका हाथ भी पकड़ते हैं। ऐसे ही कुछ लोगों की मदद और अपनी मेहनत से यहां तक पहुंच पाया हूं।

# यूं ही नहीं कहते हैं, राधा के बिना श्याम आधा

राधे-राधे और जयश्री राधे का बढ़ते महिमा गान के बीच राधा रानी के अनन्य भक्त वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज द्वारा राधा नाम जप की महत्ता स्थापित करने के बाद तमाम लोगों के मन में राधा की शक्ति और भक्ति को लेकर अनेक प्रकार के प्रश्न हैं। आइए जानते हैं कि कौन हैं राधा और कैसे हुआ प्रादुर्भाव।



नमिता त्रिपाठी


लेखिका

### राधा का जन्म शक्ति और भक्ति का अवतार

राधा का जन्म शक्ति और भक्ति के अवतार के रूप में हुआ। वे परम प्रेम, समर्पण और भक्ति की मूर्ति हैं। श्रीकृष्ण और राधा का संबंध जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है, इसीलिए राधा को कृष्ण से भी बढ़कर पूज्य माना जाता है, क्योंकि राधा के बिना कृष्ण की लीला अधूरी है। राधा रानी के जन्म को लेकर शास्त्रों और पुराणों का सार यही है कि राधा स्वयं श्रीकृष्ण की अनन्त शक्ति-ह्लादिनी शक्ति का अवतार हैं। उनका जन्म माता के गर्भ से नहीं बल्कि योगमाया से हुआ था। एक प्रसिद्ध मान्यता के अनुसार, रावली ग्राम (बरसाना के समीप) में वृषभानु और उनकी पत्नी कीर्ति देवी रहते थे। कीर्ति देवी धर्मपरायण होकर भी संतान-सुख से वंचित थी। एक दिन उन्होंने यमुना तट पर तपस्या की, तभी आकाशवाणी हुई, हे देवी, तुम्हें स्वयं लक्ष्मी स्वरूपा कन्या प्राप्त होगी, जो श्रीकृष्ण की अनन्त प्रेयसी और शक्ति का अवतार होगी। कुछ समय बाद कीर्ति देवी ने एक कन्या को कमल के फूल पर प्रकट होते हुए देखा। उसे वह अपने घर ले आईं। यही राधा थीं। एक अन्य किवंदती के अनुसार बाबा वृषभानु यमुना में स्नान कर रहे थे। एक कमल का फूल पानी में तैरता हुआ उनके पास आया। जिस पर राधा थीं। उन्हें वह भगवान का प्रसाद मानकर अपनी पुत्री बनाकर घर ले आए।

### श्रीकृष्ण और राधा का संबंध आत्मा और परमात्मा का

कहते है, कि भगवान का असली स्वरूप भक्ति के द्वारा प्रकट होता है और राधा उस भक्ति की सर्वोच्च मूर्ति हैं। जब हम राधा का नाम लेते हैं तो हम अपने भीतर प्रेम और समर्पण को जगाते हैं और जब उस भाव के साथ कृष्ण का नाम लिया जाता है तो वह सच्ची पुकार बन जाती है। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण के नाम के आगे राधा का नाम लेना चाहिए। श्रीकृष्ण और राधा का संबंध एक नारी और पुरुष का नहीं बल्कि आत्मा और परमात्मा का है। श्रीकृष्ण भगवान हैं, तो राधा उनकी सर्वोच्च भक्त है। इसलिए जब राधारानी का नाम पहले लिया जाता है तो इसका अर्थ होता है कि, परमात्मा तक पहुंचने के लिए हमें पहले भक्ति और प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। बिना भक्ति के भगवान तक पहुंचना असंभव है। भक्तों की आराधना से श्रीकृष्ण तब ही खुश होते है जब भक्त प्रीति और समर्पण से उनका अनुसरण करते है। राधा रानी ने अपने जीवन में कृष्ण के प्रति पूर्ण समर्पण और निष्काम प्रेम दिखाया। उनके प्रेम में कोई स्वार्थ नहीं था। राधा ने कभी कृष्ण से कुछ मांगा नहीं बल्कि हर पल केवल उनका स्मरण और आराधना की। यही वजह है कि श्रीकृष्ण का नाम राधा नाम के बिना अधूरा है।



### पुराणों ही नहीं, वेदों में भी है राधा रानी का गुणगान

ऋषि वेद व्यास ने भागवत की रचना की, लेकिन उसमें राधा का उल्लेख नहीं है, तो वेद व्यास की लेखनी से भागवत ही नहीं, कई अन्य पुराण भी निकले हैं, जिनमें उन्होंने राधा रानी का गुणगान किया है। पद्म पुराण में कहा गया है, हजारों लक्ष्मी राधा के ही विस्तार हैं, जो उनसे प्रकट हुई हैं। नारद पुराण में राधा रानी के बायीं ओर से महालक्ष्मी के प्रकट होने की बात है। आदि पुराण में वेद व्यास कहते हैं कि राधा शाश्वत हैं। मत्स्य पुराण में कहा गया है कि रुक्मिणी तो द्वारिका में रहती हैं, लेकिन राधा सदैव वृन्दावन में रहती हैं। देवी भागवत पुराण में सीख दी गई है कि श्रीकृष्ण से पहले राधा नाम का उच्चारण करें। ब्रह्म वैवर्तक पुराण के अनुसार श्रीकृष्ण राधा के पुरुष रूप हैं, और अंत में, वेदों में भी राधा जी का उल्लेख है। ऋग्वेद में उल्लेख है कि मैं वृषभानु (राधा के पिता) की पुत्री को प्रणाम करता हूं। राधिकोपनिषद में कहा गया है कि राधा वह सत्ता हैं, जिनके चरण कमलों की धूल को जगत के स्वामी अपने मस्तक पर धारण करते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,380.69 | 25,239.10 |
| बढ़त | 594.95 | 169.90 |
| प्रतिशत में | 0.73 | 0.68 |

**सोना : 1,15,100** प्रति 10 ग्राम

**चांदी : 1,32,870** प्रति किलो

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1830, फॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2550, फॉर्चुन 13केजी 1950, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1885, उजाला 1920, गृहणी 13 केजी 1880, क्लासिक (केजी) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2375, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2475, स्वास्तिक 2555
**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100
**चावल (प्रति कु) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8800, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300
**चीनी :** डालमियां 4380, पीलीभीत 4280, सितारगंज 4260, धामपुर 4360

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5200, मसूरी- 3600 बासमती- 9300, परमल- 3100
**दाल दलहन :** काला चना- 7000, साबुत चना दाल- 7200, मूंग साबुत- 9100 राजमा- 12400-14100, दाल उड़द- 9100, साबुत मसूर दाल- 7200 मसूर दाल- 7000, उड़द साबुत- 8000 काबुली चना- 10400, अरहर दाल- 11100, लोबिया/करमानी- 9100

# व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से झूमा बाजार

## सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा मुंबई, निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

आगामी फेड के नीतिगत निर्णय में प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने को लेकर नई उम्मीद बंधने और अनुकूल वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में सुधार का रुख रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, नई जीएसटी दरों के लागू होने और त्योहारों के दौरान मांग की उम्मीद से वाहन और टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.62 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड 1.67 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि दूरसंचार खंड में 1.50 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.43 प्रतिशत और प्रौद्योगिकी खंड में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही।

### भारत बातचीत की मेज पर आ रहा है : नवारो

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** राजधानी दिल्ली में भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ता से पहले व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि भारत 'बातचीत की मेज पर आ रहा है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में भारत सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है। उनकी यह टिप्पणी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच की मंगलवार को प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दिन भर चलने वाली वार्ता से पहले आई है। नवारो ने कहा, भारत बातचीत की मेज पर आ रहा है... शुल्क का महाराजा।

### भारत और अमेरिका ने भारी शुल्कों के मुद्दों को सुलझाने के प्रयास शुरू किए

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते पर मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी है। इसमें निर्यातकों के लिए अनिश्चितता पैदा करने वाले भारी शुल्कों के मद्देनजर मुद्दों को सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच अमेरिकी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल भारत के मुख्य वार्ताकार हैं। लिंच अपने भारतीय समकक्ष के साथ एक दिवसीय वार्ता के लिए सोमवार देर रात भारत पहुंचे। रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क और 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना लगाए जाने के बाद किसी उच्च पदस्थ अमेरिकी व्यापार अधिकारी की यह पहली यात्रा है। भारत ने 50 प्रतिशत के भारी शुल्क को अनुचित बताया है। फरवरी में, दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। समझौते के पहले चरण को 2025 की शरद ऋतु तक पूरा करने की योजना थी। अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता, जो 25-29 अगस्त तक होनी थी, उच्च आयात शुल्क लगाए जाने के बाद स्थगित कर दी गई थी। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लिंच और भारतीय अधिकारियों के बीच बैठक को छठे दौर की वार्ता के रूप में नहीं, बल्कि उससे पहले की बातचीत के रूप में देखा जाना चाहिए।

# सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार, चांदी भी नए शिखर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से चमका सोना

कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गयी।

स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः 1,13,300 रुपये और 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते मंगलवार को सोना एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी 570 रुपये चढ़कर 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

### रुपया आठ पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 88.08 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर डॉलर के कारण रुपये में मजबूती आई। अमेरिकी डॉलर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से पहले दो महीने के निचले स्तर पर आ गया।

# सरकार ने 11.9 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का रखा लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के लिए 11.9 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.47% अधिक है। कृषि मंत्रालय ने कहा वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के लिए, सरकार ने 11.5 करोड़ टन गेहूं उत्पादन लक्ष्य रखा था। वास्तविक उत्पादन रिकॉर्ड 11.75 करोड़ टन होने का अनुमान है।

गेहूं मुख्य रबी (सर्दियों) की फसल है, जिसकी बुवाई अक्टूबर के अंत से शुरू होकर नवंबर तक चलती है। अन्य रबी फसलों में ज्वार, जौ, चना और मसूर शामिल हैं। रबी सत्र 2025-26 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन लक्ष्य 17 करोड़ 11.4 लाख टन निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो दिवसीय राष्ट्रीय रबी सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि रबी सत्र के लिए बीज और उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति है। कहा कि आगामी रबी सत्र में, कृषि वैज्ञानिकों की 2,000 से अधिक टीमें तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान नामक रबी अभियान के माध्यम से किसानों को समय पर जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उनके पास जाएंगी।

# आउट ऑफ स्टॉक हुआ कॉस्मिक ऑरेंज आईफोन प्रो मैक्स-17

**नई दिल्ली।** कॉस्मिक ऑरेंज रंग वाले एप्पल के आईफोन प्रो मैक्स-17 की मांग में भारी उछाल आया है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका और भारत में कंपनी के आधिकारिक स्टोर पर इस उपकरण को लेने के लिए बुकिंग शुरू होने के तीन दिन के भीतर ही 'यह आउट ऑफ स्टॉक' हो गया है। एप्पल इंडिया वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत में पूरी आईफोन प्रो मैक्स श्रृंखला एप्पल स्टोर्स पर पिक-अप विकल्प के साथ पूर्व-ऑर्डर के साथ उपलब्ध नहीं है।

# जीएसटी छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें खुदरा विक्रेता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी किए निर्देश




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में किए गए संशोधन के कारण मिलने वाली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें।

भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे एक पत्र में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी में कमी को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उच्च प्रभाव वाले उत्पादों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीपीआईआईटी ने कहा, अपने नेटवर्क के माध्यम से वे जीएसटी के कारण छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। उदाहरण के लिए- अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन के माध्यम से ऐसा किया जाना चाहिए। विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि इस त्योहारी सीजन के दौरान बिक्री के आंकड़ों पर नजर रखी जाए।

### व्यक्तिगत स्वास्थ्य, जीवन बीमा पॉलिसी मामले में कमीशन पर जीएसटी के लिए आईटीसी का लाभ नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि बीमा कंपनियां 22 सितंबर से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी के लिए कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' यानी कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा नहीं कर पाएंगी। सीबीआईसी ने 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होने पर विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची जारी की है। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को अपनी बैठक में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर चुकाए गए प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया। फिलहाल इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। छूट 22 सितंबर से प्रभावी होगी। इस सवाल के जवाब में कि बीमा कंपनियों की कौन सी 'इनपुट' सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं, सीबीआईसी ने कहा कि वर्तमान में, बीमा कंपनियां कमीशन, ब्रोकरेज और पुनर्बीमा जैसे कई इनपुट और इनपुट सेवाओं पर आईटीसी का लाभ उठा रही हैं। सीबीआईसी ने कहा, इन इनपुट सेवाओं में से, पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी।

## राष्ट्रीय

# विवाहघर बनाने के लिए श्रद्धालु मंदिरों को नहीं देते दान

## सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु सरकार को फटकार, कहा- मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी नहीं माना जा सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया धन विवाह समारोह स्थलों के निर्माण के लिए नहीं होता। न्यायालय ने उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया जिसमें कहा गया था कि मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं माना जा सकता। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर पांच मंदिरों के धन से शादी स्थलों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को रद्द करते हुए फटकरा लगाई।

गत 19 अगस्त के अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह समारोहों के लिए किराए पर देने के लिए मैरिज हॉल का निर्माण करने का सरकार का निर्णय धार्मिक उद्देश्यों की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी और उसने कहा, भक्त इन विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिर को अपना धन नहीं देते हैं। यह मंदिर के सुधार के लिए हो सकता है। पीठ ने पूछा, यदि मंदिर परिसर में विवाह समारोह चल रहा हो और सभी प्रकार के अश्लील गाने बजाए जा रहे हों, तो क्या मंदिर का यही उद्देश्य है? शीर्ष अदालत ने इसके बजाय सुझाव दिया कि इस धन का उपयोग शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों जैसे धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और अन्य वकील याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पीठ ने कहा कि मुद्दा यह है कि सरकार द्वारा लिया गया निर्णय सही था या गलत। हालांकि, शीर्ष अदालत ने चुनौती पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की और इसे 19 नवंबर के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा, हम इस मामले की सुनवाई करेंगे। हम याचिकाकर्ताओं को कोई स्थगन आदेश नहीं दे रहे हैं।

उच्च न्यायालय का यह निर्णय मंदिर के धन से विवाह मंडपों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। सरकारी आदेशों में हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री के बयान का खुलासा किया गया है, जिन्होंने विधानसभा में बजट भाषण के दौरान मंदिर के धन से 80 करोड़ रुपये खर्च करके 27 मंदिरों में विवाह मंडपों के निर्माण की घोषणा की थी। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम और उसके नियमों के प्रावधानों के तहत, सरकार को मंदिर के धन या अधिशेष धन का उपयोग विवाह मंडपों के निर्माण के लिए करने का कोई अधिकार नहीं है।

### खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पुन: स्थापित कराने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची प्रतिमा को पुन: स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी एक याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि यह याचिका चर्चा में आने के लिए दायर की गई है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्र ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं।

# मोदी को उपहार में मिली 1,300 से अधिक वस्तुओं की आज से की जाएगी ई-नीलामी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपहार में मिली 1,300 से अधिक वस्तुओं की यहां सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक ई-नीलामी की जाएगी। इनमें राम दरबार की तंजौर पेंटिंग, धातु की नटराज प्रतिमा और हाथ से बुनी हुई नगा शॉल शामिल हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑनलाइन नीलामी के सातवें संस्करण की शुरुआत मोदी के जन्मदिन पर होगी, जो बुधवार को 75 वर्ष के हो जाएंगे।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यहां राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित एक प्रेस वार्ता में, प्रधानमंत्री के स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी के नवीनतम संस्करण की शुरूआत किये जाने की घोषणा की। ई-नीलामी का पहला संस्करण जनवरी 2019 में आयोजित किया गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तब से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट किये गए हजारों अद्वितीय उपहारों की नीलामी की जा चुकी है, जिनसे नमामि गंगे परियोजना के समर्थन में 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई गई है।

### पेंटिंग, कलाकृतियां, मूर्तियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां शामिल

शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री को मिले 1,300 से ज्यादा उपहारों की ऑनलाइन नीलामी की जाएगी। इन वस्तुओं में पेंटिंग, कलाकृतियां, मूर्तियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां और कुछ खेल सामग्री शामिल हैं। मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपने सभी स्मृति चिह्न इस नेक काम के लिए समर्पित कर दिए हैं। ई-नीलामी में, कढ़ाई वाली पश्मीना शॉल, राम दरबार की तंजौर पेंटिंग, नटराज मूर्ति, गुजरात की रोगन कला, एक हाथ से बुनी हुई नगा शॉल आदि शामिल की गई हैं।

# केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जजों को सुविधाएं नहीं दे सकते तो अधिकरणों को समाप्त कर दें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कहा-- वे आवेदन क्यों कर रहे हैं, साक्षात्कार क्यों दे रहे हैं और फिर कार्यभार क्यों नहीं संभाल रहे हैं

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद, अधिकरणों में उनके पदभार ग्रहण करने को इच्छुक नहीं होने के लिए सुविधाओं की कमी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि यदि सरकार स्थिति में सुधार करने में असमर्थ है, तो ऐसे सभी अर्ध-न्यायिक निकायों को समाप्त कर देना जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सुविधाएं नहीं दे सकती, तो उसे सभी अधिकरणों को समाप्त कर देना चाहिए और सभी मामलों को उच्च न्यायालयों में भेज देना चाहिए। न्यायालय ने कहा, वे आवेदन क्यों कर रहे हैं, साक्षात्कार क्यों दे रहे हैं और फिर कार्यभार क्यों नहीं संभाल रहे हैं? एक कारण यह है, उन्हें तब जाकर इसकी वास्तविकता का पता चलता है कि अधिकरण का सदस्य होना क्या होता है।

उनमें से कुछ, अगर वे अध्यक्ष होते हैं, तो वे उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश होते हैं। उन्हें कोई भी सुविधा नहीं दी जाती। यहां तक कि स्टेशनरी के लिए भी उन्हें लगातार अनुरोध करना पड़ता है। आप अधिकरणों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? दोष आपका (केंद्र का) है। आपने ही अधिकरण बनाए हैं। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से कहा, संसद ने अधिनियम पारित किए हैं। न्यायिक प्रभाव पर ध्यान नहीं दिया गया है। कोई खर्च नहीं दिया गया है।

उन्हें दूसरों के भरोसे रहना पड़ता है- हमें स्टेशनरी दो, हमें आवास दो, हमें यह दो, हमें कार दो। आपके विभाग की सबसे खटारा कार अधिकरण के अध्यक्ष को दी गई है। न्यायालय ने कहा, आप पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और पूर्व न्यायाधीशों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? इसलिए, उनके पास इसे (अधिकरण में पदभार) स्वीकार न करने का एक कारण है, क्योंकि वास्तविकता उनके सामने आ गई है।

# आरोपियों पर सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### बीएमडब्ल्यू दुर्घटना



वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मोटरसाइकिल को टक्कर मारने वाली बीएमडब्ल्यू कार चलाने के आरोप में गिरफ्तार महिला और उसका पति मोटरसाइकिल सवार घायल दंपति को दूर स्थित एक अस्पताल ले जाते समय पुलिस को सूचित करने में विफल रहे, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने दोनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप जोड़े हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में उप सचिव सिंह (52) की मोटरसाइकिल को रविवार दोपहर एक बीएमडब्ल्यू कार ने टक्कर मार दी थी। वह अपनी पत्नी के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे। इस घटना में सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के दौरान कार चला रही गगनप्रीत के साथ उसके पति, दो बच्चे और एक घरेलू सहायिका भी थी। गुरुग्राम में रहने वाला यह परिवार विनिर्माण का कारोबार करता है। मामले में बीएनएस की धारा 281 125बी (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), 105 (गैर इरादतन हत्या) और 238 (सबूतों को मिटाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# विदेश में बैठे नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अब समय आ गया है कि विदेश में बैठकर भारत में मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों को कानून के दायरे में लाया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के मादक पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पान की दुकानों या खोखों में मादक पदार्थ की पुड़िया (छोटे पैकेट) बेचकर तस्करी करने वाले मादक पदार्थ से जुड़े गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। शाह ने कहा कि मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई में त्रिकोणीय रणनीति अपनानी होगी।

# जाति, भाषा व अन्य मुद्दों पर बांटने की हो रही है कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि जाति, भाषा और अन्य चीजों के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है और उन्होंने इसे लेकर चिंता भी जताई। यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि देश तभी प्रगति करेगा और मजबूत बनेगा, जब उसके लोग एकजुट रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि आज पिछड़ापन एक राजनीतिक स्वार्थ बनता जा रहा है। हर कोई कहता है, मैं पिछड़ा हूं, मैं पिछड़ा हूं जाति, भाषा और हर चीज के नाम पर समाज को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 100 साल की यात्रा पर चर्चा करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि विरोधियों ने भी कई मौकों पर संघ को जातिवादी और सांप्रदायिक कहकर बदनाम किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संघ में किसी की जाति नहीं पूछी जाती। संघ में कोई भेदभाव, छुआछूत नहीं है। गडकरी ने कहा, हम दुनिया में सभी के कल्याण और प्रगति की कामना करते हैं, यहां तक कि उन लोगों की भी जो हमारा विरोध करते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का निधन

**प्रोवो।** ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक और सनडांस के संस्थापक तथा स्वतंत्र सिनेमा के जनक रॉबर्ट रेडफोर्ड का मंगलवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। प्रचारक सिंडी बर्गर ने एक बयान में कहा, रेडफोर्ड का निधन उताह के पहाड़ों में स्थित उनके आवास पर हुआ। वर्ष 1960 के दशक में पहचान बनाने वाले रेडफोर्ड 70 के दशक के सबसे बड़े सितारों में से एक थे, जिन्होंने 'द कैंडिडेट', 'ऑल द प्रेसिडेंट्स मैन' और 'द वे वी वर' जैसी फिल्मों में काम किया। रेडफोर्ड ने 1980 में आई फिल्म 'ऑर्डिनरी पीपल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ऑस्कर पुरस्कार जीता था।

### पाकिस्तान में पोलियो टीम के 3 सदस्य अगवा

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था।

### जेलेंस्की ने यूरोपीय वायु रक्षा प्रणाली मांगी

**कीव।** रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेनी शहर ज़ापोरिज्जिया पर रात भर रॉकेट से बमबारी की, जिसमें दो बच्चों सहित 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार यह जानकारी। वहीं, राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से महाद्वीप को सुरक्षित बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी वायु रक्षा प्रणाली तैयार करने की गुजारिश की। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले दो सप्ताह में रूस ने यूक्रेन के भीतर लक्ष्यों पर 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम और लगभग 200 मिसाइलें दागी हैं।

### चीन ने इंटरनेट के लिए उपग्रह प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान।** चीन ने मंगलवार को देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से उपग्रह इंटरनेट तकनीक के लिए एक परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। उपग्रह को सुबह 9:06 बजे लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया, जिसमें युआनझेंग-1एस (एक्सपीडिशन-1एस) का ऊपरी चरण रॉकेट से जुड़ा हुआ था। उपग्रह अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में पहुंच गया है। यह लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 595वाँ उड़ान मिशन था।

# ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 15 अरब डॉलर का मानहानि का केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- चुनाव से पहले दुर्भावनापूर्ण मानहानि करने का आरोप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार और उसके चार पत्रकारों के खिलाफ सोमवार को 15 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। अदालत के दस्तावेजों से यह जानकारी मिली।

फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमे में अखबार के दो पत्रकारों द्वारा लिखे गए और 2024 के चुनाव से पहले प्रकाशित कई लेखों और एक किताब का जिक्र है। इसमें कहा गया है कि ये ट्रंप के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण मानहानि करने की न्यूयॉर्क टाइम्स की दशकों पुरानी प्रवृत्ति का हिस्सा हैं। प्रतिवादियों ने ऐसे बयानों को लापरवाही से, बयानों के झूठ होने की जानकारी के साथ और/या उनकी सच्चाई या झूठ की बेपरवाही से अनदेखी करते हुए प्रकाशित किया। मुकदमे की घोषणा करते हुए 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर उनके बारे में झूठ बोलने और उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि यह रेडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट पार्टी का एक आभासी मुखपत्र बन गया है।

# सबसे धीमे शहर भारत में



भारत के शहरों में ट्रैफिक जाम में कब कोई एंबुलेंस फंस जाए और कब किसी की जान चली जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रैफिक जाम पर कई शोध हुए जिनसे पता चलता है कि भारत के प्रमुख शहर दुनिया के सबसे धीमे शहरों में शामिल हैं। कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद और चेन्नई जैसे शहर ट्रैफिक जाम से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। इस समस्या के कारणों में बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या, अपर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, और सड़कों पर बेतहाशा अतिक्रमण शामिल है। ट्रैफिक जाम लोगों के समय और पैसे की बर्बादी का भी बड़ा कारण बन चुका है। प्रदूषण इसका सबसे बड़ा साइड इफेक्ट है जो सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। सरकार की ओर से फिलहाल इस विकराल समस्या के समाधान के लिए न गंभीरता दिखती है, न ही पर्याप्त कोशिशें।

### कितनी बड़ी मुसीबत

- वर्ष 2016, गुरुग्राम में एनएच 48 पर 20 घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा जिसमें लाखों लोग फंसे रहे।
- वर्ष 2018 मुंबई अंधेरी ब्रिज गिरा, ट्रैफिक जाम की वजह से एंबुलेंस और बचाव दल नहीं पहुंचे।
- वर्ष 2020-21 के कोविड काल में ट्रैफिक जाम में एंबुलेंसों के फंसने से कई मरीजों की मौत हुई।
- वर्ष 2022 में बेंगलुरु में भारी बारिश के दौरान आईटी कॉरिडोर में कई किलोमीटर लंबा जाम।
- वर्ष 2023 में दिल्ली-गुरुग्राम टोल पर कई घंटों तक जाम लगा जिसमें कई मरीजों की मौत हो गई।

## ट्रैफिक जाम की समस्या पूरे देश में

### क्यों इस कदर जाम होती हैं सड़कें

- मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे और नीति आयोग के मुताबिक भारतीय महानगरों में हर साल 7 से 10% की दर से निजी वाहन बढ़ रहे हैं।
- वाहनों के पंजीकरण की तुलना में सड़क नेटवर्क की लंबाई काफी कम है, इन पर बसें, मेट्रो, लोकल ट्रेन जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी कमी है।
- अनियोजित हाउसिंग और कम चौड़ी सड़कों के कारण अनियंत्रित शहरीकरण, इन पर अवैध पार्किंग की वजह से सड़कें और संकरी हो जाती हैं।
- नियमों के पालन की कमी भी बड़ा कारण, भारत में लेन अनुशासन नहीं, गलत जगह पर रुकना और वाहनों को पार्क करने से जाम लगता है।

### वाहन और सड़कें

- 1951 में भारत में लगभग 3 लाख वाहन थे जो 2001 में 5.5 करोड़ हो गए।
- मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे के मुताबिक 2023 तक 40 करोड़ से अधिक वाहन हो गए हैं।
- भारत 64 लाख किमी का दुनिया का दूसरा बड़ा सड़क नेटवर्क है लेकिन सड़कें संकरी और भीड़भरी।
- दिल्ली जैसे शहर में वाहनों की संख्या 1.4 करोड़ से ऊपर है लेकिन सड़क नेटवर्क लगभग स्थिर है।

### पैसे-समय की बड़ी बर्बादी

- नीति आयोग के अनुसार दिल्ली-बेंगलुरु-मुंबई में ट्रैफिक जाम से हर साल 1.5-2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है।
- टॉम टॉम ट्रैफिक इन्डेक्स 2022 के मुताबिक बेंगलुरु के लोग रोजाना औसतन 70 से 80 मिनट तक जाम में फंसते हैं।
- स्टॉप एंड गो ट्रैफिक से उत्सर्जन दो से तीन गुना तक बढ़ता है। सीएसई के मुताबिक ट्रैफिक से 40% शहरी प्रदूषण होता है।
- तनाव, उच्च रक्तचाप और श्वसन रोगों जैसे स्वास्थ्य दुष्प्रभाव भी ट्रैफिक जाम के कारण।

### सरकारी प्रयास

राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति 2006 में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट, ई-बस, स्मार्ट सिग्नल लेकिन कई जगह विफल। मेट्रो रेल नीति 2017 के तहत शहरों में मेट्रो विस्तार और टोल पर जाम कम करने के लिए फास्टैग। प्रदूषण और तेल खपत घटाने के लिए ई-वाहन नीति।

# गाजा पर कब्जे की तैयारी शुरू, इजराइल ने बड़े पैमाने पर शुरू किए जमीनी हमले

## रात भर हुई बमबारी में 20 की मौत और 90 से ज्यादा घायल, कई इमारतें मलबे में तब्दील

यरुशलम, एजेंसी

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों के बीच इजराइल की सेना ने मंगलवार को घोषणा की कि गाजा शहर में हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए उसका विस्तारित अभियान शुरू हो चुका है। सेना ने गाजा के लोगों को दक्षिण की ओर जाने की भी चेतावनी दी। गाजा पर इसके साथ कब्जे के लिए जमीनी हमले भी शुरू कर दिए गए हैं। ताजा हमलों में 20 की मौत और 90 से ज्यादा के घायल होने की खबर है।

संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को अनुमान लगाया था कि पिछले एक महीने में दो लाख 20 हजार से अधिक फलस्तीनी उत्तरी गाजा से पलायन कर चुके हैं। इजराइल की सेना ने बड़ा अभियान शुरू करने से पहले लोगों को गाजा शहर छोड़ देने के लिए चेताया था। इससे पहले गाजा शहर के आसपास के क्षेत्र में करीब 10 लाख फलस्तीनी रह रहे थे। गाजा के शिफा अस्पताल ने बताया है कि वहां 20 लोगों के शव और 90 घायलों को लाया गया है। दूसरी ओर गाजा में बंधक बनाए गए बंधकों के परिवारों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास के बाहर एकत्र होकर गाजा में अभियान रोकने की गुहार लगाई।



गाजा शहर में इजराइली हवाई हमलों के बाद आसमान में छाया धुआं।

### गाजा जल रहा है, मिशन पूरा होने तक तरस नहीं खाएंगे: इजराइली रक्षामंत्री

गाजा शहर में हवाई हमलों और बमबारी के बाद इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने मंगलवार सुबह एक बयान में कहा गया कि गाजा जल रहा है। काट्ज ने कहा कि आईडीएफ आतंकवादी बुनियादी ढांचों पर कड़े हमला कर रही है और हमास को हराने और बंधकों की रिहाई की दिशा में काम कर रही है। काट्ज ने कहा, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता हम न तरस खाएंगे और न पीछे हटेंगे। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने बताया कि इजराइली सेना सोमवार रात से गाजा शहर पर लगातार हमले कर रही है। इजराइल के लड़ाकू विमान बिना रुके लगातार हमले कर रहे हैं।

### समय निकलता जा रहा है: रूबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कतर रवाना होने से पहले इजराइल में पत्रकारों से बात करते हुए संकेत दिया कि गाजा शहर पर आक्रमण शुरू हो गया है। हमें लगता है कि हमारे पास समझौते के लिए बहुत कम समय बचा है। शायद कुछ दिन या कुछ हफ्ते। उन्होंने गाजा के लिए तीव्र सैन्य अभियान से उत्पन्न खतरों को स्वीकार करते हुए कहा, हमारी प्राथमिकता यह है कि यह बातचीत के जरिए और समाधान के जरिए समाप्त हो।

### गाजा में नरसंहार कर रहा है इजराइल : संयुक्त राष्ट्र

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा है कि इजराइल गाजा में नरसंहार कर रहा है। टीम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसे रोकने तथा दोषियों को दंडित करने की अपील की है। तीन सदस्यीय टीम द्वारा तैयार की गई यह विस्तृत और दस्तावेज़ आधारित रिपोर्ट प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर अब तक के सबसे गंभीर आरोपों में शामिल है। गाजा में जारी इजराइली अभियान में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल ने इस रिपोर्ट को तोड़मरोड़कर तैयार की गई झूठी रिपोर्ट बताते हुए खारिज कर दिया है। कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र और इजराइल पर गठित जांच आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि उसने 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़राइल में किए गए हमले के बाद से गाजा और अन्य फलस्तीनी क्षेत्रों में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों का बार-बार दस्तावेजीकरण किया है।

### इजराइल को अंतरराष्ट्रीय खेलों से किया जाए प्रतिबंधित : स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने इजराइल को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है। उन्होंने अपनी पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा, इजराइल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने को किसी अंतरराष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजराइल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है।





### लाड़लों को अंतिम विदाई

नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मारे गए कुछ जेन जी युवाओं का मंगलवार को काठमांडू के पशुपति आर्यघाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों की आंखें इस दौरान आंसुओं से भीगी रहीं। गृहमंत्री ओमप्रकाश आर्यल भी इन युवाओं को अंतिम विदाई देने पहुंचे।

### बाइडन प्रशासन आरोपी को रिहा न करता तो न मारे जाते नागमल्लैया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि डलास में भारतीय मूल के एक होटल प्रबंधक की नृशंस तरीके से हत्या कभी नहीं होती, अगर पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन आरोपी को देश में रिहा नहीं करता।

अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक होटल प्रबंधक की उसके परिवार के सामने क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने हत्या कर दी। क्यूबा ने दोषी ठहराए गए इस अपराधी को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया, इसलिए बाइडन प्रशासन ने राष्ट्रपति ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से एक हफ्ते पहले उसे अमेरिकी सड़कों पर छोड़ दिया। चंद्र नागमल्लैया की डाउनटाउन सूट्स मोटल में उनके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज ने वाशिंग मशीन को लेकर हुए एक विवाद के बाद हत्या कर दी। कोबोस-मार्टिनेज क्यूबाई नागरिक है और उसका हिंसक आपराधिक इतिहास है।

### फिलीपींस के पोत ने चीनी जहाज को मारी टक्कर, तनाव

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक जहाज को टक्कर मार दी। सीसीजी प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी दी और उन पर पानी की बौछार की। सुबह करीब 10 बजे एक फिलीपीनी पोत ने चेतावनी को नजरंदाज करते हुए एक जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

# रूस ने परमाणु शक्ति का प्रदर्शन किया, नाटो के साथ तनाव बढ़ा

- नाटो महासचिव ने स्पेन व ब्रिटेन की सुरक्षा पर जताई चिंता

**मास्को।** रूस ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान अपनी पारंपरिक और परमाणु सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, इससे पूर्वी यूरोप में नाटो के साथ तनाव और गहरा हो गया।

हाल के सप्ताहों में कई घटनाओं ने क्षेत्रीय अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। इनमें पोलैंड में रूसी ड्रोन के प्रवेश को वहां के अधिकारियों ने जानबूझकर किया गया उकसावा करार दिया है। जवाब में नाटो ने पूर्वी हिस्से में वायु रक्षा तंत्र को मजबूत किया है। रूस और बेलारूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास जापाद 2025 में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बमवर्षकों, युद्धपोतों, हजारों सैनिकों और सैकड़ों युद्ध वाहनों ने भाग लिया।

अभ्यास में दुश्मन के हमले की स्थिति में संयुक्त जवाबी कार्रवाई की तैयारी की गई, जिसमें परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना और रूस की नई 'ओरेशनिक' इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल भी शामिल है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने मास्को की हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमताओं का उल्लेख करते हुए कहा अब यह मान लेना सही नहीं होगा कि स्पेन या ब्रिटेन, एस्तोनिया या लिथुआनिया की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं।

# नेपाल में प्रधानमंत्री कार्की से मिले भारत के राजदूत नवीन

**काठमांडू।** नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से यहां सिंह दरबार स्थित उनके कार्यालय में मंगलवार को मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बधाई संदेश दिया। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राजदूत श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अपने नेपाली समकक्ष को अंतरिम सरकार की नेता के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई संदेश दिया। अपने संदेश में मोदी ने दोनों देशों के बीच सहयोग और मैत्री के संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# ट्रंप के दावे को आखिरकार पाकिस्तान ने भी किया खारिज

## उपप्रधानमंत्री ने पहली बार किया स्वीकार- भारत ने कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को नहीं किया मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रुकवाने में मध्यस्थता करने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज किया है। डार ने मंगलवार को कतर में अल-जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में पहली बार स्वीकार किया कि भारत ने कभी दोनों देशों के बीच के मुद्दे में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया है।

डार ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के समक्ष जब युद्ध विराम का मुद्दा उठाया था तो उन्होंने कहा कि भारत का हमेशा यह मानना रहा है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह द्विपक्षीय हैं। अमेरिका ने मई में संघर्ष रुकवाने का प्रस्ताव रखा था और कहा था कि भारत पाकिस्तान के बीच वार्ता किसी तटस्थ स्थान पर हो सकती है, लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रुबियो के साथ बैठक में बताया गया कि भारत इस पर सहमत नहीं था।

### भारत आगे बढ़े तो बातचीत के लिए अब भी तैयार



डार ने कहा कि अगर भारत आगे बढ़े तो पाकिस्तान अब भी बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज़ की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की ज़रूरत होती है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार हैं तो उन्होंने कहा, हमें बातचीत में तीसरे के शामिल होने पर कोई आपत्ति नहीं है। हमें द्विपक्षीय वार्ता पर भी कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बातचीत में आतंकवाद, व्यापार और जम्मू-कश्मीर सभी मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

### भारतीय मिसाइल हमलों में मसूद के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए


**लाहौर।** जैश-ए-मोहम्मद के एक कमांडर ने स्वीकार किया है कि सात मई को पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित संगठन मुख्यालय पर भारतीय मिसाइल हमलों में आतंकवादी समूह के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए। मंगलवार को एक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए वीडियो में जैश-ए-मोहम्मद कमांडर इलियास कश्मीरी को भारतीय हमले के खिलाफ जहर उगलते सुना जा सकता है, जिसमें अजहर के परिवार के सदस्य मारे गए थे। साथ ही वह पड़ोसी देशों में पाकिस्तान के लिए लड़ने की शेखी भी बघार रहा है। यह वीडियो 6 सितंबर को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हुए मिशन मुस्तफा सम्मेलन का बताया जा रहा है। कई बंदूकधारियों के बीच खड़े जैश कमांडर ने कहा, इस देश की वैचारिक-भौगोलिक सीमाओं की रक्षा के लिए, हमने दिल्ली, काबुल और कंधार पर हमला किया, जिहाद छेड़ा। और अपना सब कुछ कुर्बान करने के बाद सात मई को बहावलपुर में मौलाना मसूद अजहर के परिवार के सदस्यों को (भारतीय हमलों में) टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 सितंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 11.39 तक तत्पश्चात द्वादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।

चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 06.26 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज प्रेम-संबंधों में गलतफहमियां आने की आशंका है। मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। कुछ मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी से संबंधित समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज आपके स्वाभिमान और आत्मबल में वृद्धि होगी। परिवार में अनुशासन बनाए रखें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन:** आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आय की दृष्टि से दिन सन्तोषजनक रहेगा।

**कर्क:** आज आपके काम समय पर पूरे हो जायेंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। रचनात्मक योजनाओं से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमरदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह:** आज नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है। आज लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। प्रेमीजन के ऊपर धन खर्च करेंगे।

**कन्या:** आज का दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं। मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

**तुला:** आज आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। आज आप घर में अधिक समय बिताना पसंद करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग नए टूर की योजना बनायेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**वृश्चिक:** आज रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से मतभेद उभर सकते हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश को लेकर योजना बनायेंगे। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। उधार लिया हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। अपना खानपान संतुलित रखें। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं। मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है।

**मकर:** आज आपकी दिनचर्या थोड़ी व्यस्त रहेगी। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ होगा। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। छात्र पढ़ाई में अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। परिजनों के साथ नोक-झोंक हो सकती है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नये विरोधी सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे। नई स्किल सीखने का प्रयास कर सकते हैं।

## सुडोकू-102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 6 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |



> दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ। इस बीच कई ऐसे मुश्किल क्षण आए जिन्होंने मुझे खिलाड़ी और इंसान के रूप में मजबूत बनाया। अब मैं पहले से बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं।
>
> आर वैशाली, भारतीय ग्रैंडमास्टर


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 17 सितंबर 2025

**अमृत विचार**

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### भारत के वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक जीता

**बीजिंग।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए स्वर्णिम अध्याय लिखा। वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24.924 सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था।

### पॉडकास्ट की दुनिया में उतरीं सेरेना-वीनस



**न्यूयॉर्क।** टेनिस कोर्ट पर लंबे समय तक धूम मचाने के बाद विलियम्स बहनें सेरेना और वीनस अब पॉडकास्ट की दुनिया में उतर रही हैं। यह दोनों टेनिस जगत की महान खिलाड़ियों में हैं और उन्होंने लंबे समय तक महिला टेनिस में अपना दबदबा बनाए रखा था। सेरेना ने 2022 में अमेरिकी ओपन के रूप में अपना आखिरी टूर्नामेंट खेला था जबकि वीनस ने हाल में वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम के एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल में प्रतिस्पर्धा की थी। सेरेना और वीनस बुधवार को एक्स पर अपने पॉडकास्ट का पहला एपिसोड लॉन्च करेंगी।

### झाझरिया को 20 पदक जीतने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति के प्रमुख देवेंद्र झाझरिया को विश्वास है कि देश का 73 सदस्यीय दल 27 सितंबर से शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 20 से अधिक पदक जीत सकता है। यह चैंपियनशिप भारत में अब तक का सबसे बड़ा पैरा खेल आयोजन होगा, जिसमें 104 देशों के 2,200 से अधिक पैरा-एथलीट और सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल उसका अब तक का सबसे बड़ा दल है। झाझरिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हमारे दल में 73 एथलीट हैं, जो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है।

### डुप्लांटिस ने फिर पोल वॉल्ट का रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो।** टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की और एक बार फिर उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह सिर्फ 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी।

### कलिंगा लांसर्स के कोच बनाए गए जे स्टेसी

**भुवनेश्वर।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते। इसके अलावा वह कुआलालंपुर में 1998 राष्ट्रमंडल खेल और 1999 में चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। स्टेसी ने वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया। स्टेसी ने दुनिया भर के क्लबों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम के घरेलू सर्किट में कोच की भूमिका निभाई है।

# एशिया कप से मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाएगा आईसीसी

## भारत के हाथ न मिलाने पर रेफरी को जिम्मेदार ठहरा टूर्नामेंट छोड़ने की पीसीबी ने दी है धमकी

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को पाकिस्तान की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें उसने एशिया कप के लिए अधिकारियों के पैनल से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हालांकि भारत के खिलाफ मैच के बाद 'हाथ नहीं मिलाने' के विवाद के लिए जिम्बाब्वे के रेफरी को जिम्मेदार ठहराते हुए कथित तौर पर टूर्नामेंट से हटने की धमकी दी है।

पीसीबी ने आईसीसी को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि पाइक्रॉफ्ट ने रविवार को एशिया कप मैच में टॉस के समय पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ नहीं मिलाने के लिए कहा था। आईसीसी के एक सूत्र ने बताया कि कल देर रात आईसीसी ने पीसीबी को जवाब भेजा था कि पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाया जाएगा और उनकी याचिका खारिज कर दी गई है। जिंबाब्वे के 69 वर्षीय पाइक्रॉफ्ट बुधवार को यूएई के खिलाफ पाकिस्तान के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में रेफरी होंगे। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नावेद चीमा ने भी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि पाइक्रॉफ्ट के जोर देने पर ही रविवार को दोनों कप्तानों के बीच टीम की जानकारी का आदान-प्रदान नहीं किया गया जैसा कि आमतौर पर होता है। भारत की सात विकेट से जीत के बाद सूर्यकुमार और उनकी टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पाइक्रॉफ्ट आईसीसी एलीट पैनल के सबसे सीनियर मैच रेफरी में से एक हैं जिन्होंने 695 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों (पुरुष और महिला वर्ग के तीनों प्रारूप में) में अधिकारी की भूमिका निभाई है।




### उस्मान वाल्हा की वजह से पैदा हुई यह स्थिति

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि यह स्थिति पीसीबी के क्रिकेट परिचालन निदेशक उस्मान वाल्हा की वजह से पैदा हुई जिन्होंने अपने कप्तान को टूर्नामेंट के दौरान लागू होने वाले नियमों के बारे में जानकारी नहीं दी। पता चला है कि पीसीबी के नाराज प्रमुख मोहसिन नकवी ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम और उसके कप्तान को हुई शर्मिंदगी के लिए सोमवार को वाल्हा को बर्खास्त करने का आदेश दिया। नकवी एसीसी के मौजूदा अध्यक्ष भी हैं।

### सलमान को नहीं थी नीति की जानकारी

सूत्रों के अनुसार यह वाल्हा की जिम्मेदारी थी कि वह सलमान को 'हाथ नहीं मिलाने' की नीति के बारे में सूचित करें लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पाकिस्तानी कप्तान को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। पीसीबी के सूत्र ने कहा कि वाल्हा को टॉस के समय ही बयान जारी कर देना चाहिए था जब दोनों कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया था। नकवी जाहिर तौर पर गुस्से में थे क्योंकि उन्होंने इस मामले को अच्छी तरह नहीं संभाला।

### रिचर्डसन को रेफरी के रूप में चाहता है पीसीबी

पीसीबी चाहता था कि पाइक्रॉफ्ट को पूरे टूर्नामेंट से हटा दिया जाए लेकिन अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत के जय शाह की अध्यक्षता वाली आईसीसी द्वारा उनकी मांग को सिरे से खारिज करने के बाद वे खेलना जारी रखते हैं या नहीं। समझा जाता है कि पीसीबी सम्मानजनक समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है, जिसके तहत वह चाहता है कि पाइक्रॉफ्ट उनके मैचों में मैच रेफरी की भूमिका नहीं निभाएं। पीसीबी ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि बुधवार को यूएई के खिलाफ मैच में रिची रिचर्डसन रेफरी की भूमिका निभाए, लेकिन ऐसा होगा या नहीं यह बड़ा सवाल है।

# भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी का नया प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स, 579 करोड़ का सौदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑनलाइन गेम मंच ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद अपोलो टायर्स भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी का नया प्रायोजक होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

सरकार द्वारा पेश किए गए नए कानून के तहत ड्रीम 11 सहित वास्तविक धनराशि वाले गेमिंग मंच पर प्रतिबंध लगाने के बाद बीसीसीआई के पास टीम की जर्सी के लिए कोई प्रायोजक नहीं था। भारतीय टीम वर्तमान में दुबई में एशिया कप में बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अपोलो टायर्स से करार हो गया है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। तीन साल के इस सौदे की कीमत 579 करोड़ रुपये है। यह ड्रीम 11 के साथ इसी अवधि के लिए हुए 358 करोड़ के समझौते से ज्यादा है।

टायर क्षेत्र की इस बड़ी कंपनी के साथ हुए इस सौदे में 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।




- दुबई में आयोजित एशिया कप में बिना किसी जर्सी प्रायोजक के उतरी है भारतीय टीम

ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन' के कारण अपने वास्तविक धन वाले गेम बंद कर दिए हैं। अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाना, प्रेरित, लिप्त या संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए प्रोत्साहित करता हो।

# पाकिस्तान को जीतना होगा यूएई से मैच

**एशिया कप**

**दुबई, एजेंसी**

कमजोरियों और विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को बुधवार को एशिया कप में अपने अभियान को बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में हर विभाग में सुधार करना होगा।

भारतीयों के पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है और पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट के पाकिस्तान के अंतिम लीग मैच के दौरान रेफरी की भूमिका निभानी है। पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर कर देगी। भारत से मिली हार ने पाकिस्तानी टीम की कमजोरी को उजागर कर दी है। ओमान जैसी टीम को हराने के बाद पाकिस्तान को अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा।



**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफ्यान मोकिम।

**संयुक्त अरब अमीरात :** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतीउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान।

**मैच रात 8 बजे।**

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब बचाने के लिए उतरेंगे

**तोक्यो, एजेंसी**

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा बुधवार को क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे, जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

चोपड़ा का लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा। उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित हुई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे, जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था, जबकि चोपड़ा का थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक मिला था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। वेबर, पीटर्स, कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 के ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वाल्कोट, चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज और ब्राजील के लुईज़ दा सिल्वा बाकी स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं।




### नीरज के साथ होंगे सचिन यशवीर और रोहित

यह भारत के लिए ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ होंगे, जो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं।

# सिंधु चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीतीं, शेट्टी हारे

**शेनझेन (चीन), एजेंसी**

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने बुधवार को पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आयुष शेट्टी को पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। इस साल हांगकांग ओपन सहित छह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं के पहले दौर में हार का सामना करने वाली सिंधु अच्छी लय में नजर आईं और इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कुछ ही समय में अच्छी बढ़त बना ली और पहला गेम 10 मिनट से थोड़े अधिक समय में जीत लिया। दूसरे गेम में भी यही सिलसिला जारी रहा। पिछले दो मुकाबलों में डेनमार्क की खिलाड़ी को हराने वाली सिंधु ने 4-1 की बढ़त बनाई, लेकिन जैकबसन ने स्कोर 4-4 कर दिया। इसके बाद सिंधु ने अपने अनुभव और बेहतरीन तकनीक का नजारा पेश करते हुए प्रतिद्वंद्वी की चुनौती को ध्वस्त कर दिया। सिंधु ने लगातार छह अंक के साथ स्कोर 11-8 से 17-8 पर किया और फिर आसानी से कैच जीत लिया। पिछली बार जब दोनों खिलाड़ी मार्च में योनेक्स स्विस ओपन के शुरुआती दौर में भिड़ीं थी तो जैकबसन ने हार के बावजूद सिंधुको कड़ी टक्कर दी थी।

### शेट्टी बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ 27वें स्थान पर



आयुष शेट्टी

शेट्टी ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चेन ने निर्णायक गेम जीत लिया। शेट्टी की चेन के खिलाफ यह तीसरी हार है। इस साल ताइपे और अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में शेट्टी को हराने वाले चेन ने दबदबा बनाए रखा जबकि भारतीय खिलाड़ी ने भी कड़ी चुनौती दी। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी 13-13 से बराबर थे, जिसके बाद चेन ने चार अंक के साथ 17-13 की बढ़त बनाई और फिर मैच जीत लिया। शेट्टी को हालांकि उस समय सांत्वना मिली जब वह बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 27वें स्थान पर पहुंच गए। वह हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाई नेराओका को भी हराया था।



- भारतीय खिलाड़ी ने डेनमार्क की जैकबसन को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

# ऑस्ट्रेलिया ए ने कोंस्टास के शतक से बनाए 337 रन

**लखनऊ, एजेंसी**

सैम कोंस्टास की शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए कैंपबेल केलावे के साथ 198 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट के शुरूआती दिन भारत ए के खिलाफ मंगलवार को पांच विकेट पर 337 रन बना लिये। हर्ष दुबे ने तीन विकेट लेकर मैच में भारत ए की कुछ हद तक वापसी कराई। दुबे ने 21 ओवर में 88 रन देकर तीन विकेट झटके।

कोंस्टास ने भारतीय टीम के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पदार्पण मैच में आक्रामक पारी से प्रभावित किया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के रिकार्डधारी दुबे की गेंद पर आउट होने से पहले परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए 144 गेंद की पारी में 10 चौके और तीन छक्कों की मदद से 109 रन बनाये। इस 19 साल के खिलाड़ी को केलावे का शानदार साथ मिला जिन्होंने 97 गेंद में 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 88 रन बनाये। कोंस्टास और केलावे की जोड़ी ने भारतीय टेस्ट गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा सहित अन्य गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखा कर टीम को 38वें ओवर में 200 रन के करीब पहुंचा दिया। इस साझेदारी को गुरनूर बरार (47 रन पर एक विकेट) ने केलावे तनुष कोटियान के हाथों कैच कराकर तोड़ा।



हर्ष दुबे

- हर्ष दुबे ने 21 ओवर में 88 रन देकर लिए तीन विकेट

**दूसरा महिला वनडे** | तीन मैच की शृंखला में वापसी के लिए दूसरे क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी**

खराब फील्डिंग के कारण पहले महिला वनडे क्रिकेट मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की शृंखला में वापसी करनी है तो उसे बुधवार को दूसरे मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसने प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना और हरीन देओल के अर्धशतकों की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लेकिन भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही जो हार की वजह बनी। भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप की तैयारी में जुटी है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में गलती का उसे बड़ा नुकसान होगा। पहले वनडे में भारतीय खिलाड़ियों ने चार कैच छोड़े जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया 281 रन के लक्ष्य को हासिल किया। भारत को अगर दूसरे वनडे में जीत हासिल करनी है तो उसे फील्डिंग में सुधार करना पड़ेगा। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा है उसे देखते हुए उसने खुद को आठवां विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बना दिया है। एलिसा हीली की टीम विश्व कप से पहले अपना विजय अभियान जारी रखने को प्रतिबद्ध होगी। घरेलू परिस्थितियां और पिचें अनुकूल हैं, लेकिन भारतीय टीम लड़खड़ा गई और इसका दोष क्षेत्ररक्षण, मध्य व निचले क्रम की बल्लेबाजी और स्पिनरों को दिया जा सकता है।



चंडीगढ़ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे मैच से पहले प्रशिक्षण सत्र के दौरान अभ्यास करतीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।

### मंधाना फिर बनीं दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज

**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अर्धशतक जड़ने के दम पर मंगलवार को जारी आईसीसी की महिला बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक स्थान फिर से हासिल किया। मंधाना ने तीन मैचों की शृंखला के पहले मैच में 58 रन बनाए थे। वनडे में फिर से दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनने से मंधाना का 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। मंधाना के अर्धशतक से उन्हें सात रेटिंग अंक मिले और वह इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट से चार अंक आगे हो गईं, जो दूसरे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 735 जबकि साइवर-ब्रंट के 731 रेटिंग अंक हैं। प्रतीका रावल चार स्थान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज हरलीन देओल 43वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी पांचवें, जबकि एनाबेल सदरलैंड (चार स्थान ऊपर) और फोबे लिचफील्ड (13 स्थान ऊपर) ने 25वां स्थान पाया है।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**मैच : दोपहर 1:30 बजे।**